21:10:2023


web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 288 | epaper.rashtriyakhabar.com | आश्विन, शुक्लपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080



## शारदीय नवरात्र

### सप्तमम् कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयन्करि॥

## विदुर नीति

तथैव योगविहितं यत्तु कर्म न सिध्यति।
उपाययुक्तं मेधावी न तत्र ग्लप येनमनः॥
अनुबंधान पेक्षेत सानुबंधेषु कर्मसु।
सम्प्रधार्य च कुर्वीत न वेगेन समाचरेत॥

**भावार्थ** : सद् उपायों द्वारा भी जो कार्य सिद्ध न हो पाए उसके लिए बुद्धिमान को दुःख नहीं मानना चाहिए। जिस कार्य को किया जाना हो पहले उसके प्रयोजन को भली प्रकार समझ लेना चाहिए, तभी वह कार्य शुरू करना चाहिए। हड़बड़ी में बिना विचारे ही काम नहीं करना चाहिए।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .18 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .48 बजे

## साल का अंतिम चंद्रग्रहण 28 अक्टूबर को

**नयी दिल्ली**: वर्ष 2023 का अंतिम चंद्रग्रहण 28-29 अक्टूबर की रात को शरद पूर्णिमा को लगेगा और यह भारत में आंशिक रूप से दिखाई देगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 28 अक्टूबर की आधी रात को चंद्रमा उपछाया में प्रवेश करेगा और ग्रहण की अवधि 29 अक्टूबर के शुरुआती घंटे होगी। ग्रहण मध्यरात्रि के आसपास भारत के सभी भागों में दिखाई देगा। इसके साथ चंद्रग्रहण पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, पूर्वी दक्षिण अमेरिका, उत्तर-पूर्वी अमेरिका, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर तथा दक्षिण प्रशांत महासागर के क्षेत्रों से दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि भारत में दिखाई देने वाला अगला चंद्र ग्रहण सात सितंबर 2025 को होगा यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा।

## राष्ट्रव्यापी खादी महोत्सव 31 अक्टूबर तक

**मुंबई**: मुंबई में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अन्य मंत्रालयों के समन्वय से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) मंत्रालय के तहत इस महीने खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन टैगलाइन के साथ खादी महोत्सव शुरू किया है। यह महोत्सव देश भर में दो अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। केवीआईसी की ओर से शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि इसका उद्देश्य खादी और ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादों, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट उत्पादों और स्थानीय स्तर पर निर्मित विभिन्न पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों के उत्पादों को बढ़ावा देना तथा वोकल फॉर लोकल अभियान और आत्मनिर्भर भारत के विचार को और बढ़ावा देना है।

## भेड़ मालिक को डंडे से पीट-पीटकर की हत्या

**सीहोर**: मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के भेरुन्दा थाने में आपसी कहासुनी के बाद एक नौकर ने अपने मालिक की हत्या कर दी। भेड़ों को चराने वाले नौकर ने अपने ही मालिक से वेतन के 10 हजार रुपए मांगे थे। मालिक के देने से इंकार करने पर आवेश में आकर नौकर ने मालिक को डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजस्थान के उदयपुर जिले के गांव कलवा निवासी बद्रीप्रसाद (70) की भेड़ों को लेकर नीमच जिले के अथवाखुर्द निवासी भैरवलाल राजस्थान से मध्यप्रदेश में लेकर आया था। इस दौरान वह सीहोर की ओर से भेड़ों को लेकर भैरूंदा की ओर आ रहा था।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उद्घाटन** भारत की पहली रैपिडएक्स ट्रेन सेवा का हुआ शुभारंभ

# नमो भारत, भविष्य के भारत की झलक : मोदी

- शिलान्यास करते हैं तो उदघाटन भी करते हैं
- दस साल में पूरी बदल जाएगी भारतीय रेल
- हर विषय पर तरक्की कर रहा अपना भारतवर्ष


**राष्ट्रीय खबर**



**गाजियाबाद** : देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन नमो भारत को राष्ट्र को समर्पित करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह ट्रेन भविष्य के नये भारत की झलक प्रस्तुत करती है। श्री मोदी ने साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक शुरु की गयी रैपिडएक्स रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि नमो भारत ट्रेन नए भारत को परिभाषित करती है। आज हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। नमो भारत ट्रेन नए भारत का संकल्प है।
यह पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होने देशवासियों से संकल्प भी लिया कि रेल उनकी संपत्ति है और इसको किसी भी प्रकार से नुकसान नहीं पहुंचायेंगे और न ही किसी को ऐसा करने की इजाजत देंगे। विपक्षी दलों पर तंज कसते हुये उन्होने कहा लगभग चार साल पहले मैंने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी।
आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक के हिस्से पर नमो भारत का संचालन प्रारंभ हो गया है। जिसका शिलान्यास हम करते हैं उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। इसका मेरठ वाला हिस्सा एक डेढ़ साल के बाद पूरा होगा, उस समय भी मैं आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा। उन्होने कहा शताब्दी का तीसरा दशक भारतीय रेल के कायाकल्प होने का दशक है। इस दस साल में पूरी रेल आपको बदली नजर आयेगी। मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है और न ही मरते मरते चलने की आदत है। आज की युवा पीढी को गांरटी देना चाहता हूं कि दशक के अंत तक भारत की ट्रेनों को दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं पायेंगे।
अब यात्रियों को ट्रेन से उतरने के बाद घर और दफ्तर के लिये दूसरा साधन नहीं तलाश करना पड़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि बदलते भारत में देशवासियों का जीवन स्तर सुधरे। लोग स्वच्छ हवा में सांस लें। कूड़े करकट के ढेर हटें। यातायात के अच्छे साधन हो। इलाज की अच्छी व्यवस्था हो।
आज का भारत दुनिया में सबसे ज्यादा डिजिटल लेन-देन करता है। उन्होने कहा कि आज बेंगलुरु में मेट्रों की दो लाइनों को भी देश को समर्पित किया गया है। इससे बेंगलुरु के आईटी हब की कनेक्टिविटी और बेहतर हुई है। बेंगलुरु में हर रोज लगभग आठ लाख लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं। 21वीं सदी का हमारा भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति की नई गाथा लिख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा अभी मुझे इस आधुनिक ट्रेन से यात्रा का भी अनुभव प्राप्त हुआ है। मैंने तो बचपन रेलवे प्लेटफार्म पर बिताया है और आज रेलवे का ये नया रूप मुझे सबसे ज्यादा आनंदित करता है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे भारत ने हमें नए भारत की झलक दिखाई। आज देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य नए बुनियादी ढांचे का गवाह बन रहा है। यह डबल इंजन सरकार का प्रयास है कि आज यूपी के पांच शहरों में मेट्रो रेल सेवाएं हैं। जनवरी में मेट्रो रेल आगरा में भी सेवाएं शुरू होंगी। वाराणसी में भी रोपवे सेवा का निर्माण कार्य चल रहा है।

चक्रवाती तूफान की परिस्थिति बंगाल की खाड़ी में बनी

# दुर्गापूजा के अंतिम दो दिन होगी बारिश



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता**: पूजा के मुहाने पर बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का एक क्षेत्र बना हुआ है। इस बारे में पहले से ही अनुमान व्यक्त किया गया था। अब मौसम वैज्ञानिकों को लग रहा है कि यह धीरे धीरे मजबूत हो रहा है। अगले दो दिनों में इसकी परिस्थिति और स्पष्ट होगी और अगर वाकई ऐसा हुआ तो नवमी के दिन से बारिश हो सकती है। इससे पहले दुर्गा पूजा के दिनों में कहीं भी भारी बारिश होने की संभावना नहीं है। अलीपुर मौसम विभाग ने कहा, मुख्य रूप से हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से दक्षिण बंगाल के निचले इलाकों में प्रवेश कर रही है। इसके चलते 20 अक्टूबर तक मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। पूजा के अंत में कुछ जिलों में बारिश होने की संभावना है।
मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार से अगले रविवार तक दक्षिण बंगाल में कहीं भी बारिश नहीं होगी। अष्टमी तक सभी जगह शुष्क मौसम रहेगा। लेकिन नवमी से मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है। कोलकाता के अलावा दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, हावड़ा, हुगली और पूर्वी मिदनापुर के कुछ हिस्सों में नवमी के दिन बहुत हल्की बारिश होने की संभावना है। दसवें दिन बारिश अधिक होगी। मौसम विभाग के मुताबिक दशमी के दिन भी ये छह जिले हल्की से मध्यम बारिश से भीग सकते हैं। उस दिन बारिश की 70 से 80 फीसदी संभावना है। शेष दक्षिणी जिलों में दशमी के दिन बादल छाये रह सकते हैं और छिटपुट हल्की बारिश हो सकती है। नवमी में बारिश की संभावना काफी कम (सिर्फ 30-40 फीसदी)

›› पेज 2 भी देखें

एनआईए ने बिष्णुपुर बमविस्फोट मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया

# व्यापक तलाशी में ढेर सारे हथियार बरामद

- हिंसाग्रस्त मणिपुर में सुरक्षाबलों की कड़ी कार्रवाई
- तलाशी में 36 हथियार, 1615 विस्फोटक जब्त हुए
- एनआरसी के पक्ष में छात्र निकाय एकजुट हुए

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी** : हिंसा प्रभावित मणिपुर में इंफाल पूर्व में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आज 36 हथियार, 1615 विस्फोटक जब्त किए हैं।अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने बुलेटप्रूफ जैकेट, वॉकी टॉकी सेट सहित 132 युद्ध जैसे सामान भी बरामद किए। बरामद हथियारों में तीन एके 47/56 राइफल और कार्बाइन मशीन गन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब्त सामान को सगोलमांग पुलिस थाने को सौंप दिया गया है।पुलिस ने बताया कि इंफाल पूर्वी जिले के सागोलमांग पुलिस थाना क्षेत्र के तहत शांतिपुर, खामेनलोक और वाकन इलाकों से गुरुवार को हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए।जब्त किए गए हथियारों में एके 47/56 की तीन संख्या सहित 36 हथियार, चार कार्बाइन मशीन गन, सात एसएलआर और 1,615 हथगोलों सहित 82 गोला-बारूद और विस्फोटक शामिल हैं।अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने बुलेटप्रूफ जैकेट,वॉकी टॉकी सेट सहित 132 युद्ध जैसे सामान भी बरामद किए। बरामद हथियारों में तीन एके 47/56 राइफल और कार्बाइन मशीन गन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब्त सामान को सगोलमांग

›› पेज 2 भी देखें

## आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की याचिका खारिज



**नईदिल्ली**: आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका मिला है। कथित शराब घोटाला मामले में अपनी रिमांड और गिरफ्तारी के खिलाफ सिंह से याचिका दायर की थी। जिसको कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दिया। अभी फिलहाल, उनके ऊपर ट्रायल कोर्ट का आदेश लागू रहेगा।सांसद संजय सिंह ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा उन्हें दी गई रिमांड को भी चुनौती दी थी। जिस पर कोर्ट ने सुनवाई की। उधर, ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब समाप्त हो चुकी दिल्ली शराब नीति को तैयार और लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसका उद्देश्य कथित तौर पर कुछ शराब निमार्ताओं, थोक और खुदरा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाना था। राज्यसभा सांसद संजय सिंह को उनके आवास पर केंद्रीय एजेंसी की तलाशी के बाद 4 अक्टूबर को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। 5 अक्टूबर को उन्हें 10 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था। उनकी रिमांड 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी।

## जासूसी के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली: गुजरात एटीएस ने जासूसी के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 53 वर्षीय लाभशंकर महेश्वीर के रूप में की गई है। एटीएस ने मिलिट्री और एयर फोर्स से मिली इंटेलिजेंस के इनपुट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि इसी साल जुलाई में एमआई अधिकारियों को एक पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) द्वारा चलाए जा रहे एक नापाक अभियान का पता लगाया था। जिसमें एक व्हाट्सएप नंबर के जरिए सुरक्षा बलों के जवानों के एंड्रॉइड मोबाइल हैंडसेट में 15 अगस्त के पहले हर घर तिरंगा अभियान के नाम पर एंड्रॉइड एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा गया।

विदेशों मे ठगी करने वालों पर देश भर में छापामारी

# सीबीआई ने चीनी संपर्क की कंपनियों को दबोचा

**राष्ट्रीय खबर**



**नई दिल्ली**: सीबीआई ने साइबर ठगी के बड़े गोरखधंधे का पदार्फाश किया है। इस क्रम में देश भर में 72 स्थानों पर छापेमारी की गयी है। इनमें कथित तौर पर तकनीकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट और अमेजॅन के तकनीकी सहायता प्रतिनिधियों के रूप में छद्मवेशी बनकर विदेशी नागरिकों को धोखा देने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। सीबीआई सूत्रों ने कहा कि चीनी लिंक वाली कंपनियों से जुड़ी क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी से संबंधित तीन अन्य मामलों में भी तलाशी ली गई। यह तलाशी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली सहित कई राज्यों में की गई। एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा, वे सीबीआई के ऑपरेशन चक्र 2' का हिस्सा थे, जिसका उद्देश्य संगठित साइबर-सक्षम वित्तीय अपराधों से लड़ना और उन्हें खत्म करना था।
अधिकारी ने कहा, यह ऑपरेशन माइक्रोसॉफ्ट और अमेजॅन के साथ-साथ अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से आयोजित किया गया था। सीबीआई के एक सूत्र के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट ने शुरूआती दो मामलों में एक साल तक जांच की, जिसमें नौ भारत-आधारित कंपनियों का खुलासा हुआ, जो टेक दिग्गज की नकल कर रही थीं और यूके और यूएस के विदेशी नागरिकों को धोखा दे रही थीं। ऐसा पता चला है कि माइक्रोसॉफ्ट की पूछताछ में पता चला है कि इनमें से छह कंपनियां धोखाधड़ी से अमेजॅन की पहचान का भी उपयोग कर रही थीं। बाद में दोनों तकनीकी दिग्गजों ने प्रासंगिक डेटा इकट्ठा करने के लिए सहयोग किया और संयुक्त रूप से एक व्यापक जांच

›› पेज 2 भी देखें

**आविष्कार** अन्य स्मार्ट उपकरणों की तरह ही स्वास्थ्य निगरानी में मददगार

# पहनने योग्य उपकरण तो बिजली पैदा करता है

- यह एक स्ट्रेचेबल उपकरण है
- नैनोमैटेरियल से तैयार किया गया
- एक वोल्ट की बिजली पैदा करता है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची**: स्मार्ट उपकरण पहले से ही बाजार में आ चुके हैं। अब उससे आगे इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है कि ऐसे उपकरण इस्तेमाल करने वाले के शरीर के अंदर का हाल बताते रहें और किसी गड़बड़ी की पूर्व चेतावनी जारी कर सके। इसी कड़ी में अब शोधकताओं ने एक प्रयोगात्मक पहनने योग्य उपकरण का आविष्कार किया है जो उपयोगकर्ता की झुकने वाली उंगली से बिजली उत्पन्न करता है और स्वास्थ्य निगरानी और अन्य प्रौद्योगिकियों की दिशा में एक आशाजनक कदम में मेमोरी बना और रिकार्ड कर सकता है। इस नवोन्मेष में एक एकल नैनोमटेरियल को शामिल किया गया है जो एक व्यक्ति की उंगली पर फिट किए जाने वाले स्ट्रेचेबल आवरण में शामिल है। नैनोमटेरियल ने डिवाइस को उपयोगकर्ता को अपनी उंगली झुकाकर बिजली उत्पन्न करने में सक्षम

**वरिष्ठ प्रमुख शोधकर्ता डॉ. अली जवाबेटी ने कहा कि**


इस आविष्कार को मेडिकल पहनने योग्य उपकरण बनाने के लिए विकसित किया जा सकता है जो महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करते हैं – शोधकताओं के हालिया काम को एक समान सामग्री के साथ शामिल करते हैं जो गैस सेंसिंग को सक्षम बनाता है – और व्यक्तिगत डेटा को याद रखता है। आरएमआईटी और विश्वविद्यालय के एक इंजीनियर जवाबेटी ने कहा, नवाचार का उपयोग हमारे प्रयोगों में नैनोस्केल में छवियों को लिखने, मिटाने और फिर से लिखने के लिए किया गया था, इसलिए इसे संभवतः एक दिन में बैंक नोटों, मूल कला या प्रमाणीकरण सेवाओं को एन्कोड करने के लिए विकसित किया जा सकता है। टीम का शोध एडवांस्ड फंक्शनल मटेरियल्स में प्रकाशित हुआ है। टीम का कहना है कि अध्ययन से पता चला है कि उनका आविष्कार मानवीय गतिविधियों से जुड़ी गतिविधियों, जैसे स्ट्रेचिंग, के प्रति असाधारण प्रतिक्रिया प्रदर्शित करता है, जो इसे पहनने योग्य प्रौद्योगिकियों के लिए एक आशाजनक उम्मीदवार बनाता है।

›› पेज 2 भी देखें

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगा एक और झटका

# वकील सिडनी पॉवेल ने खुद को दोषी माना

**राष्ट्रीय खबर**



**जॉर्जिया**: डोनाल्ड ट्रम्प के पूर्व वकील सिडनी पॉवेल ने मुकदमा शुरू होने से एक दिन पहले जॉर्जिया चुनाव तोड़फोड़ मामले में खुद को दोषी मान लिया है। अपनी दोषी याचिका के हिस्से के रूप में, पॉवेल जनवरी 2021 में जॉर्जिया के ग्रामीण कॉफी काउंटी में चुनाव प्रणाली के उल्लंघन में अपनी भूमिका स्वीकार कर रही है। स्थानीय जीओपी अधिकारियों की मदद से, ट्रम्प समर्थकों के एक समूह ने किसी तरह यह साबित करने की उम्मीद में काउंटी की चुनाव प्रणालियों से जानकारी हासिल की कि ट्रम्प के खिलाफ चुनाव में धांधली हुई थी। फुल्टन काउंटी अभियोजक छह साल की परिवीक्षा की सजा की सिफारिश कर रहे हैं। पॉवेल को भविष्य के परीक्षणों में

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## पेरेंट्स एसोसिएशन ने दी बधाई

**रांची:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री दास को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं कार्यसमिति सदस्य नीरज भट्ट, संजीव दत्ता ने आज खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि झारखंड के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उड़ीसा का राज्यपाल बनाया गया है। श्री दास ने झारखंड मे अपने दायित्व को बेखूबी से निभाया तथा अब उनका अनुभव का लाभ उड़ीसा की जनता एवं सरकार को मिलेगा। वे झारखंड में एक अच्छे प्रशासक के रूप में रहे एवं उन्होंने सदैव जनता के प्रति काफी सेवा किया, झारखंड एवं उड़ीसा की संस्कृति एक है, एवं दोनों भरपूर खनिज संपदा भरा हुआ राज्य है।

हिरासत

### आठ दिनों की ईडी को मिली रिमांड

# चर्चित शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को ईडी ने कोर्ट में किया पेश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** शराब घोटाला मामले में अवैध तरीके से पैसा कमाने वाले योगेंद्र तिवारी को गुरुवार की शाम गिरफ्तार करने के बाद ईडी की टीम ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जहां ईडी ने योगेंद्र तिवारी को 14 दिनों की रिमांड देने का कोर्ट से अनुरोध किया। जिस पर कोर्ट ने फिलहाल ईडी को 8 दिन की रिमांड की इजाजत दी है। ईडी द्वारा 14 दिन की रिमांड मांगे जाने पर योगेन्द्र तिवारी के अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने 8 दिन की रिमांड दी है।बता दें कि योगेन्द्र तिवारी झारखंड के बड़े शराब और बालू कारोबारी हैं। योगेन्द्र तिवारी के खिलाफ देवघर, जामताड़ा और संथाल परगना में कई मामले दर्ज हैं। अगस्त महीने में कारोबारी योगेन्द्र तिवारी के कई ठिकानों पर ईडी की टीम ने छापेमारी की थी, जहां ईडी की टीम को कई अहम दस्तावेज भी मिले थे। इससे पहले भी आयकर विभाग द्वारा योगेन्द्र तिवारी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। जिसमें आयकर विभाग ने शराब कारोबारी योगेन्द्र तिवारी पर टैक्स चोरी का आरोप लगाया था। ईडी ने कोर्ट को यह भी बताया कि योगेन्द्र तिवारी के प्रेम प्रकाश से भी संबंध हैं।शराब घोटाला मामले में योगेन्द्र तिवारी की गिरफ्तारी ईडी के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक यह भी बताया जा रहा है कि योगेन्द्र तिवारी की गिरफ्तारी के बाद कई शराब माफियाओं की भी गिरफ्तारी हो सकती है। फिलहाल, पूछताछ में मिली शराब घोटाले की जानकारी के बाद ईडी शराब कारोबारी योगेन्द्र तिवारी से अगले 8 दिनों तक पूछताछ करेगी। मामले में ईडी की टीम और भी खुलासे कर सकती है।



## मुख्यमंत्री जनता को दिगभ्रमित करने का असफल प्रयास कर रहे हैं :प्रतुल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घोषणावीर मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने आज कहा कि श्री सोरेन अपने कार्यकाल के अंतिम चंद महीनों में घोषणाओं की झड़ी लगाकर जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। श्री शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना की घोषणा 15 अगस्त को ही की थी।लेकिन आज तक इस योजना के लिए 15000 करोड रुपए बजट का प्रावधान कैसे होगा, इसका कोई स्पष्ट जिक्र नहीं किया। ना ही इस योजना के लिए कहां पर आवेदन देना है यह भी स्पष्ट नहीं है। जाहिर तौर पर मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में अपने वायदे को पूरा करने का नाटक कर रहे हैं। लेकिन जनता असलियत जानती है। श्री शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसी तरह ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की और उसमें सब्सिडी देने की घोषणा की। लेकिन उसके डिलीवरी मेकैनिज्म को इतना पेचीदा बना दिया कि लाभुकों को शायद ही इसका लाभ मिल पाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए प्रचार पर खर्च करके गरीबों के लिए प्रति लीटर पेट्रोल में ?25 सब्सिडी की घोषणा की थी। चंद महीनों में ये घोषणा हवा हवाई हो गई और अब इसका लाभ उठाने वाले लोगों की संख्या नगण्य हैं। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस सब्सिडी का लाभ लेने वाले लोगों की माहवार सूची जारी करें ।

### सीटों की संख्या बढ़े और इसके आधार पर विधान परषिद का गठन हो

# नई सोच के साथ नए नेतृत्व को आगे आना होगा : सुदेश महतो

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**झारखंड राज्य में सीटों की संख्या बढ़े और इसके आधार पर विधान परषिद का गठन हो यह हमारा लक्ष्य और यह राज्य के लिए भी आवशयक है। राज्य के विकास के लिए काम करने के लिए सिर्फ राजनीतिक अनुभव या राजनीति के माध्यम से जीत कर आने वाला व्यक्ति ही काम कर सकता है इस अवधारणा को बदलना होगा और अलग अलग सेक्टर में योगदान देने वाले और अपने अनुभव से झारखंड के लिए बेहतर काम करने वाले लोग राज्य को नेतृत्व दें इस दिशा में काम करने की आवशकता है। नई सोच के साथ नए नेतृत्व को आगे आना होगा। सभी हकदार को भागीदार बनाना हमारा लक्ष्य है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में यह बात कही। इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी ब्रज मोहन कुमार और आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व वार्ड पार्षद सोनू सिंह ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की। ब्रज मोहन बिहार अभियंत्रण सेवा में रहते हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता के पद पर रहे। भारतीय प्रशासनिक सेवा में सचिव स्तर के अधिकारी रहते हुए एमडी झारखंड आवास बोर्ड, विशेष सचिव उच्च शिक्षा, प्रशासक स्वर्णरेखा परियोजना, कमिश्नर कोल्हान रहे हैं। पार्टी में शामिल हुए पूर्व आईएएस अधिकारी ब्रज मोहन कुमार का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि ब्रज मोहन के लंबे प्रशासनिक अनुभव का लाभ राज्य और पार्टी को मिलेगा। इन्होंने अपने कार्य अवधि के दौरान जो समाज के लोगों की सेवा की है उसे अब आगे ले जाने के लिए उन्हें पार्टी प्लेटफॉर्म देगी। पूर्व आईएएस अधिकारी ब्रज मोहन कुमार ने पार्टी की सदयस्ता लेते हुए कहा कि सुदेश जी का नेतृत्व और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों से प्रभावित होकर आजसू में शामिल हो रहा हूँ। मुझे शुरू से ही समाज के लिए कुछ बेहतर करने की इच्छा रही हैइसी के तहत रिटायरमेंट के बाद राजनीति से जुड़ कर लोगों के हित के लिए काम करने के लिए आजसू पार्टी से बेहतर कोई राजनीतिक विकल्प नहीं दिखा।

# भाजपा के खिलाफ झारखंड में इंडिया दलों के नेताओं ने तो मिला लिया हाथ, क्या मिल पाए कार्यकताओं के दिल?

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 2024 लोकसभा चुनाव में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का गठन हो चुका है। कांग्रेस, राजद, झामुमो, आप, वामदल, जदयू, राकांपा समेत बड़ी संख्या में भाजपा विरोधी दलों के नेताओं ने हाथ मिला लिया है, लेकिन क्या इन दलों के कार्यकताओं के दिल मिल पाए हैं? ये बड़ा सवाल है।झारखंड में कांग्रेस के लोकसभा प्रभारियों और संयोजकों के साथ गुरुवार को हुई वर्चुअल बैठक में अलग-अलग प्रभारियों ने जो विचार व्यक्त किये उससे यह संकेत मिलता है कि पार्टियों के नेता भले ही एक हो गये हैं, लेकिन कार्यकताओं का दिल अब तक




नहीं मिल पाया है।कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे द्वारा ली गयी वर्चुअल मीटिंग में लोकसभा प्रभारियों ने अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में वहां के स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं के साथ हुई बैठक का फीडबैक भी साझा किया। इस दौरान पलामू लोकसभा सीट के प्रभारी मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राजद अब यहां पहले जितनी ताकतवर नहीं रही। पलामू के कांग्रेस नेताओं की इच्छा है कि अगर कांग्रेस इस सीट पर चुनाव लड़ती है, तो कार्यकर्ता उत्साह के साथ चुनाव की तैयारी में जुट जायेंगे। मंत्री रामेश्वर उरांव ने प्रभारी से पलामू कार्यकताओं की राय से आलाकमान को अवगत कराने का अनुरोध किया।राजमहल लोकसभा सीट फिलहाल जेएमएम के पास है। विजय हांसदा वहां से सांसद भी हैं। लेकिन कांग्रेस की वर्चुअल बैठक में वहां के प्रभारी प्रदीप यादव ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के साथ बैठक में यह बात सामने आई है कि वहां के सांसद का व्यवहार कांग्रेस कार्यकताओं के लिए अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में राजमहल के स्थानीय कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता चाहते हैं कि भले ही गठबंधन में झामुमो के पास एक सीट हो, लेकिन कम से कम उम्मीदवार का चेहरा बदला जाना चाहिए। इसी तरह अन्य क्षेत्रों के लोकसभा प्रभारियों ने भी अन्य क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकताओं की राय से प्रभारी को अवगत कराया।

## सीएम हेमंत सोरेन और बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को दी जन्मदिन की बधाई

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने राज्यपाल के स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की है। बता दें कि सीपी राधाकृष्णन झारखंड के दसवें राज्यपाल हैं। उन्होंने इसी साल जनवरी में झारखंड के राज्यपाल का पदभार ग्रहण किया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडू के तिरुपपुर में हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उनके जन्मदिन की बधाई दी है। सोशल साइट पर उन्होंने लिखा है कि झारखंड राज्य के माननीय राज्यपाल आदरणीय सीपी राधाकृष्णन जी को जन्मदिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। आगे उन्होंने लिखा है कि परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करे, यही कामना करता हूं। वहीं राज्यपाल ने जन्मदिन की बधाई देने के लिए सीएम हेमंत सोरेन को धन्यवाद कहा है।वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को जन्मदिन की बधाई दी है। सोशल मीडिया साइट पर उन्होंने राज्यपाल को बंधाई संदेश भेजा है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि झारखंड के महामहिम राज्यपाल आदरणीय श्री सीपी राधाकृष्णन जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आगे उन्होंने लिखा है कि वो बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की मंगल कामना करता हूं।

कार्यक्रम

### कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटे भाजपाई,मेरी माटी- मेरा देश कार्यक्रम का होगा समापन

# बीजेपी की संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड बीजेपी की कमान संभालने के बाद हेमंत सरकार के खिलाफ संकल्प यात्रा पर निकले प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की यह यात्रा अब अंतिम पड़ाव में है। 28 अक्टूबर को हरमू मैदान में संकल्प यात्रा का समापन होगा।17 अगस्त 2023 को राज्य सरकार की विफलताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ संकल्प यात्रा पर निकले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस दौरान राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनता से सीधा संवाद करने की कोशिश की। भारतीय जनता पार्टी ने इस संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए आने वाले समय में इसका लाभ मिलने की उम्मीद जतायी है। अब तक 71




विधानसभा क्षेत्र में आठ चरणों में यह यात्रा पूरी हो चुकी है। शेष बचे विधानसभा का रांची के हरमू मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा समापन समारोह के दौरान पूरा हो जाएगा।17 अगस्त 2023 को राज्य सरकार की विफलताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ संकल्प यात्रा पर निकले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस दौरान राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनता से सीधा संवाद करने की कोशिश की। भारतीय जनता पार्टी ने इस संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए आने वाले समय में इसका लाभ मिलने की उम्मीद जतायी है। अब तक 71 विधानसभा क्षेत्र में आठ चरणों में यह यात्रा पूरी हो चुकी है। शेष बचे विधानसभा का रांची के हरमू मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा समापन समारोह के दौरान पूरा हो जाएगा।भाजपा प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 28 अक्टूबर को हरमू मैदान में आयोजित समापन समारोह में रांची, हटिया, कांके, मांडर, खिजरी और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त सभा होगी। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। समापन कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संबोधन होगा। प्रदेश प्रभारी के अलावे कई केंद्रीय मंत्रियों को इसके लिए आमंत्रित किया गया है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की वजह से अभी तक इन लोगों का कार्यक्रम तय नहीं हो पाया है।

संकल्प यात्रा के साथ-साथ 28 अक्टूबर को मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का भी समापन होगा। जिसमें अमृत वाटिका के निर्माण के लिए गांव-गांव से लायी गई मिट्टी को कलश में भरकर रांची के हरमू मैदान लाया जाएगा। प्रदीप वर्मा ने बताया कि इसमें 263 प्रखंड और 49 नगर निकाय क्षेत्र को मिलाकर 312 कलश पूरे प्रदेश भर से ले जाया जाएगा। सभी कलश को नई दिल्ली भेजा जाएगा।

## पेज एक का शेष

### दुगार्पूजा के अंतिम दो दिन .. ..

है। दूसरी तरफ भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अरब सागर में विकसित होने वाले चक्रवाती तूफान के कारण मुंबई, भारत में मौसम परिवर्तन के बारे में चेतावनी जारी की है। आईएमडी के मौसम अपडेट में बताया गया कि अगले 48 घंटों में दक्षिण-पूर्व और इससे सटे पूर्व-मध्य अरब सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है। इस कम दबाव वाले क्षेत्र के 21 अक्टूबर के आसपास मध्य अरब सागर के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। आईएमडी ने मछुआरों को महाराष्ट्र तट और दक्षिण गुजरात तट के आसपास समुद्र में जाने से बचने की सलाह दी है। महाराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के तट के किनारे के निवासियों को नवीनतम मौसम अपडेट से अवगत रहने और स्थानीय अधिकारियों के निदेर्शों का पालन करने की सलाह दी जाती है। यदि किसी उष्णकटिबंधीय तूफान का विकास होता है तो नामकरण प्रक्रिया के अनुसार उसका नाम तेज रखा जाएगा।

### व्यापक तलाशी में ढेर .. ..

पुलिस थाने को सौंप दिया गया है।मणिपुर पुलिस के 132वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को कहा कि राज्य की पुलिस को अपराधों को रोकने और संपत्ति की रक्षा के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वेच्छा से हथियार आत्मसमर्पण करने वालों के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी।हालांकि, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 21 जून को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाक्ता में हुए बम विस्फोट में एक दूसरे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एनआईए ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर आज दूसरे आरोपी मोहम्मद इस्लाउद्दीन खान को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने बिष्णुपुर जिले में तिद्दीम रोड पर फूगाकचोउ, इखाई, अवांग लेइकाई और क्वाक्ता के इलाके में स्थित एक पुल के ऊपर खड़े आईईडी से लदी स्कॉर्पियो वाहन में बम विस्फोट में इस्लाउद्दीन की संलिप्तता का पता लगाया था। गिरफ्तारी के बाद इस्लाउद्दीन को इंफाल में न्यायिक अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने आरोपी को सात दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। इससे पहले, एनआईए ने असम पुलिस के साथ मिलकर मामले के पहले आरोपी मोहम्मद नूर हुसैन को असम के कछार जिले के सिलचर से गिरफ्तार किया था।

उल्लेखनीय है कि विस्फोट के प्रभाव के कारण तीन लोग घायल हो गए और पुल के साथ-साथ आसपास के घर क्षतिग्रस्त हो गए।दूसरी ओर, मणिपुर में नार्को-आतंकवाद का मुकाबला करने और एनआरसी लागू करने की वकालत करने के लिए 6 छात्र निकाय एकजुट हो गए हैं।एएमएसयू, एमएसएफ, डीईएसएएम, केएसए, एसयूके, और एआईएमएस सहित मणिपुर के छह छात्र संगठनों ने 19 अक्टूबर, 2023 को खुमान लम्पक (इम्फाल ईस्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में 'एखोइगी तुंगलमचाट कल्लासी' (चलो अपना भविष्य बचाएं) विषय के तहत 'यूनाइटेड स्टूडेंट्स कन्वेंशन' का आयोजन किया। सम्मेलन में विभिन्न सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 15,000 छात्रों ने भाग लिया।बेहतर मणिपुर के लिए संकल्प हैं कि

नार्को-आतंकवाद को जड़ से उखाड़नाः छात्रों ने मणिपुर से नार्को-आतंकवाद को खत्म करने की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया है ताकि चल रही नार्को-आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करके मौजूदा संकट में स्वदेशी समुदायों की रक्षा की जा सके। एनआरसी को लागू करना, विदेशी घुसपैठ के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ स्वदेशी समुदायों की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता में, छात्र अवैध प्रवासियों की पहचान करने और निर्वासित करने के लिए राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के कार्यान्वयन के लिए प्रदर्शन करना जारी रखेंगे।

### सीबीआई ने चीनी संपर्क .. .. ..

के लिए सीबीआई के पास एक औपचारिक शिकायत दर्ज की। सूत्र ने कहा, ये नौ कंपनियां या कॉल सेंटर बड़े परिचालन वाले बड़े प्रतिष्ठान थे जो आयकर भी दे रहे थे। इन्हें भारत से संचालित किया जा रहा था और इनकी पहचान कर ली गई। तकनीकी दिग्गजों से मिली जानकारी के बाद तलाशी ली गई। सूत्र ने कहा, इन कंपनियों का यूके और यूएस में भी बहुत अच्छा नेटवर्क है, जहां से उन्हें अपने संभावित लक्ष्यों का डेटा प्राप्त होता है। विदेश स्थित कंपनियों ने भारत में कंपनियों को विदेशी नागरिकों का डेटा मुहैया कराया और यहीं से उन्होंने अपना ऑपरेशन चलाया।

### पहनने योग्य उपकरण .. .. ..

बनाया। अति-पतली सामग्री डिवाइस को मेमोरी कार्य करने की भी अनुमति देती है, जैसा कि शोध दल की तरफ से बताया गया है।

बहुकार्यात्मक उपकरणों को आम तौर पर परतों में कई सामग्रियों की आवश्यकता होती है, जिसमें उच्च परिशुद्धता के साथ नैनोमटेरियल्स को काम में इस्तेमाल करने की समय लेने वाली चुनौती शामिल होती है। अन्य ऑस्ट्रेलियाई और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से आरएमआईटी विश्वविद्यालय और मेलबर्न विश्वविद्यालय के नेतृत्व में टीम ने बिस्मथ नामक कम तापमान वाली तरल धातु के जंग के साथ प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट डिवाइस बनाया, जो पहनने योग्य के लिए सुरक्षित और उपयुक्त है।

जवाबेटी ने कहा, हमने उंगली के जोड़ से जुड़े उपकरण के साथ प्राकृतिक गति व्यवहार का परीक्षण किया, जिसका औसत आउटपुट का शीर्ष लगभग 1 वोल्ट था।

डिवाइस पढ़ने, लिखने और मिटाने के मेमोरी कार्यों को करने में सक्षम था, जिसमें इन क्षमताओं के प्रदर्शन के रूप में आरएमआईटी लोगो और एक चौकोर आकार के प्रतीक चिन्ह का उपयोग शामिल था। डिवाइस, जिसे इन मेमोरी प्रयोगों के दौरान किसी उपयोगकर्ता द्वारा नहीं पहना गया था, ने लोगो और प्रतीक को ऐसे स्थान पर लिखा और संग्रहीत किया जो मानव बाल की चौड़ाई के भीतर 20 बार फिट हो सकता है।

### वकील सिडनी पॉवेल .. .. ..

गवाही देने, जॉर्जिया के नागरिकों को माफी पत्र लिखने, क्षतिपूर्ति और जुमार्ना में लगभग 9,000 डॉलर का भुगतान करने और दस्तावेजों को सौंपने की भी आवश्यकता होगी। यह दोष स्वीकृति तब आयी है जबकि शुक्रवार से मामले की सुनवाई होनी थी।

2020 के चुनाव के बाद, पॉवेल ने ट्रम्प के खिलाफ एक वैश्विक योजना में लाखों वोटों के फि्लप होने के बारे में कथित धोखाधड़ी और झूठे दावों के बारे में साजिश रची थी, जिसमें वेनेजुएला और अन्य विदेशी शक्तियां शामिल थीं। अब वह इस व्यापक रैकेटियरिंग मामले में दोष स्वीकार करने वाली दूसरी व्यक्ति हैं। जमानतदार स्कॉट हॉल ने पिछले महीने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और भविष्य के परीक्षणों में गवाही देने के लिए सहमत हो गए। ट्रम्प सहित अन्य 17 प्रतिवादियों ने खुद को निर्दोष बताया है। पॉवेल ने 2020 के चुनाव के बाद इलेक्ट्रॉनिक मतपत्र मार्करों और सारणीबद्ध मशीनों के साथ जानबूझकर छेड़छाड़ करने के उद्देश्य से और डोमिनियन वोटिंग सिस्टम कॉर्पोरेशन की संपत्ति, जानकारी, डेटा और सॉफ़्टवेयर को लेने और हथियाने के इरादे से कार्रवाई करना स्वीकार किया। फाइलिंग के अनुसार, वह एक डेटा फोरेंसिक फर्म को काम पर रखने और उसके कर्मचारियों को कॉफी काउंटी में भेजने की बात भी स्वीकार कर रही है ताकि वे व्यक्तिगत मतदाता डेटा की जांच करने के उद्देश्य से अवैध रूप से सरकारी कंप्यूटरों तक पहुंच सकें, यह जानते हुए कि ऐसी जांच बिना अधिकार के थी। गुरुवार के याचिका दस्तावेजों में केवल एक अन्य जॉर्जिया प्रतिवादी के नाम का उल्लेख किया गया है। मिस्टी हैम्पटन, जो 2020 के चुनाव चक्र के दौरान कॉफी काउंटी चुनाव पर्यवेक्षक थे। पॉवेल ने हैम्पटन के साथ आपराधिक साजिश में शामिल होने की बात स्वीकार की है और अगर वह मुकदमे में जाती है तो उसे उसके खिलाफ गवाही देनी होगी।

## शहर >> अपडेट

### गुरु नानक स्कूल की एनसीसी गर्ल्स ने निकाली जागरूकता रैली

**रांची:** गुरु नानक विद्यालय की एनसीसी गर्ल्स द्वारा शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कैडेटों ने पर्यावरण बचाओ, पृथ्वी बचाओ के तहत लोगों को प्लास्टिक की जगह कागज और कपड़े के थैले का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही कचरे को एक जगह एकत्र कर जलाने की जगह नगर निगम को देने की बात कही गयी। जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर सुजाता चौक तक रैली निकाली गयी। इस दौरान पेपर तथा कपड़े से निर्मित थैलों का वितरण किया गया। साथ ही स्कूल द्वारा वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी गर्ल्स ने कागज तथा कपड़े से बने थैले का निर्माण करना सीखा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर कैप्टन सुमित कौर ने उनका उत्साहवर्धन किया।

**जिम्मेदारी**

लापरवाही पर हेडमास्टर होंगे जिम्मेदार

# डीबीटी के जरिये आठवीं क्लास के बच्चों को मिलेगी साइकिल खरीद की राशि

▶▶ 8 में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को साइकिल खरीद के लिए पैसे मिलेंगे

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को साइकिल खरीदने को डीबीटी के जरिये पैसे मिलेंगे। आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखंड के स्तर से इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश भेजे जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के लिए तत्समय वर्ग 8 में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को साइकिल खरीद के लिए पैसे मिलेंगे।इस संबंध में जिले स्तर पर कल्याण पदाधिकारी के जरिये बताया गया है कि साइकिल खरीद के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा जाति के स्टूडेंट्स को निःशुल्क साईकिल वितरण की राशि उनके खाते में डीबीटी किया जाएगा। साइकिल के लिए 4500 रुपये (प्रति छात्र) तय किया गया है। जिलों में प्रशासनिक स्तर से 2020-21 से 2022-23 वित्तीय वर्ष की अवधि में वर्ग 8 में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की लिस्ट बीडीओ और अन्य के जरिये मंगाई जा रही है। सभी सरकारी स्कूलों (आवासीय को छोड़कर) के प्रधानाध्यापक को अगले तीन-चार दिनों से लेकर सप्ताह भर का समय देते हुए कहा गया है कि वे अपने स्कूल के छात्रों की सूची प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध करा देंगे। अगर कोई भी स्टूडेंट सूची के अभाव में साइकिल की राशि से वंचित रहता है तो इसकी सारी जवाबदेही प्रधानाध्यापक पर ही होगी।

## आरयू पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम की फीस अधिक, छात्रों ने किया विरोध




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन जारी करते ही छात्र संगठन इसकी फीस को लेकर विरोध कर रहे हैं। विश्वविद्यालय सामान्य कोटि के छात्रों के लिए फार्म का शुल्क 300 रुपए और परीक्षा शुल्क 2500 रुपए तय किया था। छात्र फीस कम करने की मांग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने फीस कम करते हुए कहा कि अब छात्रों को 2200 रुपए लगेगा। लेकिन छात्र अभी भी संतुष्ट नहीं हैं। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में परीक्षा शुल्क 1000 रुपए है, जबकि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में परीक्षा शुल्क 1500 रुपए है। झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में रांची विश्वविद्यालय के पीएचडी प्रवेश परीक्षा का शुल्क अधिक है। टेक्निकल छात्र संघ के नेता अभिषेक बनर्जी का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन का रवैया ठीक नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग है कि फीस को और कम किया जाए, ताकि गरीब छात्र भी प्रवेश परीक्षा में बैठ सकें।

झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिये सूचना जारी की

## सुबह 6 से शाम छह बजे तक कट सकती है बिजली



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिये सूचना जारी की गयी है। जिसके तहत बिजली काटने की जानकारी दी गयी है। जिन उपभोक्ताओं का मीटर प्री पेड मोड में काम कर रहा है, उनके लिये निगम की ओर से जानकारी दी गयी है कि उपभोक्ताओं को जेबीवीएनएल में पंजीकृत मोबाइल नंबर में प्री पेड मीटर के रीचार्ज और रीचार्ज खत्म होने की जानकारी समय- समय पर दी जाती है। उपभोक्ता इन मैसेज का ध्यान रखें और समय पर मीटर रीचार्ज करायें। लंबे समय तक मीटर रीचार्ज नहीं करने पर बिजली स्वतः कट जायेगी। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है। बिजली काटने की कारवाई सुबह छह से शाम छह बजे के बीच होगी। ऐसे में उपभोक्ता समय पर बिल रीचार्ज करायें। हालांकि जेबीवीएनएल की ओर से शेष राशि और शून्य राशि होने के पहले उपभोक्ताओं को एसएमएस किया जाता है। बता दें निगम के आधिकारिक वेबसाइट में जाकर भी उपभोक्ता खुद को पंजीकृत कर सकते है। इसके लिये आधिकारिक वेबवसाइट के सिटीजन कॉर्नर में स्मार्ट मीटर विकल्प मौजूद है।रीचार्ज नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में प्रीपेड उपभोक्ताओं की बिजली कटी है। जिनकी संख्या लगभग 1700 है। ये कारवाई स्वतः हुई है।

हालांकि इसके पहले कई बार निगम की ओर से उपभोक्ताओं को बिजली रीचार्ज कराने की जानकारी दी गयी थी। बता दें निगम की ओर से प्री पेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिये स्वतः बिजली काटने की तैयारी कर ली गयी है।पिछले साल से राजधानी में स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किया जा रहा है। अब तक लगभग एक लाख 45 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाये गये है। जबकि तीन लाख 50 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। शेष अन्य घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है। निगम की मानें तो लगभग 14 हजार घरों में स्मार्ट मीटर प्री पेड मोड में कार्यरत है। अलग अलग महीनों में ये मीटर प्री पेड मोड में कार्य करना शुरू किये है। ऐसे में अगर इन उपभोक्ताओं की ओर से भी मीटर रिचार्ज समय पर नहीं किया जाता है तो बिजली खुद ही कट जायेगी।उपभोक्ताओं को मीटर रीचार्ज करने के लिये ऑनलाइन माध्यम उपलब्ध है। इसके लिये जेबीवीएनएल के एप और आधिकारिक वेबसाइट के जरिये मीटर रीचार्ज कर सकते है। जबकि एटीपी मशीन से भी रीचार्ज संभव है। बिजली कट जाने के बाद भी उपभोक्ता इन माध्यमों से मीटर रीचार्ज कर सकते है।

## रांची रेलवे स्टेशन पूजा पंडाल का उद्घाटन, सांसद संजय सेठ ने कहा - बिटिया अनमोल, रक्षा करना हमारा फर्ज



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर बने रांची रेलवे स्टेशन पूजा पंडाल का उद्घाटन रांची सांसद संजय सेठ द्वारा पंचमी 19 अक्टूबर को शाम 8 बजे किया गया। इस अवसर पर कन्या रूप में मां दुर्गा की पैर पूजन हुआ। इसके बाद पंडाल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। सांसद संजय सेठ ने इस अवसर पर कहा कि बेटियां अनमोल होती है, समाज की धरोहर होती है। उनकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने नशापान करने वाले व्यक्तियों को भी सलाह दी कि पूजा दौरान किसी प्रकार का नशापान न करे, भगवती की कृपा नही मिलेगी। रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति अपने पंडाल में महिला सशक्तीकरण को दिखाया है।इस मौके पूजा समिति के अध्यक्ष मुनचून राय ने कहा कि पंडाल के जरिये हमने बताया है कि बेटी बचेगी , तब ही मां बचेगी। पंडाल उद्घाटन के समय पट खोलते ही एक छोटी कन्या (आद्यया सिन्हा) मां दुर्गा के रूप में खड़ी दिखायी दी। हाथो में त्रिशुल-कमल के फूल लिए मां का रूप अति मनमोहक था। मां के इस कन्या रूप को देख श्रद्धालुओं में उत्साह भर गया, मां के जयकारे लगने लगे। हर साल की भांति रांची रेलवे स्टेशन का यह पंडाल काफी भव्य बना है। उत्कृष्ट कलाकृतियां-लाइटिंग भक्तों व श्रद्धालुओं को मोहित कर रही थी। पंडाल में हर ओर बेची बचाओ के संदेश थे।श्रद्धालुओं को वहां पर रक्तबीज का प्रारूप भी काफी पंसद आया। इसके जरिये दिखा या गया कि कैसे एक रक्तबीज हजारों रक्तबीज उत्पन्न लेते हैं जिससे पूरी पृथ्वी त्राही-त्राही करती है। इसके समूल नाश का संदेश दिया गया ताकि समाज में हमारी बेटियां सुरक्षित रहे। पंडाल उद्घाटन के समय कार्यक्रम भी आयोजित किए गये जिसमें डांस झारखंड रातू रोड के संचालक राम जी की भी भूमिका रही। विधायक सीपी सिंह, निर्वतमान डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, पद्मश्री मुकुंद नायक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार सांडिल्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक में बालू घाटों की समस्याओं पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मौजूदा सत्र की कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। एनजीटी की रोक हटने के बाद भी बालू उठाव की समस्या और अत्यधिक दर पर बालू की उपलब्धता से होनेवाली कठिनाई पर सदस्यों द्वारा चिंता जताई गयी। कहा गया कि 15 अक्टूबर से पूर्व मिलनेवाले बालू की दरों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। जिस कारण कांट्रैक्टर, श्रमिक और निर्माण उद्योग से जुडे व्यापारियों का कार्य प्रभावित हो रहा है। आग्रह किया गया कि बालू घाटों की नीलामी होने तक खनन विभाग अन्य राज्यों से बालू आयात करने की अनुमति दे तो इस समस्या का समाधान संभव है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने इस मामले में विभागीय अधिकारियों से वार्ता के लिए आश्वस्त किया। सेक्टरवाइज व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और राहुल साबू द्वारा संयुक्त रूप से वर्तमान सत्र के लिए कुल 52 उप समितियों का गठन भी किया गया। बैठक में कुल 27 आजीवन सदस्यता के प्राप्त आवेदनों को भी स्वीकृति दी गई। जिनमें से कुल 11 आवेदन गिरिडीह जिले से ही हैं। गिरिडीह जिले में फेडरेशन के सदस्यों की बढ़ती सदस्यता संख्या पर संतोष जताते हुए चैंबर अध्यक्ष ने अन्य जिलों में भी ऐसे प्रयासों को गति देने की बात कही। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने फेडरेशन की सदस्यता संख्या में वृद्धि के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रयासों को गति देने की बात कही। मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी समेत अन्य मौजूद रहे।

### एफपीओ के माध्यम से ऑनलाइन व्यापार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक द्वारा समर्थित कांके ब्लॉक फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के किसानों के लिए पारचुटु गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन सीएसआईआर के राष्ट्रीय विज्ञान संचार नीति अनुसंधान संस्थान,नई दिल्ली के वरीय प्रधान वैज्ञानिक डॉ ताराकांत जेना ने किया। उन्होंने कहा कि अब किसानों को मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण के साथ-साथ ह्यएक गांव एक उत्पाद की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से इस दिशा में कार्य करेंगे। ई नैम के पदाधिकारी संतोष कुमार ने ई नैम पोर्टल और मोबाइल ऐप के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि एफपीओ किस प्रकार पोर्टल पर निबंधन कर सकता है और किस प्रकार ऑनलाइन व्यापार कर सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 206 प्रकार के कृषि उत्पादों का व्यापार ई नैम के माध्यम से हो रहा है।

**बालू घाटों का टेंडर**

440 घाटों में मात्र 28 में उठाव

## 16 अक्टूबर के बाद से बालू की कीमत में बेतहाशा वृद्धि

▶▶ बालू की कीमत बढने के कारण रोजगार प्रभावित हो रहा है

▶▶ बालू घाट में रोक जारी रहने से निर्माण कार्य अधिक प्रभावित है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य में बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से लगातार बालू के दाम बढ़ते जा रहे है। जिससे निर्माण कार्य पूरी तरह प्रभावित है। सरकारी प्रोजेक्ट्स भी बालू की किल्लत झेल रहे है। अलग अलग बालू कारोबारियों से बात करने से जानकारी हुई कि 15 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी की रोक बालू घाटों से बालू के उठाव पर रही। इसके बाद 16 अक्टूबर से बालू घाटों से बालू का उठाव शुरू होना था। लेकिन राज्य में मात्र 28 बालू घाटों का ही टेंडर पिछले कुछ समय में किया गया। जबकि राज्य में लगभग 440 बालू घाट है। ऐसे में अभी भी लगभग 412 बालू घाटों से बालू उठाव नहीं किया जा रहा है। जिससे राज्य में बालू की कमी है।वर्तमान दर की बात करें तो प्रति टरबो एनजीटी की रोक के पहले 4500 रुपए लिये जा रहे थे। जबकि 16 अक्टूबर से ये दर 6500 रुपए प्रति टरबो हो गयी है। वहीं, बालू घाटों की नीलामी सामान्य रहने पर प्रति टरबो 2200 रुपए बालू की कीमत रहती। जबकि हाईवा में ये दर और भी अधिक है। जो प्रति हाईवा 25 से 30 हजार है। ऐसे में बालू की कीमत में बेतहाशा वृद्धि से निर्माण कार्य से जुड़ा रोजगार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कारोबारियों की मानें तो फिलहाल पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से बालू मांगा कर काम किया जा रहा है।

राज्य में बालू की समस्या पिछले साल से जारी है। यहां पिछले साल लगे एनजीटी की रोक के पहले ही बालू घाटों का टेंडर नहीं किया गया था। अक्टूबर में रोक हटने के बाद भी विभाग ने टेंडर नहीं किया। इस साल साहेबगंज और धनबाद के दस बालू घाटों के लिये टेंडर किया गया। इसके पहले 18 बालू घाट राज्य में संचालित थे। ऐसे में कुल 28 बालू घाट राज्य में संचालित है। कारोबारियों की मानें तो जिन इलाकों में बालू घाट नीलाम किया गया है। वहां अधिकांश घाटों में अब बालू नहीं है। जबकि राज्य सरकार ने नीलामी की जिम्मेवारी झारखंड माइंस एंड मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को दिया है।बालू घाट में रोक जारी रहने से निर्माण कार्य अधिक प्रभावित है। चैंबर ऑफ कॉर्मस की मानें तो निमार्ण कार्य में सबसे अधिक ग्रामीण आबादी प्रभावित हो रही है। राजधानी और उसके आस पास के इलाकों की मानें तो लगभग 75 हजार ग्रामीण निर्माण कार्य से जुड़े है। ऐसे मे बालू की कीमत बढने के कारण रोजगार प्रभावित हो रहा है।

## न्यूज फटाफट

### पंचायत स्वयंसेवकों की सरकार से मांग नवरात्र पर तो हमें खुशियां दे

**रांची:** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले दिये जा रहे धरना आज 106 वें दिन भी जारी है। स्वयंसेवकों ने आज अपनी मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि जो अबुआ आवास की घोषणा झारखंड सरकार के द्वारा की गई है। उस आवास के लाभुकों की पहचान पंचायत सेवकों के द्वारा ही की जाती है। हमलोगों से कई तरह के काम कराये जाते हैं। परंतु हम लोगों का कष्ट सरकार नहीं देखती है। उन्होंने कहा कि आज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का 106 वां दिन हो गया है। पर अभी तक मांगों पर ठोस पहल राज्य सरकार के द्वारा नहीं किया गया है। पर्व त्योहार के समय में भी पंचायत स्वयंसेवक अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल पर बैठे हुए हैं। प्रदर्शन में युगल किशोर प्रसाद, बाल गोविंद महतो, विभा रानी, प्रभात भूषण, गौतम, समीम, पवन, आनंद, अनिल, बलदेव, राजेश, तौसीफ इकबाल, सुनील, संदीप, मनदीप, संतोष, सुधीर, मदन, सरदार, रंजीत सिंह, प्रवीण, शिव प्रसाद, देवदत्त, संजय, निशा, अभय, अरविंद, श्यामलाल, अमित, नमिता, विजेता, रेणुका, रमेश, अनुराधा, सुनीता, भागीरथ, कुलेश्वर सुदामा, अखिलेश, नंदलाल सहित कई स्वयंसेवक शामिल थे।

### श्रद्धा और विश्वास से तेरी जोत जलाऊं, मां तेरे ही गुण गांऊ ...

**रांची:** कृष्णा नगर कॉलोनी के श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रहे शारदीय नवरात्र के अवसर पर आज षष्ठी के दिन मां कात्यानी की पूजा की गयी। सुबह 5:00 बजे से 6:15 बजे तक मां की सामूहिक रूप से भक्तों के द्वारा कपूर जोत जलाई गई। इसके बाद सुबह 6:15 से 6:45 तक कुंवारी कन्याओं द्वारा मॉ के चरणों में चुनरी एवं नारियल भेंट की गई। सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक पंडित ज्ञानदेव मिश्रा पंडित रामचंद्र उपाध्याय पंडित सीताराम एवं मंदिर के चंद्रभान तलेजा एवं प्रधान मनोहरलाल जसूजा एवं सचिव केसर पपनेजा की अगुवाई में मॉ दुर्गा सप्तशती एवं श्री दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। माता रानी के जयकारों के साथ पूरा मंदिर परिसर भक्तों से भरा पड़ा था। जिससे पूरा माहौल मां के भक्ति के रंग में रंग गया। राधा कृष्ण मंदिर के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि कल सप्तमी के दिन 18 घंटे का अखंड जाप 108 भक्तों के द्वारा किया जाएगा। जो सुबह 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक चलेगा।

### चर्च रोड में दुर्गा पूजा पंडाल का सुबोधकांत सहाय ने किया उदघाटन

**रांची:** महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति चर्च रोड का दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने किया। इस अवसर पर उनके द्वारा क्षेत्रवासियों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की बधाई दी। उन्होंने आपसी भाईचारे के साथ इस पर्व को मनाने की अपील की गई। उन्होंने मानवकल्याण की कामना की एवं माँ दुर्गा से सभी के लिए आशीर्वाद मांगा। कहा कि ये ऐसा उत्सव है जहां सर्व धर्म समभाव के बीच तारतम्यता बनाए रखा जाता है। मुख्य संरक्षक गुलशन लाल अजमानी ने कहा कि भव्य पंडाल एवं भव्य प्रतिमा के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा के माध्यम से आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी माता रानी से कामना है कि दर्शन करने वाले सभी भक्तों को सुख समृद्धि प्रदान करें। मौके पर रांची जिला युवा कांग्रेस के महासचिव एवं रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ हमारी भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग है। आने वाला समय देश के लिए मंगलमय हो यही मां दुर्गा से प्रार्थना है।

### सदर अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग बनेगी हेरिटेज

**रांची:** अंग्रेजों के शासनकाल 1930 में बने रांची के सदर अस्पताल को हेरिटेज बिल्डिंग के रूप में संरक्षित किया जा रहा है। आजादी से पहले 1930 में अंग्रेजों ने सदर अस्पताल के पुराने भवन का निर्माण कराया था। 93 वर्ष पुराना भवन आज भी काफी मजबूत है। इसकी दीवार 40 इंच मोटी है। भवन निर्माण विभाग की तरफ से तीन करोड़ रुपये खर्च कर पुराने भवन का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। सदर अस्पताल के पुराने भवन के संरक्षण और विकास कार्य के लिए 1.85 करोड़ रुपए आवांटित किए गए हैं। इससे पहले भी एक करोड़ रुपए की राशि आवांटित की गई थी। इस भवन के लिए विकास और संरक्षण के लिए कुल 3.13 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस भवन का निर्माण अंग्रेजों ने 1930 में कराया था। इस भवन में पोर्टिको का भी निर्माण कराया जाएगा।

### लापता बच्चे का ट्रक के नीचे दबा मिला शव

**रांची:** रिंग रोड सुकुरहूटू में आज हादसे में एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी। पहले उसे खोजने में सुबह से उपर टोला सुकुरहूटू के ग्रामीण परेशान थे। लेकिन जब 13 वर्षीय किशोर अनिमेष कुमार मिला तो पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। बताया गया कि विजय महतो के पुत्र अनिमेष कुमार हर दिन की तरह आज सुबह करीब पांच बजे दौड़ने के लिए निकला था। वह एक डेढ़ घंटे बाद लौट आता था। आज वह काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गये। अनिमेष की खोज में निकल गये क्षेत्र के लोगों से काफी पूछताछ करने पर भी अनिमेष के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। बच्चे के गायब होने की सूचना के बाद वहां के ग्रामीण आक्रोशित हो गये और सड़क पर उतर कर जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को काफी समझाया लेकिन जामकर्ता नहीं माने। इस बीच जाम स्थल से थोड़ी दूर में एक गड्ढे में धंस गयी ट्रक को कुछ लोग बाहर निकाल रहे थे। लोग जैक के माध्यम से ट्रक को रोड पर निकाल रहे थे तो तभी ट्रक के नीचे अनिमेष का दबा हुआ शव देखा गया। जिसके बाद पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया।

### राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण ओरिएंटेशन का आयोजन

**रांची:** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन में राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण 2023 के लिए क्षेत्र अन्वेषक (फील्ड इन्वेस्टिगेटर) का ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी खूंटी के दिशा निर्देश में हुआ। मौके पर प्रशिक्षक के रूप में नरेंद्र सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केंद्र, तोरपा उपस्थित थे। उन्होंने अपने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्षेत्र अन्वेषक के कार्य एवं जवाबदेहियों को विस्तृत रूप से बताया। सर्वेक्षण व मूल्यांकन परीक्षा नवंबर माह में प्रस्तावित है। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मध्य विद्यालय बीसा में एक शिक्षक का वेतन देंगे अभिभावक

**रांची:** अनगड़ा प्रखंड के बीसा पंचायत के रा उ म विद्यालय में उपमुखिया संजय भोगता की अध्यक्षता में अभिभावकों की बैठक हुई। जिसमें भारत सरकार के द्वारा सभी छात्र छात्राओं का आपार आईडी बनाने पर चर्चा हुई। अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दिया गया कि विद्यालय में वर्ग 1 से वर्ग 8 तक क्लास है। जिसमें कुल बच्चो 190 है। शिक्षक मात्र चार है। एक शिक्षक ऑफिस वर्क में व्यस्त रहते है। जिसमें बच्चों की पढ़ाई में असर पड़ता है। इसको देखते हुए सभी अभिभावक ने चन्दा कर-के एक शिक्षक नियुक्ति करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के प्रधानाध्यापक श्रीनाथ बड़ाईक, सहायक शिक्षक शालिग्राम लोहरा, धर्मशिला देवी, अभिभावकों में बरतू भोगता, धनेश्वर बेदिया एवं मिथुन बेदिया आदि उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र का वितरण

**तालगड़िया :** चंदनकियारी प्रखंड के देवग्राम पंचायत अंतर्गत योगीडीह स्थित श्री श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवाश्रम में दुर्गा पूजा के अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। जिप सदस्य अम्बिका देवी ने कहा कि हर जीव में शिव का वास होता है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा तीर्थ है। कहा कि दूसरों की उपकार करने से अपनी समृद्धि होती है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### षष्ठी पर निकली कलशयात्रा

**बुढ़मू :** मां शारदीय दुर्गा पूजा समिति भांटबोडया के तत्वाधान में शुक्रवार को षष्ठी के अवसर पर कलशयात्रा का आयोजन किया गया। कलश वितरण राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद,विधायक समरीलाल,पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,कमलेश राम,थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार,अमरनाथ चौधरी समेत अन्य अतिथियों ने किया। मौके पर विधायक ने पूजा स्थल से तालाब सड़क को पक्कीकरण कराने की बात कही। वहीं सांसद ने कहा कि दुर्गा पूजा हमसबों को बुराई को त्यागकर अच्छाई को अपनाने का संदेश देता है। कलशयात्रा में 351 कन्याओं ने भाग लिया। कलशयात्रा पूजास्थल से बरौदी,बंसरी,उरुगु ? होते हुए पुनः दुर्गा मंडप पहुंचा। कलशयात्रा को सफल बनाने में समिति के लाल अमन शाहदेव, कलेश्वर महतो,सुभाष पुरी, कौशल साहु, अमृत महतो,विकास साहु, मणिकांत साहु, विजय महतो,सूरज महतो आदि लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### रॉयल ड्रीम कार एवं लग्जरी कार यूज्ड प्रीमियम कार शोरूम का उद्घाटन

**बुढ़मू :** रॉयल ड्रीम कार एवं लग्जरी कार यूज्ड प्रीमियम कार शोरूम का उद्घाटन रिंग रोड रातू , सिमलिया में किया गया। इस अवसर पर शोरूम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथी झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथी के रूप में उपस्थित जेसीएसीएम के सचिव अजय नाथ शाहदेव और सिद्धार्थता मेंशन के एमडी चिकू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अपने हाथों से किया। उद्घाटन के मौके पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा की यह शोरूम खुलने से लोगों को यूज्ड प्रीमियम कार उचित मूल्य पर मिलेगा। मौके पर संचालक निलेश कुमार सिंह ने बताया कि शोरूम में कई सुविधा जैसे ऑल प्रीमियम कार, सेल एण्ड सर्विस, एसो सरीज, सेरामरिक, कोटिंग, पीपीएफ की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर नकुल सिंह, शाहदेव,राजू सिंह, राजेश सिंह, सरोज शाही, संजय यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**निर्देश** डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में कई योजनाओं की मिली मंजूरी

# उपायुक्त ने योजनाओं की मॉनिटरिंग का दिया निर्देश

- मुस्लिम मोहल्ला के सामुदायिक भवन मे डीप बोरिंग
- स्कूलों में किचन शेड निर्माण
- 20 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के मॉडलीकरण



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, सिंचाई पेयजल, कौशल विकास एवं स्वरोजगार, खेलकूद, पुल पुलिया आदि से संबंधित कई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त ने कहा डीएमएफटी मद से जिले में कई योजनाएं संचालित है। संबंधित एजेंसी काम में तेजी लाएं साथ ही साथ योजनाओं की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा संचालित योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित पदाधिकारी योजना स्थल पर विजिट करें तथा योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता की अपने स्तर से भी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने संबंधित विभागों को कहा योजनाओं की क्रियान्वयन के बाद योजना की उपयोगिता बनी रहे यह सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की जिम्मेवारी है। साथ ही कहा डीएमएफटी एवं अन्य मद से स्कूलों में निर्मित साइंस, आईटीसी ,कंप्यूटर लैब की उपयोगिता का ऑडिट नवंबर माह में ज़िला प्रशासन की टीम द्वारा कराया जाएगा ताकि उपयोगिता सुनिश्चित किया जा सके। आज आयोजित बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र मे चिकित्सक, पारा चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया दुर्गा पूजा के बाद पूरी करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक हेतु उपकरण, मॉड्यूलर ओटी, बायो केमेस्ट्री एनालाइजर मशीन की क्रय प्रक्रिया करते हुए आपूर्ति व अधिस्थापन का निर्देश दिया गया। मेडिकल कॉलेज में एसएनसीयू एवं महिला वार्ड के उन्नयन कार्य की सहमति दी गई। बरही अनुमंडल अस्पताल के कर्मचारी आवास परिसर के उन्नयन प्रस्ताव की मंजूरी दी गई।शिक्षा विभाग के द्वारा समर्पित प्रस्ताव के आलोक में 15 विद्यालयों में बाउंड्री निर्माण एवं उत्क्रमित विद्यालय कंडसार कटकमसांडी के बाउंड्री निर्माण की मंजूरी दी गई। इचाक एवं चरही कस्तूरबा स्कूल तक पहुंच पथ निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान किया गया। बिरहोर टांडा ढेंगुरा, सलगा के नव प्राथमिक विद्यालय के उन्नयन कार्य की भी मंजूरी दी गई। महिला बाल कल्याण विभाग के द्वारा संचालित 20 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के मॉडलीकरण, सहित 3 भवन रहित केंद्रों के भवन निर्माण की भी स्वीकृति दी गई। सिंचाई से संबंधित सलैया के धुलकी नदी पर चेक डैम निर्माण के लिए वैकल्पिक प्रस्ताव का निर्देश दिया गया। पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित कस्तूरबा विद्यालय पद्मा, बड़कागांव के मुस्लिम मोहल्ला के सामुदायिक भवन मे डीप बोरिंग के प्रस्ताव की मंजूरी दी गई। इसके अलावा मत्स्य पालन से सम्बन्धित 20 केज कल्चर, सभी स्कूलों में किचन शेड निर्माण कार्य की भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। बैठक में उपायुक्त के अलावा डीडीसी सहित डीएमएफडी योजना क्रियान्वित करने वाले विभाग एवं कार्यकारी एजेंसी के अधिकारी, अभियंता उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग व एमडीएम स्टीयरिंग कमेटी ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**बेड़ो:** प्रखंड में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग व एमडीएम स्टीयरिंग कमिटी की बैठक किया गया। बैठक में विभिन्न विद्यालयों में चयनित पोषण वाटिका और एमडीएम पर चर्चा की गई। मौके पर बीडीए सुमंत तिर्की ने कहा कि पोषण वाटिका की योजना विद्यालयों के लिए निसंदेह वरदान साबित होगा। इस योजना के तहत विद्यालय परिसर में मौसम के अनुसार सब्जियां उगाकर बच्चों को बेहतर तरीके से पोषित किया जा सकता है। साथी बच्चों को कृषि की आधुनिक तरीके की जानकारी भी विद्यालय परिसर में दी जा सकती है। उन्होंने मध्यान भोजन पर चर्चा करते हुए कहा की बच्चों के शारीरिक विकास में मध्यान भोजन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होने बच्चों को रावि का लड्डू सप्ताह में एक दिन देने की हिदायत दी। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केसरी व स्टीयरिंग कमेटी के सदस्यों ने एमडीएम शिक्षा पद्धति को बेहतर बनाने के संबंध में अपने विचार रखें।

बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, एमडीएम ऑपरेटर सच्चिदानंद सहदेव, एमडीएम प्रभारी सुशांत कुमार मिश्रा, शिक्षा विभाग के बीपीओ देव कुमार, कनीय अभियंता संजय सिंहा, विशु उरांव, सुशीला, मिलन देवी, सोनी देवी,नीलम सिंह,विवेक कुमार साहू के अतिरिक्त स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

आदिवासी लोहरा समाज ने की बैठक

## छात्र-छात्राओं को सुलभता से मिले जाति प्रमाण पत्र: तिर्की




राष्ट्रीय खबर

**तमाड़:** सामाजिक संगठन आदिवासी लोहरा समाज केंद्र समिति और प्रखंड कमेटी के संयुक्त रूप से विशेष प्रचार प्रसार हेतू तमाड़ प्रखंड परिसर में एक बैठक का आयोजन तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष छोटू लोहरा की अध्यक्षता मे किया गया। विशेष कर लोहरा अस्तित्व बचाओ रैली पुराना विधानसभा मैं 30 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड सरकार समय देने की बात हमारे प्रतिनिधि मंडल से हुई है। इस पर विशेष चर्चा किया गया कि हर घर से रैली के लिए जन सैलाब भीड़ लेकर सभा स्थल पर पहुंचने की बात कही गई। साथ ही प्रचार-प्रसार के लिए हर प्रखंड अध्यक्ष को यह दिशा ने दिया गया कि रैली को सफल बनाने के लिए केंद्र समिति के लिए 4 जोन पूर्वी पश्चिम उत्तर दक्षिण एक-एक उपाध्यक्ष और एक-एक सचिव का विस्तार कर चुनाव किया जाएगा इसके लिए व्हाट्सएप के माध्यम से सभी प्रखंड के अध्यक्षों को सूचित किया जाता है। कि 24 अक्टूबर 2023 तक हर प्रखंड से एक-एक नाम केंद्र समिति के पास भेजेंगे और आज की बैठक के बाद सामाजिक संगठन आदिवासी लोहरा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष ठुमा तिर्की की अगवाई में अंचल अधिकारी तमाड़ प्रखंड अतुल रंजन भगत से मुलाकात कर समाज के स्कूली छात्र-छात्राओं जाति प्रमाण पत्र सुलभता से प्रदान हो इसकी मांग की गई। अंचल अधिकारी ने समाज के अगुवागण से निम्न बातो को रखा।

## जरीडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में दुर्गा पूजा-अर्चना की धूम



राष्ट्रीय खबर

**जैनामोड़ :** जरीडीह प्रखंड के 17 पंचायत के श्रद्धालु का महत्व पूर्ण दुर्गापूजा उत्सव पूर्वक धूमधाम से मनाया जाता है। यह जैनामोड़ स्थित चौक पर अति प्राचीन स्थल है जहां 50 वर्षों से दुर्गापूजा मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ जरीडीह-कटका और जैनामोड़ के लोगों के सहयोग से किया गया। धीरे धीरे पूजा का विस्तार होता गया। बताया जाता है कि जरीडीह गांव निवासी धीरन सिंह को प्रथम सपना हुआ कि वह मॉ दुर्गा की पूजा करें तो उनकी मन्नतें पूरी होगी। श्री सिंह की मन्नतें पूरी हुई । जैनामोड़ चौक पर पूजा आरंभ किया गया। आज प्रखंड सहित बोकारो जिला का महत्व पूर्ण दुगार्पूजा स्थल बन गया है। पूजा कमेटी में अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, सचिव मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विक्की सरदार, बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह, आयुष माथुर, रोहित कुमार, राजकुमार गुप्ता, पवन कुमार, आलोक पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, पंकज जयसवाल आदि शामिल हैं। वहीं तांतरी उतरी पंचायत अंतर्गत मुख्य पथ किनारे करीब 40 वर्ष पूर्व ?से दुर्गा पूजा होते आ रही है। जिसके संचालन करने में विशेष सहयोग देने वाले में निरंजन मिश्रा, प्रितम मिश्रा, लाल किशोर मिश्रा, नमित मिश्रा, मुकुंद केवट, हरेश कुमार मिश्रा, गिरिन्द्र कुमार मिश्रा, आशा देवी, दयानंद मिश्रा आदि शामिल हैं। वहीं बहादुर पुर राजधानी मुख्य मार्ग पर करीब 28 वर्षों से लगातार दुगार्पूजा उत्सव शांति पूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। जिसकी समिति सदस्य का विस्तार किया गया है। जिसके अंतर्गत अध्यक्ष गुरुदास अडडी (अधिवक्ता), सचिव मदन महतो, कोषाध्यक्ष विधान चंद ठाकुर, जितेन्द्र सिंह, राजकुमार झा, बैजनाथ नायक, बबलू ठाकुर, बंशीधर महतो, जीतेन्द्र महतो आदि शामिल हैं।

## पूजा पंडालों का उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** जरीडीह एवं बेरमो प्रखंड, फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों में सुरक्षा व विधि-व्यवस्था को लेकर जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करने की स्थिति का अवलोकन करने शुक्रवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। मौके पर कई जिला एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उपायुक्त ने टीम के साथ जरीडीह, जैनामोड़, तुपकाडीह, फुसरो बाजार, करगली क्षेत्र, ढोरी स्टॉफ क्वाटर, मकोली क्वाटर क्षेत्र आदि में निर्मित विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों को जिला प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निदेर्शों का अनुपालन करने को कहा। उन्होंने पूजा समिति सदस्यों से प्रतिमा विसर्जन,पंडाल परिसर में सीसीटीवी कैमरा व कंट्रोल रूम, बिजली व्यवस्था, वोलेंटियर एवं स्वच्छता को लेकर जानकारी ली और जरूरी दिशानिर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी नियमों का अनुपालन करते हुए एवं स्वच्छता को ध्यान में रख पूजा संपन्न कराने वाले पूजा समितियों को चिन्हित कर पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेस कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, एसडीपीओ वीएन सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, संबंधित प्रखंडों के बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### बरईकला गांव में खुला बीओआई का ग्राहक सेवा केंद्र

**कसमार :** कसमार प्रखंड के बरईकला हरिमंदिर के सामने शुक्रवार को बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य दिलीप महतो के द्वारा किया गया। इस दौरान पंचायत समिति के सदस्य श्री महतो ने बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक मंटू रजक की सराहना व्यक्त करते हुए कहा की हमलोग को कसमार आने जाने में बहुत परेशानी होती थी। अब बरईकला गांव में ही बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आमलोगों को मिलेगी। लिंक शाखा कसमार है। संचालिका प्रतिमा कुमारी कंपनी के अधिकारी निखिल कुमार समाजसेवी नीलम देवी, ईश्वर रजक, अरविंद करमाली, बहाली करमाली, श्रीकांत महतो, अमित महतो, देवचरण महतो और आवाम एसएचजी की दीदीयां उपस्थित थी।

### दुर्गा पूजा पंडालों को तंबाकू मुक्त परिसर बनाएं

**बोकारो :** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो के तहत जिला अंतर्गत सभी पूजा पंडाल परिसरों को तम्बाकू मुक्त परिसर घोषित किया गया है। पूजा पंडाल के 100 गज के दायरे में धुम्रपान या किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद एवं अन्य नशीले उत्पाद का सेवन एवं बिक्री करना कोटपा-2003 की धारा- 4 के तहत प्रतिबंधित किया गया है। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने शुक्रवार को सभी पूजा पंडाल समितियों को उक्त दायरे के अंदर तंबाकू उत्पाद का सेवन एवं बिक्री नहीं करने देना सुनिश्चत करने को कहा है। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है तो संबंधित थाने को इससे अवगत कराएं। थाना द्वारा कोटपा 2003 का अनुपालन करते हुए कार्रवाई करेंगे। उपायुक्त ने आम लोगों से भी अपील किया है कि वह उक्त कानून का अनुपालन कर सभी पूजा पंडाल परिसर को तंबाकू मुक्त परिसर बनाएं और जिला प्रशासन का सहयोग करें। वहीं, सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को उक्त कानून का अनुपालन अपने स्तर से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### दुगार्पूजा एवं छठ पूजा को धूमधाम मनाने का निर्णय



**चास :** हेल्पिंग हैंड्स चास बोकारो इकाई के द्वारा शुक्रवार को दुगार्पूजा एवं छठ पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर हेल्पिंग हैंड्स कार्यालय में बैठक की गई। अध्यक्षता संस्था के संस्थापक गोपाल मुरारिका ने की। सर्वसम्मति से बैठक में 23 अक्टूबर सोमवार नवमी के दिन चास चेक पोस्ट स्थित शिव एवं महावीर मंदिर में मां की पूजा के पश्चात महाप्रसाद का वितरण मंदिर परिसर से किया जाएगा। इस पूजा का कोऑर्डिनेटर अनूप पांडे को बनाया गया है। इस बार हेल्पिंग हैंड्स छठ घाट पर छठ पूजा को भी बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। साफ-सफाई रंग रोगन लाइट की व्यवस्था की जाएगी। छठ पूजा के कोऑर्डिनेटर चंद्रपाल चांदनी एवं राजेश चौधरी को बनाया गया है। सारे कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर की देखरेख में होगी। मौके पर संस्था के गोपाल मुरारका ने कहा कि संस्था के सदस्यों द्वारा 21 वर्षो से शिव महावीर मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। मौके पर प्रवक्ता संजय सोनी, रंजीत कुमार, बाबूलाल, राजेंद्र चौधरी, मंगल आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने फीता काटकर किया पुजा पंडाल का उद्घाटन



**चांडिल :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी कदमडीह द्वारा आयोजित दुगार्पूजा पंडाल का उद्घाटन षस्टी के पावन अवसर पर विधायक सविता महतो व जूना अखाड़ा के उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। इस दौरान कमिटी के द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर और चुनरी उड़ा कर सम्मानित किया। इस दौरन विधायक ने ईचागढ एवं प्रदेशवासियों के लिए माता रानी से सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने का प्रार्थना किया। इस अवसर पर जिले के पुलिस कप्तान बिमल कुमार, डीएसपी संजय कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश लायेक, प्रखंड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रविदास, जयदा मंदिर के महंत केशवानंद सरस्वती, महंत इंद्रानंद सरस्वती, समाजसेवी राकेश वर्मा, झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, काबलु महतो, रामकृष्ण महतो, सपन कुमार गुप्ता, संजय चौधरी, स्नेहा महतो, शिल्पी महतो, चंदन वर्मा, राजू दत्ता आदि कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### अनियंत्रित होकर 407 पलटा

**तमाड़ :** थाना क्षेत्र के रांची टाटा मार्ग पर पोड़ाडीह पर सड़क निर्माण करने वाली कम्पनी द्वारा बनाया गया डिभाडर से टकराने से बचने के लिये एक 407 ट्रक (जे एच 01 इ टी 7326) सड़क किनारे स्थित दो झोपड़ी नुमा होटल में घुस गया। ओर पलट गया।घटना से पेप्सी लदे इस वाहन के चालक और उप चालक बुरी तरह घायल हो गए । घटना अहले सुबह की है। झोपड़ी नुमा होटल पोड़ाडीह निवासी राजु गुप्ता ओर रोहित गुप्ता का बताया जाता हैं। बताया जाता है की झोपड़ियों में देर रात ठंड होने के कारण कोई नही रहता है।वहीं एन एच आई की लापरवाही वजह से उक्त जगह पर दिन प्रतिदिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

**आयोजन** नवरात्र के मौके पर आठ वर्षों से कन्या पूजन का कार्यक्रम हो रहा आयोजित

# सेवा भारती ने किया 101 कन्याओं का पूजन

- मुकुट माला चुनरी उड़ाकर किया गया श्रृंगार

राष्ट्रीय खबर




**चास :** सेवा भारती चास नगर के द्वारा नवरात्र के अवसर पर 101 कन्याओं का पूजन श्री श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर चास के प्रागंण में समाज के सभी सदस्यों के द्वारा किया गया। जिसमें सभी कन्याओं का चरण पक्षालन कर अलता लगा कर मुकुट माला चुनरी उड़ाकर सभी का श्रृंगार किया गया एवं उनकी पूजा की गई। महाआरती, भोजन एवं विभिन्न तरह के उपहार, फल, पठन-पाठन की सामग्री देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सेवा भारती चासनगर के साथ चास की मारवाड़ी महिला समिति, मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। मुख्य रूप से संस्थान के अध्यक्ष श्याम सुन्दर जैन ने बताया कि सेवा भारती विगत 8 वर्षों से लगातार कन्या पूजन का कार्यक्रम वृहत रूप से करते आ रही है। इस बार भी माता रानी की कृपा रही और सफलपूर्वक आयोजन करने में सभी लोगों का सराहनीय योगदान सेवा भारती को मिला और सेवा भारती समय-समय पर सेवा भाव से समाज सेवा करते रहती है। सचिव विकास अग्रवाल ने बताया कि सेवा भारती कन्या पूजन का कार्यक्रम हर वर्ष नवरात्र के अवसर पर करती है और समाज के सभी वर्गों का सहयोग इस कार्यक्रम में भरपूर मिलता है। मौके पर किशन रिटोलिया सुभाष केजरीवाल, हनुमान पिलानिया, दीपक खण्डेलवाल, ओमप्रकाश कपूर, प्रदीप पिपुरीया, पंकज बंसल, अशोक जगनानी, राजेंद्र जालान, गंगा भालोटिया, मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्षा संतोष केडिया, इन्दू अग्रवाल, मंजू केजरीवाल, मंजू रतन केजरीवाल, प्रतिक्षा जालान, राजेश बगडीया, मुकेश भगेरिया, सुधा पिपुरीया, सोनी जालान, लता भगेरिया, सेवा भारती बोकारो के सचिव जयनंदन तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद, चतरा
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, चतरा क्षेत्र अन्तर्गत साफ–सफाई, होल्डिंग टैक्स, जलापूर्ति, चापाकल, LED Street Light इत्यादि से संबंधित शिकायत/जानकारी हेतु नगर परिषद, चतरा के Mobile No./Whatsapp No.– 8210514088 पर कार्यालय अवधि प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा।

PR.NO.309704 Urban Development(23-24):D

जिला स्तरीय कार्यालय
झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ कैंट
ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं०/फैक्स नं० – 06553&231133,

विज्ञापन

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 के लिए पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के चयन हेतु योग्य एवं अर्हताधारी महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि–22.11.2023 तक निर्धारित है। आवेदन से संबंधित विस्तृत विवरणी रामगढ़ जिला के आधिकारिक वेबसाईट–www.ramgarh.nic.in पर उपलब्ध है। अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द/संशोधन करने का अधिकार झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिशद, राँची अथवा उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समिति, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR 309726 District(23-24)#D

शहर >> अपडेट

### कुडू में दो मोटरसाइकिल की चोरी

**कुडू** :कुडू शहरी क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी की घटना रुकने का नाम ही नही ले रहा है। गुरुवार को साप्ताहिक बाजार से चोरों ने फिर दो बाइक चोरी कर ले गए। कुडू इंदिरा गांधी चौक निवासी मोबाइल दुकान संचालक गुप्तेश्वर साहू के पुत्र विनय कुमार साहू अपनी सुपर सपेलेंडर प्लस नंबर जेएच 08ई 7805 बाइक को कुडू बाजार स्थित बन रहे अपने नया घर के बाहर सुबह 11 बजे खड़ा किया था।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### हत्या के दो आरोपियों को मिली आजीवन कारावास की सजा

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट** : तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने हत्या के आरोप में सिद्ध दोषी पाने के बाद आदिल अंसारी और करण कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई । मालूम हो कि सूचिका संगीता कुमारी ने 1 जुलाई 2021 को बोकारो थर्मल थाना प्रभारी के पास बयान दर्ज कराई थी कि उसके पति अनिल कुमार कुमार जो रेलवे में कार्यरत थे । वह 1 जुलाई की सुबह ड्यूटी के लिए घर से निकले थे । शाम लगभग 7 बजे किसी के द्वारा सूचना मिली कि उसके पति को रेलवे ट्रैक के सामने किसी के द्वारा हत्या कर दी गई है । सूचना पाने के जब वहां रेलवे अधिकारियों के साथ पहुंची तो देखा कि किसी ने धारदार हथियार से गला रेत कर उसके पति की हत्या कर दी गई है । उक्त बयान के आधार पर बोकारो थर्मल में मामला दर्ज किया गया । मामला दर्ज होने के बाद छानबीन के दौरान आदिल अंसारी और करण कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया । आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर जिला जज द्वितीय अनिल कुमार के न्यायालय में आया ।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### डायट भवन में यू डाइस भरने का दिया गया प्रशिक्षण

**पाकुड़** : डायट भवन पाकुड़ में जिले के सभी 6 प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, एमआईएस एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को मुकेश कुमार, प्रभारी एम आई एस के द्वारा यू डाइस 2023-24 को ऑनलाइन फुलफिल करने का विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि यू डाइस के सभी कलम सही एवं उपयुक्त प्रविष्टि की जाना चाहिए। थोड़ी सी लापरवाही कार्य के गति में रुकावट डालती है। सभी को इसे शुद्धता से स-समय भरनी चाहिए। उक्त प्रशिक्षण में सभी प्रखंडों से लगभग 120 प्रतिभागी उपस्थित हुए। बताया गया कि प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिनांक 25.10.2023 तक पूर्ण करते हुए सभी विद्यालयों को यू डाइस दिनांक 10.11.2023 तक निश्चित रूप से भराना सुनिश्चित करना चाहिए यह अति आवश्यक है। ता की स - समय सही सूचना दी जा सके।

### दुर्गा पूजा के मद्देनजर नगर में निकाला फ्लैग मार्च

**पाकुड़** : दुर्गा पूजा के मद्देनजर नजर नगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पाकुड़ शहरी क्षेत्र में पुलिस जवानों द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया गया। इस दौरान लोगों को जागरूक किया गया की दुर्गा पूजा के मद्देनजर सभी आपस में शांति बनाए रखें। लोग एक दूसरे का सहयोग करें। पुलिस आपकी मदद के लिए 24 घंटा तैयार है। पुलिस हर समय चौकस है और आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। सभी लोग दुर्गा पूजा आपसी आपसी सहमति और भाईचारा के साथ मनाएं।पुलिस की शरारती तत्वों पर पैनी निगाहें है। किसी भी सूरत पर कोई अभद्र टिप्पणी करने से बचे, सोशल मीडिया या व्हाट्सएप ग्रुप ट्विटर पर अपनी नजर बनाए रखें। किसी भी प्रकार आपत्तिजनक पोस्ट ना हो इस पर पूरी ध्यान रखें।

खेल का महत्व

विद्या भारती, बिहार उत्तर-पूर्व क्षेत्र का 34 वां खेलकूद समारोह का समापन किया गया

# खेल के प्रतिभागी प्रतियोगिता के साथ सहभागिता का भी भाव रखें : ब्रह्माजी राव

▶▶ जीवन में शिक्षा के साथ खेलकूद की बड़ी महत्ता है



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर** :रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के आतिथ्य में विद्या भारती, बिहार उत्तर-पूर्व क्षेत्र का 34 वां खेलकूद समारोह का समापन किया गया। समापन बेला में उपस्थित विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव ने प्रतिभागी भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में खेल के प्रतिभागी प्रतियोगिता के साथ आपस में सहभागिता का भी भाव रखें। खेल का यही उद्देश्य होना चाहिए।अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में रजरप्पा परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र नारायण प्रसाद ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ खेलकूद की बड़ी महत्ता है ।

क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख ब्रह्मदेव प्रसाद ने तीन दिवसीय खेलकूद के वृत्त निवेदन में बतलाया कि इस खेलकूद समारोह में झारखण्ड की विद्या विकास समिति तथा बिहार की लोक शिक्षा एवं भारती शिक्षा समिति के 57 विद्यालय से कुल 281 प्रतिभागी हिस्सा लिए। इसमें प्रथम स्थान चयनित प्रतिभागी सरस्वती विद्या मंदिर बेतिया, बिहार में 4 से 9 नवंबर तक अखिल भारतीय खेलकूद में भाग लेंगे। फिर उसमें श्रेष्ठ खिलाड़ी एस. जी.एफ.आई. में हिस्सा लेते हैं।आज भी शेष कई प्रतिस्पर्द्धा संपन्न हुई तथा प्रतिभागियों को आगत अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।अंडर 14 बाल वर्ग भैया एवं बहन के वर्ग में प्रथम विद्या विकास समिति झारखण्ड,द्वितीय भारती शिक्षा समिति बिहार एवं तृतीय लोक शिक्षा समिति बिहार ,अंडर 17 किशोर वर्ग के भैया- बहन में प्रथम विद्या विकास समिति ,झारखण्ड, द्वितीय लोक शिक्षा समिति, बिहार एवं तृतीय भारती शिक्षा समिति, बिहार,अंडर 19 तरुण वर्ग के भैया- बहन में भी प्रथम विद्या विकास समिति,झारखण्ड, द्वितीय भारती शिक्षा समिति, बिहार तथा तृतीय लोक शिक्षा समिति बिहार को पुरस्कृत किया गया।इस तरह ऑवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब विद्या विकास समिति, झारखण्ड को मिला। सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप अंडर 17 बहन वर्ग के बहन तृषा, राजकमल धनबाद को मिला।व्यक्तिगत चैंपियन भैया वर्ग अंडर 19 में जीवन कुमार, बाघमारा,प्राची राय राजकमल धनबाद, अंशु कुमारी,तथा रिया कुमारी को दिया गया।

समारोह के समापन की घोषणा विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने किया तथा दक्षिण बिहार के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने ध्वजावतरण कर क्षेत्रीय सचिव,उत्तर-पूर्व क्षेत्र नकुल कुमार शर्मा को प्रदान किया।श्री शर्मा द्वारा समारोह की सफलता पर सबों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर विद्या विकास समिति, झारखण्ड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी,क्षेत्रीय सह खेलकूद प्रमुख कृष्ण कुमार प्रसाद,प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी,राजेश्वर शर्मा, तीनों समिति के अधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा किया गया जबकि मंच संचालन राँची विभाग निरीक्षक फणीन्द्र नाथ झा एवं पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम को धनबाद जिला निरीक्षक विवेक नयन पांडेय के द्वारा संपन्न किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अमरदीप नाथ शाहदेव, बचुलाल तिवारी, चितरंजन लाल खन्ना,शुक्ल चौधरी, अमृता चौधरी, गायत्री पाठक, राकेश कुमार सहाय, शशिकांत, अनूप कुमार झा, शंभुशरण मिश्र,दुर्गा प्रसाद महतो, विदेश सिंह, पूनम सिंह, ज्योति राजहंस, सत्येंद्र कुमार मिश्र,कुंदन कुमार मिश्र, रानी कुमारी,अशोक कुमार सुधांशु,इंद्रजीत कुमार सिंह,अनिल कुमार त्रिपाठी, रेखा कुमारी सहित सभी कर्मचारियों की प्रमुख भूमिका रही।

### बरलंगा में लोहा लदा ट्रक पकड़ा गया



**बरलंगा** : गोला-मुरी रोड में बरलंगा थाना क्षेत्र के जोगिया बाबा के पास पुलिस ने अवैध लोहा लदा एक ट्रेलर (जेएच 02 बीएल/3397) को जप्त कर थाना ले गई। इस संबंध में थाना में कांड अंकित कर ट्रेलर चालक को न्यायालय भेजा गया। बताया जाता है कि ट्रेलर पर 40 टन लोहा लदा था। ट्रेलर टाटा से यूपी जा रही थी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार छापामारी की गई। इस छापामारी में पुअ नि अनंत कुमार सिंह (थाना प्रभारी)) सैप बल के जवान के साथ मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा के मद्देनजर गगन पहाड़ी में शांति समिति की बैठक संपन्न

**पाकुड़** : दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिले के सभी थाना अलर्ट मूड में है। थानों में शांति समिति की बैठकों का दोर जारी है। इस क्रम में पाकुड़ मुफ़्फसील थाना अंतर्गत ग्राम गगन पहाड़ी में अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल पाकुड़ की अध्यक्षता मे अंचलाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक, पाकुड़ के साथ ग्राम-गगन पहाड़ी में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसमे सभी समुदाय के लोग उपस्थित रहे। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी में उपस्थित सभी जनों से अपील की कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। इसे सभी लोग मिलजुल कर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपुण वातावरण में मनाए। उन्होंने लोगों से अपील की वह किसी के बहकावे में अफवाह ना आवे और ना ही कोई आपत्तिजनक टिप्पणी करें जिससे कि प्रशासन को सख्ती करना पड़े। किसी भी सूरत में कानून को अपने हाथ में ना ले। किसी भी तरह की घटना दुर्घटना अन्य अन्य बातों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने में सूचित करें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस आपकी सेवा में 24 घंटे लगी है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है। इस क्रम में उन्होंने सभी ग्राम वासियों को पूजा की शुभकामनाए दी। मौके पर सी ओ भागीरथ महतो एवं मु0 थाना प्रभारी सतीश कुमार उपस्थित रहे।

युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष की मार्मिक अपील

## ऑनलाइन की जगह छोटे दुकानदारों से करे खरीदारी तभी बनेगा आत्मनिर्भर भारत



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** :युवा व्यवसायी संघ फुसरो के निवर्तमान अध्यक्ष आर.उनेश ने लोगों से अपील किया है कि त्योहार मे ऑनलाइन खरीदारी कर रहे है। जिससे छोटे दुकानदारों को काफी असर हो रहा है। इसलिए सभी लोग बाजार में समान छोटे-छोटे दुकानदार से ही खरीदारी करें। छोटे दुकानदार ही आपके सुख-दुख के साथी हैं। छोटे दुकानदारों से ही समान खरीद कर अपने रिश्ते को भी मजबूत करें और स्थानीय व्यापार को मजबूत करने का कार्य करें। तभी आत्मनिर्भर भारत अभियान सफल होगा।

## सीसीएल ढोरी, बीएंडके तथा कथारा एरिया के विस्थापितों की संयुक्त बैठक हुई



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : बेरमो कोयलांचल स्थित सीसीएल के तीनों एरिया ढोरी, बीएंडके व कथारा एरिया के विस्थापितों की बैठक गुरुवार को करगली गेट स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में आजसू पार्टी के वरीय नेता संतोष महतो के नेतृत्व में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो मौजूद थे। बैठक में उपस्थित विभिन्न क्षेत्र के विस्थापितों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। इसके समाधान को लेकर 27 नंवबर से बृहद आंदोलन करते हुए सीसीएल के तीनों एरिया एवं डीवीसी का चक्काजाम आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।यहां सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि संगठित होकर अपने हक एवं अधिकारी के लिए संघर्ष करते हुए लड़ाई लड़नी होगी। समस्या को सुचीबद्ध कर एक एजेंडा बनाकर तीनों एरिया के प्रबंधन को सौंपे। कहा कि आप लोग अंतिम लड़ाई के लिए तैयार रहें जबतक अपका हक अधिकार नहीं मिलेगा यह लड़ाई जारी रहेगी। वहीं विशिष्ट अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आप सभी ने कई लड़ाई लड़ी होगी। लेकिन यह लडाई निर्णायक होगी। जिसे संवैधानित रूप से लड़ी जाएगी।मौके पर आजसू नेता संतोष महतो, बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी, धनेश्वर महतो, घनश्याम महतो, धनेश्वर महतो, महेंद्र चौधरी, सूरज महतो, मुखिया सीमा महतो सहित उमेश भुईंया, महादेव महतो, सुरेश रवि, सेवा महतो, भरत महतो, महेश बसंत महतो, देशमुख, सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो, नरेश महतो आदि उपस्थित थे।

बेरमो कोयलांचल के 5 से 7 किलोमीटर एरिया में चार भव्य पुजा पंडाल का निर्माण

## इस बार श्रद्धालुओं के लिए एक से बढ़कर एक भव्य पंडाल बनेगा मुख्य आकर्षण का केंद्र



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा /जारंगडीह** : यूं तो पुरे बेरमो कोयलांचल में इन दिनों दुर्गा पुजा की धुम मची हुई है। हर तरफ हर स्तर पर सभी तरह की तैयारी अपनी अंतिम चरण में देखी जा सकती है। इतना ही नहीं जरीडीह बाजार, जारंगडीह, कथारा, कथारा चार नंबर पुजा समिति मे मानो इस बार एक दुसरे आगे निकलने की होड़ मची है। शायद यही कारण है कि भव्य दुर्गा प्रतिमा के साथ साथ सुन्दर और आकर्षक पुजा पंडाल का निर्माण करवाया गया। चारो ही पुजा समिति के लोग दिन रात मेहनत व लगन के साथ पंडालों को खुबसूरत बनाने मे जद्दोजहद की है। बहरहाल इन चारो पुजा समितियों के बीच आकर्षक पंडाल बनाने व सजाने की प्रतियोगिता हो अथवा ना हो मगर क्षेत्र के लोगो को इस बार दुर्गा जी की भव्य प्रतिमा के पुजा अर्चना करने के साथ साथ एक से बढ़कर एक पुजा पंडाल उनके लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनने वाली हैं। इतना ही नहीं इन चारो पुजा पंडालों मे मेले का विशेष आयोजन के साथ साथ एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजन के साथ साथ आइसक्रीम स्टॉल लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आज यानी शुक्रवार को देर शाम माता पट आम जनों के लिए खोल दिया जायेगा जिसके बाद आम जन आज से ही माता के दर्शन पुजा अर्चना के साथ साथ मेला का भी आनंद उठा सकेंगे। दुसरे शब्दों में कहे तो दुर्गा पुजा के त्योहार को लेकर पुरा बेरमो कोयलांचल सजधजकर पुरी तरह तैयार है वही विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने भी कमान संभाल लिया है। पुलिस अपने अपने थाना क्षेत्र खासकर दुर्गा पुजा स्थलों पर गश्त बढ़ाने के अलावे सभी पुजा पंडालों को सीसीटीवी कैमरो से लैश कर दिया है। इतना ही नहीं पुलिस के जवान सभी मुख्य चौक चौराहों के अलावे बाजारो और पुजा पंडालों इर्द गिर्द तैनात किया गया है। यानी किसी भी तरह की शरारत इस बार पुलिस प्रशासन बर्दाश्त करने के मुड मे नही दिख रही है। बताता चलू कि जारंगडीह मे जहां पंडाल उत्तराखंड के बद्रीनाथ मंदिर की आकृति लिए खड़ी है वही कथारा मुख्य बाजार में स्थानीय पुजा पंडाल वेटिकन सिटी की आकृति में है ।

## कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों को दी विदाई



राष्ट्रीय खबर

**चितारपुर** : चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में अर्थशास्त्र विभाग के जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों को एक कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने छात्रों के साथ केक काटकर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि आज का यह पल सुख और दुःख दोनों परिवेश का समावेश है, आप इस संस्थान के विद्यार्थी रहे हैं और भविष्य में आप जहाँ भी रहें एक लक्ष्य के साथ रहें निश्चित आपको सफलता मिलेगी। अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू कुमारी ने कहा कि मैं आपके साथ हमेशा एक शिक्षक से ज्यादा एक दोस्त रूप में रही हूँ और आगे भी आपका मार्गदर्शन करने के लिए मेरे साथ-साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षगण सदैव आपके लिए तत्पर रहेंगे, उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. जूही उपाध्याय, निरंजन महतो, प्रो. कुर्रुतलेंन, प्रो. निकहत प्रवीण, प्रो. शाहनवाज खान, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. उत्तम कुमार, प्रो. शबाना अंजुम, डॉ हीना कौसर, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. मीना मुंडा, डॉ साजिया प्रवीण, सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित थी।

कार्यक्रम

नवरात्रि के शुभ अवसर पर, फुसरो के

## एनडीपीएस में डांडिया आयोजन, जमकर थिरकीं महिलाएं

▶▶ मां दुर्गे की उपासना और आरती उतार की हुई

▶▶ कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या महिलाएं शामिल हुई




राष्ट्रीय खबर

**बेरमो**:नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल में किया गया। ऐश्वर्या ब्यूटी पार्लर फुसरो के द्वारा यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विधायक की मां रानी सिंह, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय की धर्मपत्नी लक्ष्मी पांडेय, ढोरी जीएम की धर्मपत्नी अर्चना अग्रवाल बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी, वार्ड पार्षद रशिम सिह,भाजपा नेत्री अर्चना सिंह ने कहा कि डांडिया धार्मिक महत्व के साथ ही यह आनंद व मस्ती के रंग बिखरने के लिए जाना जाता है। महिलाओं के लिए अपने संस्कृति से जुड़ने का सुनहरा अवसर होता है। कहा कि पहले रास-गरबा सिर्फ गुजराती समाज तक सीमित था लेकिन अब इसकी लोकप्रियता व इसके प्रति इतना लगाव बढ़ गया है कि शायद ही कोई ऐसा समाज होगा जहा इसका आयोजन नहीं होता है। न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल फुसरो के डायरेक्टर सुषमा सिंह ने कहा कि इस तरह के सामूहिक आयोजन से महिला सशक्तिकरण को बल मिलता है। हम सभी शक्ति रूपी मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते हैं और समाज के सुख समृद्धि, उन्नति समेत परिवार के विकास की कामना करते हैं। माता रानी आप सबों की मनोकामना पूर्ण करें। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली महिलाओ को उन्होंने धन्यवाद दिया।

मां दुर्गे की उपासना और आरती उतार की हुई। इसके बाद शुरू हुआ डांडिया नृत्य। प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इसमें शहर की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिलाओं को आमंत्रित किया गया। मां दुर्गा की आराधना



जिसमें नवरात्रि के भजनों के बीच महिलाओं ,युवतियों और बच्चो ने जमकर डांडिया नृत्य की। अतिथियो ने विजयी करते हुए डांडिया कार्यक्रम में महिलाएं सम्मिलित हुई। विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना के अंतर्गत

## कुड़ेदान एवं 75-75 सोलर लालटेन का वितरण




राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** :सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा कोलियरी की प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना के अंतर्गत शुक्रवार को परियोजना कार्यालय के सभागार कक्ष में चार पंचायत क्रमशः बोरिया उत्तरी, बोरिया दक्षिणी, कथारा एवं सरहचिया पंचायत के लाभूको के लिए 75-75 कुडेदान एवं 75-75 सोलर लालटेन पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति को उपलब्ध करवाया गया । कार्यक्रम के दौरान सतर्कता जागरुक्ता अभियान के विषय पर भी चर्चा की गई । सभी लोगों को सतर्कता जागरुक्ता अभियान के अंतर्गत दूर्गेश कुमार सिन्हा, परियोजना पदाधिकारी, कथारा कोलियरी के द्वारा सत्यनिष्टा का शपथ दिलाया गया। पंचायत प्रतिनिधियों में बोरिया उत्तरी के मुखिया कामेश्वार महतो, बोरिया दक्षिणी के मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम प्रसाद, पंचायत समिति बैज्जू कुमार ,कथारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र कुमार , पंचायत समिति श्रीमती निभा देवी एवं दुलारी देवी तथा सरहचिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने भाग लिया।

संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट में ईडी के भय का टूटता तिलिस्म

धीरे धीरे यह स्पष्ट होता जा रहा है कि विरोधी दलों के आरोपों में दम है कि मोदी सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग विरोधी दलों के नेताओं को डराने और उनके दमन में किया है। दिल्ली की बात करें तो यह साफ है कि वहां की चुनी हुई सरकार को काम नहीं करने देने के लिए एक के बाद एक हथकंडे आजमाये गये हैं। इनका असर क्या होगा, यह अगले चुनाव में साफ हो जाएगा। इसके बीच ही सुप्रीम कोर्ट में केंद्रीय एजेंसी ईडी की गिरफ्तारी पर सवाल उठाना इस एजेंसी के साथ साथ केंद्र सरकार को भी कटघरे में खड़ा कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उप प्रमुख और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई द्वारा जांच की जा रही शराब नीति मामले और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। मजेदार स्थिति यह है कि कथित मोदी समर्थक मीडिया में करोड़ो रुपया जब्त होने की दावेदारी के बाद अदालत में यह पता चला कि पैसे के लेनदेन का कोई पुख्ता



सबूत ही जांच एजेंसी के पास नहीं है। अदालत ने ईडी से कहा, आपको एक श्रृंखला स्थापित करनी होगी। पैसा शराब लॉबी से व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। हम आपसे सहमत हैं कि श्रृंखला स्थापित करना कठिन है क्योंकि सब कुछ गुप्त रूप से किया जाता है। लेकिन यहीं आपकी क्षमता आती है। आपने दो आंकड़े लिए हैं, 100 करोड़ और 30 करोड़। आरोपी को यह भुगतान किसने किया? ऐसे बहुत से लोग हो सकते हैं जो पैसा दे रहे हों, जरूरी नहीं कि वे शराब नीति से जुड़े हों। सबूत कहां है? दिनेश अरोड़ा (व्यवसायी) स्वयं प्राप्तकर्ता हैं। सबूत कहां है? क्या दिनेश अरोड़ा के बयान के अलावा कोई और सबूत है? श्रृंखला पूरी तरह से स्थापित नहीं है। हम समझते हैं कि नीति में बदलाव हुआ है। हर कोई उन नीतियों का समर्थन करेगा जो व्यवसायों के लिए अच्छी हैं। दबाव समूह हमेशा मौजूद रहते हैं। नीति में परिवर्तन, भले ही गलत हो, बिना पैसे के विचार के कोई मायने नहीं रखेगा। यह पैसे का हिस्सा है जो इसे अपराध बनाता है। मनीष सिसौदिया इस सब में शामिल नहीं हैं। यदि यह एक ऐसी कंपनी है जिसके साथ वह शामिल है, तो हमारी परोक्ष देनदारी बनती है। अन्यथा, अभियोजन लड़खड़ा जाएगा। मनी लॉन्ड्रिंग पूरी तरह से एक अलग अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई और ईडी से कहा कि वे दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया को अनिश्चित अवधि के लिए जेल में नहीं रख सकते। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने दोनों जांच एजेंसियों की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से पूछा कि निचली अदालत में सिसौदिया के खिलाफ आरोपों पर बहस कब शुरू होगी। शीर्ष अदालत सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्हें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों द्वारा जांच की जा रही उत्पाद नीति मामलों में गिरफ्तार किया गया था। घंटे भर चली सुनवाई के दौरान, राजू ने कहा कि अगर उप मुख्यमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति और उत्पाद शुल्क विभाग सहित 18 विभाग संभाल रहा है, रिश्वत लेता है तो एक उचित उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है। बस इस व्यक्ति की भूमिका पर एक नजर डालें। नीतिगत बदलाव से उपभोक्ताओं को अपना पैसा नहीं मिल सका है। मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश दिखाने के लिए व्हाट्सएप चैट और अन्य संचार हैं। राजू ने दावा किया कि मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध को दिखाने के लिए और अपने मोबाइल फोन को नष्ट करके सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप को पुष्ट करने के लिए पर्याप्त सामग्री थी, जो जमानत से इनकार करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा, हाथ मरोड़ने का एक उदाहरण भी था जहां एक थोक व्यापारी को अपना लाइसेंस छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था, जबकि एक फर्म को मानदंडों पर खरा नहीं उतरने के बावजूद लाइसेंस दिया गया था। धारा 17ए एक पुलिस अधिकारी के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत किसी लोक सेवक द्वारा किए गए कथित अपराध की जांच या जांच करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन लेने की अनिवार्य आवश्यकता निर्धारित करती है। आरोप लगाया गया कि नई उत्पाद शुल्क नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया है और इससे उपभोक्ताओं को अधिक भुगतान करना पड़ेगा। ईडी ने तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ के बाद 9 मार्च को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सिसोदिया ने 28 फरवरी को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। अब पहली बार ईडी के साथ साथ केंद्र सरकार भी सबूत पेश करने के दबाव में है और यह स्पष्ट हो गया है कि अब तक इस मामले में मीडिया में कुप्रचार के अलावा अदालत में विचार योग्य कोई सबूत नहीं है।

# आजम को सियासी रसूख से सलाखों के पीछे तक के सफर में राहत की उम्मीद कम

एक समय जिस समाजवादी नेता की भैंस को तलाशने के लिए सैकड़ों पुलिस वाले जमीन-आसमान एक कर देते थे।जिसके गुस्से से नेताजी मुलायम सिंह यादव तक परेशान हो जाते थे,जो शख्स अपने गृह जनपद रामपुर की चुनावी सभाओं में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर तनखईयों (तनख्वाह पाने वाले आईएएस/पीसीएस अफरस)से अपने जूते साफ कराने का सपना पाला करता था। सेना में विद्वेष पैदा करना,महिलाओं के अंडर गावर्मेंट का कलर बता देने की हिमाकत करना,हिन्दुओं को गाली देना,गरीबों की जमीन हड़प लेना आदि कृत्य करना अपना जन्म सिद्व अधिकार समझता था,जिसने ताउम्र दोस्त कम दुश्मन ज्यादा बनाये आज वह अपने कर्मो की वजह से एक बार फिर जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया है।बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां की गुस्ताखियों की हो रही है,वैसे तो सत्ता के नशें में आजम ने कई बार कानून को ठेंगा दिखाया होगा,लेकिन उसमें से एक गुस्ताखी ने न केवल उनका सियासी करियर तबाह दिया बल्कि जेल की सलाखों के पीछे भी पहुंचा दिया।आजम को तो जेल जाना ही पड़ा,उनकी बीवी तजीन फात्मा और बेटा अब्दुल्ला भी उनके साथ ह्यसरकारी हवेली में पहुंच गया।



संजय सक्सेना
पत्रकार

दशकों पूर्व वकालत छोड़कर राजनीति में उतरे आजम खान को अपनी ताकत का इतना गुमान था कि वह बेटे को कम उम्र में चुनाव लड़ा बैठे। जिसके सबूत उनके विरोधियों को मिल गए और फिर आजम खान कोर्ट-कचहरी में फंसते चले गए।उन पर और उनसे परिवार पर एक के बाद एक मुकदमे दर्ज होते गए।

इसी क्रम में बेटे अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां के साथ ही उनकी पत्नी और बेटे को भी रामपुर के एमपी/एमएलए कोर्ट से सात साल की सजा मिलने के बाद जेल भेज दिया गया।आज भले ही समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव अपनी पार्टी के धोखाधड़ी करने वाले नेता आजम खान और उनके परिवार को मिली सजा में मुस्लिम एंगिल तलाश रहे हों,लेकिन सच्चाई यही है कि आजम के परिवार को उनके कर्मो की सजा मिली है।यह सजा इसलिए नहीं मिली क्योंकि वह मुसलमान थे,बल्कि अदालत में साक्ष्यों के आधार पर तीनों गुनाहागार साबित हुए हैं। अखिलेश यादव को यदि लगता है कि कभी आतंकवादियों तो अब गुनाहागार आजम खान के बचाव में खड़े होकर वह मुस्लिम वोटों के रहनुमा बने रहेंगे तो यह मुसलमानों के सोचने का विषय है कि क्या वह ऐसे नेता अखिलेश यादव के साथ खड़ा रहना पसंद करेंगे जो आतंकवादियों/गुनाहागरों को मुलसमानों के साथ जोड़कर उनके समाज की छवि को लम्बे समय से दागदार और धूमिल करते रहे हैं। कोर्ट ने आजम पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा जब लोकसेवक ही जनता से धोखाधड़ी कर गलत तथ्यों के आधार पर अपना प्रतिनिधित्व दशार्ता है तो ऐसे में लोकसेवक से जनता के हिम की अपेक्षा करना संभव नहीं है।

बहरहाल, कुल मिलाकर लगता है कि रामपुर की सियासत में आजम का सितारा डूब चुका है।अब उनको रामपुर से चुनाव जीतने में लाले पड़ जाते हैं,किसी और को चुनाव जिताने की बात तो दूर की कौड़ी हो गई है। अतीत के पन्नों को पलटा जाये तो यह साफ हो जाता है कि एक समय आजम खान समाजवादी पार्टी के फायर ब्रांड नेता और मुस्लिम चेहरा हुआ करते थे। अपने करीब 40 वर्षो के सियासी कैरियर के दौरान आजम रामपुर शहर से 10 बार विधायक रहे। साल 2019 में लोकसभा सदस्य भी बने।

इससे पहले वह राज्यसभा सदस्य और प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष भी रहे। प्रदेश में जब भी सपा की सरकार बनी, तब वह कई-कई विभागों के मंत्री रहे। सपा सरकार में उनकी तूती बोलती थी।पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलामय सिंह यादव के बाद पश्चात नंबर दो पर आजम खान का नाम आता था,यहां तक की आजम के रूतबे के चलते शिवपाल यादव तक पार्टी में तीसरे नंबर पर रहते थे,आजम के आगे पीछे अफसरों की लाइन लगी रहती थी। दर्जनों पुलिस वाले उनकी सुरक्षा में मुस्तैद रहते थे।वह जिधर से गुजरते थे,सड़के अतिक्रमण मुक्त होकर चमचमाने लगती थी। बड़े-बड़े अधिकारियों की उनके सामने बोलने की हिम्मत नहीं थी। अफसरों पर गुरार्ना और उन्हें जनता के बीच जलील करना आजम की आदत में शामिल था। साल 2005 में नगर विकास मंत्री रहते तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट नवाब अली खां को इतनी बुरी तरह हड़काया कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े थे।आजम सबसे अधिक भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ही नहीं उनके कार्यकताओं और वोटरों तक से अदावत रखते थे।बसपा सुप्रीमों मायावती के लिए भी आजम उलटा-सीधा बोलते समय मयार्दा की सीमा लांघ जाया करते थे।साम्प्रदयिकता उनके खून में रची बसी थी।मुजफ्फरनगर दंगों के समय सरकार में रहते आजम ने खुलकर एक मुस्लिम पक्ष के दंगाइयों का साथ दिया और पुलिस को भी ऐसा करने के लिए मजबूर कर दिया। अगर आजम खान के खिलाफ स्टिंग नहीं होता तो कभी सच्चाई सामने ही नहीं आती। स्टिंग से यह साफ हो गया था कि मुजफ्फरनगर के दंगे बिल्कुल सरकार की स्क्रिप्ट के मुताबिक चल रहे थे। बीजेपी के विधायक पहले से ही कटघरे में थे और कुछ ही दिन की बात थी कि वे सलाखों के पीछे भी पहुंच जाते, लेकिन, कहानी में तब अप्रत्याशित मोड़ आ गया जब एक टीवी चौनल के गुप्त ऑपरेशन में पुलिस ने दावा किया कि दंगाइयों पर धीमी गति से कार्रवाई करने का राजनीतिक दबाव था।स्टिंग में पुलिस वाले दावा करते दिखे कि मुजफ्फरनगर के प्रभारी मंत्री आजम खान दंगों के दौरान पुलिस को निर्देश दे रहे थे। इसके पश्चात निष्पक्ष जांच के सरकारी दावों पर और संदेह जताते हुए स्टिंग में शामिल दो पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया था।

आजम खान उस सियासी ताकत के गुमान में थे,जो कभी स्थायी नहीं रहा है।सत्ता के नशे में चूर आजम मनमाने फैसले लेते रहे।धोखाधड़ी करके बेटे को भी उन्होंने कम उम्र में ही चुनाव लड़ा दिया। उनके छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम साल 2017 में पहली बार स्वार टांडा से सपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़े। तब उनके मुकाबले चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने नामांकन के दौरान ही आपत्ति दाखिल की थी कि अब्दुल्ला की उम्र चुनाव लड़ने की योग्य नहीं है।इसलिए उनका पर्चा खारिज कर दिया जाए, लेकिन उनके पास उम्र कम होने का कोई सबूत नहीं था। इस करण अब्दुल्ला का पर्चा खारिज नहीं हो सका। चुनाव के बाद नवेद मियां ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। उन्होंने अब्दुल्ला की हाई स्कूल की मार्कशीट की कापी भी ले ली, जिसमें उनकी उम्र एक जनवरी 1993 दर्ज थी। इसके हिसाब से साल 2017 में चुनाव के समय अब्दुल्ला की उम्र 25 साल पूरी नहीं थी, बल्कि 11 महीने कम थी। फिर भी वह चुनाव लड़ गए। उन्होंने 30 सितंबर 1990 को लखनऊ के अस्पताल में पैदा होना दशार्ते हुए दूसरा जन्म प्रमाण पत्र बनवा लिया। इस तरह उन्होंने एक जन्म प्रमाण पत्र रामपुर नगर पालिका से बनवाया तो दूसरा लखनऊ से।

साहित्य

# राजस्थान में बदलाव की बयार

राजस्थान में पिछले तीस वर्षों से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भाजपा हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाए रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन, भारतीय आदिवासी पाटी, वामपंथी पार्टिया जैसे छोटे राजनीतिक दल भी प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति बनकर सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेना चाहते हैं।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र-पत्रकार

**राजस्थान में पिछले 30 वर्षो से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है।**

राजस्थान में पिछले 30 वर्षो से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस पार्टी में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे। जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, कुंवर नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था।

बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रतिद्वंदी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाईन हो चुके हैं। गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक कैरियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। जिसके लिए मल्लिकार्जुन ख?गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आए थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए थे।

मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नए नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्षों में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताये जा रहे हैं।


# गुरु शिष्य और तितली

**अब गतांक से आगे .. ..**

उसने गुरूजी से पूछा की गुरूजी ऐसा क्यों हो गया। गुरूजी बोले -तुमने इस अण्डे को जीवन देने के बजाय इसकी जीवन ले ली।

तुमने उस इल्ली की पीड़ा देखी जबकि वास्तव में वह पीड़ा थी ही नहीं, इल्ली बार-बार अपने पंख से अण्डे पर प्रहार किये जा रही थी। जिससे उसके पंखो पर मजबूती आ रही थी और कुछ दिन बाद उसके पैर मजबूत हो भी जाते, वह खुद से उस अण्डे को तोड़ पाती, फीर वह स्वतंत्र होकर घूमती फिरती फूलों का आनंद लेती।

प्रेरक प्रसंग



दोस्तों इस छोटी सी कहानी का सार यह है की हम अपने बच्चों को या किसी अपने को या फिर खुद को तकलीफ देना ही नहीं चाहते हम चाहते है की उन्हें बिना तकलीफ किये ही सारा सुख मिले।

प्रयाश करना, हार जाना, फिर प्रयास करना, और प्रयाश करते रहना। हम ये नहीं चाहते, हम यह चाहते है की हमे बिना प्रयास किये सफलता मिले, हमे जीवन में कोई कष्ट उठाना ना पड़े।

दु:ख तकलीफ होने पर रोते तो सभी हैं, पर बहुत कम ही ऐसे लोग होते हैं जो संघर्ष करते हैं।

अधिकतर लोग अपने जीवन से समझौता किये हुए होते है और डर-डर कर अपना जीवन गुजार देते हैं। याद रखिये परिस्थितियों को बदलने का नाम ही संघर्ष है। .. ..**समाप्त।**

जानकारी

# बेंगलुरु से ऊटी



बेंगलुरु से ऊटी तक की यह सड़क 36 हेयरपिन मोड़ों के लिए फेमस है। यहां पर आपको हरी घास, चाय के बागान, ऊंचे पहाड़ और धुंध से भरे पहाड़ देखने को मिलेंगे। यह सड़क बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान से भी होकर गुजरती है, जहां पर हाथी, हिरण और बाघ जैसे वन्यजीवों को भी आप देख सकते गैं। इस यात्रा में करीब 6 घंटे का समय लगता है। इसके अलावा यहां पर आपको कई रेस्तरां आदि भी मिलेंगे। इस यात्रा पर जाने के लिए सबसे अच्छा समय अक्टूबर से जून का है। भारत का दक्षिणी हिस्सा दुनिया में घूमने और आराम करने के लिए बेहतरीन जगहों से भरा हुआ है। उत्तम मंदिरों से लेकर लुभावने हिल स्टेशन, प्राचीन समुद्र तट और आश्चर्यजनक बैकवाटर तक, आप इसका नाम लें और दक्षिण भारत में यह सब कुछ है। ऐसी ही एक जगह है बेंगलुरु, जिसे कई नामों से जाना जाता है; सिलिकॉन वैली, भारत की स्टार्टअप राजधानी और दक्षिण का गार्डन सिटी। कर्नाटक का प्रगतिशील शहर, बैंगलोर, जिसे अब आधिकारिक तौर पर बेंगलुरु के नाम से जाना जाता है, में साल भर सुहावना मौसम रहता है।

# Honor X9b फोन 108MP कैमरा के साथ लॉन्च

नई दिल्ली: Honor मलेशिया में जल्द ही Honor X9b मिड-रेंज स्मार्टफोन को लॉन्च करेगी। हालांकि, स्मार्टफोन पहले से ही Honor की यूएई वेबसाइट पर लिस्टेड है। नया फोन Honor X9a के सक्सेसर के तौर पर आया है। Honor के अनुसार, इसका डिस्प्ले 360-डिग्री एंटी-ड्रॉप सिक्योरिटी प्रदान करता है। इसमें स्क्रीन, फ्रेम और इंटरनल कंपोनेंट के लिए एक नई 3-लेवल सिक्योरिटी सिस्टम है। यहां Honor X9b के फीचर्स और स्पेसिफिकेशन से लेकर कीमत आदि के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



**Honor X9b की कीमत और उपलब्धता**

Honor द्वारा अभी Honor X9b की कीमत का खुलासा करना बाकि है। कलर ऑप्शन के लिए यह Midnight Black, Emerald Greenऔर Sunrise Orange के साथ वीगन लैदर बैक ऑप्शन में आएगा। हालांकि, अन्य मार्केट में यह फोन आएगा या नहीं इसका खुलासा नहीं हुआ है।

साइबर दुनिया

**Honor X9b के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

Honor X9b में 6.78 इंच की AMOLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1200 X 2652 पिक्सल, आस्पेक्ट रेशियो 19.9:9 और 10-बिट कलर्स हैं। Honor X9b ऑक्टा कोर Snapdragon 6 Gen 1 पर काम करता है। इस फोन में 8GB/12GB RAM और 256GB इंटरनल स्टोरेज दी गई है। यह एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड Magic OS 7.2 के साथ आता है। इस फोन में 5,800mAh की बैटरी दी गई है जो कि 35ह फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट करता है।

कैमरा सेटअप के मामले में Honor X9b के फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है। वहीं इसके रियर में 108 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 5 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड कैमरा और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो कैमरा दिया गया है। कनेक्टिविटी ऑप्शंस में ड्यूल सिम, 5जी, वाई-फाई, ब्लूटूथ 5.1, जीपीएस, एनएफसी, यूएसबी टाइप सी पोर्ट और 3.5 ऑडियो जैक दिया गया है।

टॉप ट्वीट

"कांग्रेस की कल सूची जारी हुई है, कुछ टिकट श्री कमलनाथ तो, कुछ श्री दिग्विजय सिह ले गए। बाकी हाथ मलते रह गए। उन्होंने कहा कि अब आपस में ही लड़ाई मची हुई है। विरोध हो रहा है, पुतले जल रहे हैं। एक अपने पुत्र को और दूसरा अपने पुत्र को स्थापित कर रहा है। कांग्रेस के अंदर भी दुर्गति है।"

शिवराज सिह चौहान
मुख्यमंत्री





"टाइगर और जोया पार्टी के लिए तैयार हैं। ह्यलेके प्रभु का नामह्ण 23 अक्टूबर को धूम मचाएगा। देखो एक छोटी सी झलक।ह्ण ह्यलेके प्रभु का नामह्ण को अरिजीत सिह ने अपनी आवाज दी है।"

सलमान खान
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## राजनीति अपराधियों की जकड़ में

राजनीति पूरी तरह अपराधियों की जकड़ में है। साफ, स्वच्छ चरित्र नेता बड़ी मुश्किल मिल पाते हैं। अपराध करके व्यक्ति जिस तरह राजनीति का कवच धारण कर लेता है उसके लिए फर्जी प्रमाण पत्र के खिलाफ कोर्ट का फैसला अनुकरणीय है।सजा पाकर भी नेतागिरी करने वाले कानून से डरते हैं या नहीं यह देखने वाली बात होगी। आजम खान के खिलाफ कोर्ट का फैसला अन्य मामलों में भी नजीर बनना चाहिए। फजीर्वाड़ा देश में आम बात है। रसूखदार लोग इसमें ज्यादा संलिप्त रहते हैं। जब तक सत्ता या जनप्रतिनिधित्व कायम रहता है तब तक सब कुछ चलता रहता है लेकिन जैसे ही किसी मामले की सच्चाई उजागर होती है मामला कोर्ट जाकर सजा में तब्दील हो जाता है। उत्तर प्रदेश के आजम खान को एमपी एमएलए कोर्ट ने जन्म प्रमाण पत्र के फर्जी मामले में दोषी पाया है और सपरिवार पत्नी पुत्र को 7 साल की सजा सुनाई है जो अपने मनमर्जी से बनाए गए थे। एक मामला लखनऊ तथा दूसरा छत्तीसगढ़ से जुड़ा था। इस मामले के मद्देनजर विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक हस्तक्षेप को समझा जा सकता है जिससे बड़े पैमाने पर फर्जी वाले से इनकार नहीं किया जा सकता। राजनीतिज्ञों के इस तरह के कारनामों से जरूरतमंद और प्रतिभावान लोग अपने अधिकारों से वंचित हो जाते हैं। चूंकि कोर्ट ने आजम परिवार को दोषी मानकर 7 साल कैद की सजा सुनाई है इससे फजीर्वाड़ा के खिलाफ न्याय की उम्मीद जगी है। आने वाले समय में कोर्ट का फैसला नजीर बने और तुरत फुरत न्याय के जरिए दोषियों को सजा मिले यही अपेक्षा देश की जनता करती है।

अमृतलाल मारू 'रवि'
इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### शोक सभा का आयोजित

**हजारीबाग:** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के 16 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की मौत को पांच वर्ष बीत चुके है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुखिया राजेन्द्र प्रसाद अपने करियातपुर स्थित आवास पर शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में मुख्य रूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सिटी अपडेट्स >>

### माताजी आश्रम के कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता

**हाता:** दुर्गापूजा के बाद श्री श्री योगेस्वरी आनंदमयी सेवा प्रतिष्ठान माताजी आश्रम हाता में अनेक कार्यक्रम होंगे यह जानकारी माताजी आश्रम के संचालक सुनील कुमार दे ने दी। आगामी 25 अक्टूबर बुधवार को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक ब्रह्मानंद सेवा सदन जमशेदपुर की ओर से नि:शुल्क मेडिकल जांच शिविर लगेगी जिसमें ब्लड सुगर, ब्लड प्रेशर,ई,सी,जी, और नेत्र परीक्षण होगा। आगामी 29 अक्टूबर रविवार को अपराह्न 2 बजे से विजया सम्मेलन सह योगेस्वरी माँ की 161 वी जयंती बिबिधि कार्यक्रमो के साथ मनाई जायेगी। 5 नवंबर 2023 रविवार को 14 वा रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से 4 बजे तक वीबीडीए और ब्लड बैंक जमशेदपुर के सहयोग से होगा। 12 नवंबर 2023 रविवार को रात में हर वर्ष की इस वर्ष भी कालीपूजा का आयोजन किया गया है ।19 नवंबर 2023 को रामकृष्ण मिशन जमशेदपुर की ओर से सुबह 9 बजे से 2 बजे तक मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया है ।24 को पूर्णिमा नेत्रालय में निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन होगा। माताजी आश्रम की ओर से सभी का अग्रिम निमंत्रण है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जिला में जुआरियों का कब्जा

**हजारीबाग:** हजारीबाग जिले में तास के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगायी जा रही है। शहर के कुछ होटलों व खुले क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर जुआ खेलते जुआरियों को देखा जा सकता है। मटवारी, कोर्रा, ओकनी, लाखे, जबरा, पेलावल हम जिस क्षेत्र का नाम लेगे शहर के हर इलाके में हमें शाम होते ही जुआरी पत्ते बांटते देखे जा सकते हैं। आम आवाम परेशान है। इन जुआरियों की रौब और हनक का आलम यह है कि किसी की हिम्मत कि इनके खिलाफ पुलिस के पास शिकायत कर सके। सूत्र बताते हैं कि पुलिस को भी इनकी जानकारी होती है लेकिन पुलिस इन पर कार्रवाई करने से गुरेज करती है। बताया जाता है कि कुछ पुलिस वाले को नजराना भी दिया जाता है। अब इस बात में कितनी सच्चाई है ये तो कहा नहीं जा सकता लेकिन कार्रवाई नहीं होने से सन्देह उत्पन्न होना लाजिमी है। कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी भुइयां टोली में स्थित क्लब के समीप हर रोज लाखों के दांव लग रहे हैं। शाम होते ही शहर व आस पास के जुआरियों का जमघट वहां लगता है। इसमें अधिकांश युवा शामिल होकर अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। घर की जमा पूंजी हारने के बाद उक्त युवक अपराध की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस सम्बन्ध में कई बार जुआरियों को उक्त स्थान पर जुआ खेलने से रोकने का प्रयास किया लेकिन जुआरी मानने के बजाय विवाद करने पर आमादा हो जाते हैं। उसी तरह जबरा से सटे श्मशान घाट के पीछे खेत में शहर व आस-पास के गांवो के बड़े जुआरी शाम होते ही अपने निजी वाहनों से वहां पहुंच रहे हैं। देर रात तक वहां लाखो के दांव लगते है। सूत्र हैं कि उक्त स्थल पर देर शाम रविवार को दो गुटों में पैसो को लेकर जमकर मारपीट हुई थी।

---

**अनावरण** एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के मूल ट्रॉफी का किया गया अनावरण

# ट्रॉफी हमारे देश की लड़कियां ही जीतेंगी: नैंसी

- ट्रॉफी अनावरण से प्रेरणा मिलेगी ताकि वह भी भारत को रिप्रेजेंट कर सके
- 24 जिलों में यह कार्यक्रम राज्य सरकार से प्रस्तावित है
- एशिया वुमन चैंपियनशिप की मेजबानी का अवसर झारखंड राज्य को मिला




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग महिला हॉकी एशिया चैंपियनशिप 2023 ट्रॉफी का न्यू स्टेडियम संत कोलम्बा कॉलेज में उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, उप विकास आयुक्त, आईएएस प्रोबेशनर सुलोचना मीणा द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया। एशियन हॉकी महिला प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार झारखंड राज्य में दिनांक 27 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक रांची में किया जा रहा है। इस ट्रॉफी का अनावरण हजारीबाग के न्यू स्टेडियम में आज एक भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इसमें मुख्य अतिथि हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग चोथे मनोज रतन उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा सदर एसडीओ विद्या भूषण कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव मौजुद रहे। सभी 24 जिलों में यह कार्यक्रम राज्य सरकार से प्रस्तावित है इसी कड़ी में आज हजारीबाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि यह ट्रॉफी हमारे देश की लड़कियां जीतेंगी यह पूर्ण भरोसा है और यह भारत के लिए गौरव का दिन होगा। इस एशिया वुमन चैंपियनशिप की मेजबानी का अवसर झारखंड राज्य को मिला यह बहुत ही स्वर्णिम अवसर है और हम लोग अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि मूल ट्रॉफी का अनावरण करने का मौका मिला। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी लड़कियों यह ट्रॉफी जीत जाए और हॉकी के साथ साथ अन्य खेलों में भी हजारीबाग के खिलाड़ियों ने बहुत नाम कमाया है इस गौरव को बरकरार रखना है। खेल में बहुत सारे अवसर हैं जिसके माध्यम से बेहतर और स्वर्णिम करियर बनाया जा सकता है। यहां उपस्थित सभी खिलाड़ियों को इस ट्रॉफी अनावरण से प्रेरणा मिलेगी ताकि वह भी भारत को रिप्रेजेंट कर सके। यह कार्यक्रम जिला खेल कार्यालय एवं हॉकी एसोसिएशन हजारीबाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल कार्यालय का मुख्य योगदान रहा।

## बीएड कॉलेज में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता साक्षरता कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग अंतर्गत स्वामी धर्मबंधु शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज,डेमोटांड में स्वीप कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय मतदाता जागरूकता सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, जिला जनसंपर्क पदाधकारी पंचानन उराँव, एपीआरओ परिमल कुमार, जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत हेल्प डेस्क मैनेजर मनीष मनोरंजन सोरेन, चंचल कुमार, राजेश पंडित, सूरज कुमार, कॉलेज के आईक्यूएसी कोडिनेटर डा मुंशीलाल यादव, सहायक प्राध्यापक सहित नोडल शिक्षक धनञ्जय कुमार, संयोजक मनोज कुमार, कैंपस एम्बेसडर संदीप कुमार यादव एवं शशिकांत प्रमुख रूप से मौजुद थे। कॉलेज सभागार में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग सौ प्रशिक्षु की उपस्थिति में ईएलसी किट के माध्यम से खेल-खेल में प्रशिक्षु को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम विलोपन, मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के त्रुटी सुधार, आधार लिंक करने हेतु विभिन्न प्रपत्रों एवं वोटर हेल्प लाइन ऐप/वोटर सर्विस पोर्टल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस दौरान क्विज प्रतियोगता के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया से सम्बन्धित प्रश्न विद्यार्थियों से किया गया। क्विज में प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। डीपीआरओ पंचानन उरांव ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शिक्षित और जागरूक करने के लिए एक प्रयास है। स्वीप के अंतर्गत विभिन्न कार्यों और गतिविधियों के माध्यम से लोगों को वोटिंग की महत्वपूर्णता समझाने, मतदान करने के तरीके को समझाने और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनाने का प्रयास किया जाता है।

## डीसी व एसपी ने पूजा पंडालों की तैयारियों का लिया जायजा



- पूजा समितियों को तय मानकों के अनुरूप पूजा संपन्न कराने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने शुक्रवार को दुर्गापूजा के छठे दिन शहर के प्रमुख पूजा पंडालों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। विभिन्न पूजा मंडपो में मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उपायुक्त व एसपी ने शहर के श्री श्री चंद्रशेखर महादेव गंगा मंदिर नूरा, छठ तालाब, बंगाली दुर्गा स्थान, बिहारी दुर्गा स्थान,बड़ा अखाड़ा, श्री शिवाजी दुर्गा पूजा समिति खजांची तालाब, बसंती दुर्गा पूजा समिति कुम्हार टोली, यशवंत नगर दुर्गा पूजा महासमिति, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति हुडहुडू, दुर्गा पूजा समिति आनंदपुरी चौक, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति देवांगना चौक, कोर्रा चौक एवं शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति मटवारी गांधी पर पहुंचकर समितियों के सदस्यों से तय मानकों के अनुरूप पूजा संपन्न कराने हेतू निर्देशित किया। इसी क्रम में उन्होंने आवश्यक सुरक्षा व सफाई व्यवस्था बरकरार रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी आयोजकों से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुष के अलग अलग निकास व प्रवेश द्वार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आयोजन स्थल पर सीसीटीवी,अग्निशमन, बिजली, प्रकाश आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। पंडाल भ्रमण के दौरान आयोजकों द्वारा आकर्षक पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था को देख उपायुक्त ने खुशी जाहिर की। इस दौरान सदर सीओ राजेश कुमार, डीएसपी महेश प्रजापति व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## डीएमएफडी मद से होगा उत्क्रमित उच्च विद्यालय का उन्नयन कार्य



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग डीएमएफडी मद से हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय, खपरियावाँ के उन्नयन कार्य का शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शुभ शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य मामले द्वारा डीएमएफटी मद की राशि करीब एक करोड़ ग्यारह लाख रुपए की लागत से यहां विद्यालय के उन्नयन का कार्य संपन्न होगा। उन्नयन कार्य के तहत स्कूल परिसर के खाली बाउंड्री वाल, छह अतिरिक्त कमरा, परिसर में पेभर ब्लॉक और बोरिंग करने का प्रावधान शामिल है। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि खपरियावाँ के इस विद्यालय प्रांगण में मध्य विद्यालय और उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय अवस्थित हैं। इन दोनों विद्यालयों में करीब 800 बच्चे अध्यनरत हैं। उच्च विद्यालय, खपरियावाँ में इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू होने के बाद कमरे का अभाव प्रतीत हो रहा था ऐसे में डीएमएफटी मद की राशि से इस अभाव को जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि इस परिसर में आधा बाउंड्री किया हुआ है और बाउंड्री के पूर्ण नहीं होने के कारण यहां सामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था ऐसे में बाउंड्री वॉल कार्य पूर्ण होने से यह परिसर पूर्णत सुरक्षित हो जायेगा और बच्चों को गुणवत्त शिक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा। मौके पर विशेष रुप से कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, महामंत्री वीरेंद्र साहू, उप प्रमुख विमल गुप्ता ,खपरियावां मुखिया राजेश गुप्ता सहित अन्य दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## मेरी माटी, मेरा देश के तहत कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** इचाक प्रखंड के मवि मंगुरा (हिंदी) परिसर में शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के द्वितीय चरण में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड के सभी 19 पंचायतों से आए अमृत कलश को एक मंच पर लाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात कारगिल शहीद रघुवीर मेहता की मां मसोमत जुगनी देवी समेत सभी मंचासीन अतिथियों को पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ सन्तोष कुमार ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की महता पर प्रकाश डाला। जिप सदस्य रेणु देवी ने कहा कार्यक्रम से जन जन में शहीदों के प्रति सम्मान बढ़ा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने कहा इचाक वीरों की कर्मभूमि रही है। कार्यक्रम में कुशवाहा महासभा की प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, बीपीओ राजीव आनन्द, मुखिया संघ के ज़िला अध्यक्ष रंजित कुमार मेहता, सचिव नंदकिशोर मेहता, युवा नेता गौतम कुमार, कुशलचंद मेहता, मुखिया मंजू देवी, संगीता देवी, मोदी मेहता, सिकंदर राम, लक्ष्मण किशोर समेत दर्जनों समाजसेवी मौजूद रहे।

**आयोजन** संस्कार भारती ने वृंदावन डांडिया नाइट का किया आयोजन

# सांस्कृतिक में व्याप्त फूहड़ता खत्म करने की जरूरत: विनीत

- बच्चों और महिलाओं के साथ डांडिया खेली अम्बा प्रसाद
- नृत्य में नृत्य वाटिका डांस एकेडमी को प्रथम स्थान



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग संस्कार भारती द्वारा वृन्दावन डांडिया नाइट 2023 का आयोजन इसके मूल स्वरूप में लोगो तक पहुंचाने के उद्देश्य से संस्कार भारती के हजारीबाग इकाई एवं आरके मार्बल के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को स्थानीय मुनका बगीचा, हजारीबाग में वृंदावन के थीम पर आधारित डांडिया नाइट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के उपरांत ध्येय गीत एवं गणेश वंदना से किया गया। हजारीबाग में पहली बार नवीन सोच, नवीन विचार पर संस्कार भारती ने समाज को कुछ अलग सांस्कृतिक माहौल देने का प्रयास किया जो वर्तमान में मील का पत्थर साबित हुआ एवं भविष्य में भी मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद, हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे, समाजसेवी सह कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, समाजसेवी सह व्यवसायी टोनी जैन उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक ने कहा की संस्कार भारती के द्वारा बहुत ही खूबसूरत ढंग से यह आयोजन किया गया है। विधायक अंबा प्रसाद ने कार्यक्रम की भव्यता से मंत्रमुग्ध होकर घंटों बच्चों और महिलाओं के साथ डांडिया खेलती रही इससे बच्चे और महिलाएं काफी उत्साहित हुए। उन्होंने उत्कृष्ट डांडिया आयोजन के लिए संस्कार भारती के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त की। संस्कार भारती के सचिव विनीत जैन ने बताया कि भारत में पहली बार लोक सांस्कृतिक में व्याप्त फूहड़ता को खत्म करने के उद्देश्य से वृन्दावन डांडिया नाइट 2023 का आयोजन पहली बार हजारीबाग किया गया । इस डांडिया नाइट की विशेषता बताते हुए इनके संयोजक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डांडिया समूह नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को मोमेंटो एवं नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। जिसमे समूह नृत्य में नृत्य वाटिका डांस एकेडमी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ वहीं परिधि खंडेलवाल एंड ग्रुप, पुष्पदीप संगीत संस्थान को क्रमश द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बेस्ट सोलो डांसर का खिताब रेखा पाटनी, बेस्ट डुएट डांस रश्मि रानी, प्रकाश गुप्ता के साथ वंशिका तांबी, छवि अग्रवाल, बेस्ट कॉस्ट्यूम सोनू विनायका, हर्षा जैन, बेस्ट मेकअप अंजली गुप्ता को प्राप्त हुआ जिन्हे संस्था द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जबकि लकी ड्रा की विजेता मानसी सिन्हा रही। डांडिया नाइट में लोगो को डांडिया के धुन में झुमाने के लिए भारत के जाने माने डांडिया सिंगर नवीन पांड्या एवं पापरी भट्टाचार्य के ग्रुप ने बिना किसी फिल्मी गाना गए केवल बेहतरीन भक्ति डांडिया गीतों से खुबसूरत समां बांधा जिसमें सभी खुब झूमें।

---

## न्यूज फटाफट

### पूर्व विधायक ने किया प्रवचन मंच का उदघाटन



**हजारीबाग:** चौपारण प्रखंड के दैहर में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजीत सात दिवसीय धार्मिक प्रवचन मंच का उदघाटन दुसरे दिन गुरुवार को पूर्व विधायक मनोज यादव जीप सदस्य राकेश रंजन ने किया। दैहर में इन दिनों प्रवचन करने के लिए यूपी वृंदावन से देवी प्रतिभा आई हुई है। प्रवचन सुनने के लिए संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा दैहर में भक्ति का ब्यार बह रही है। इस भक्ति रूपी गंगा में स्नान करने से मानव जाती के तन मन पवित्र हो जाता है। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य रामस्वरूप पासवान, राजदेव यादव, आशीष सिंह, अरबिन्द सिन्हा, राकेश पांडेय, सुरेश दांगी, देव कुमार दांगी, बासुदेव दांगी, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, कैलास पाण्डेय, अशोक पासवान, प्रमोद दांगी, मुकेश पाण्डेय, भीम दांगी, मंतोष सिंह, देव कुमार दांगी, सच्चिदानंद सिंह, मन्नू सिंह, जन्मेजय सिंह, मंटू दांगी, रामचंद्र सिंह, बबन सिंह, शिव कुमार यादव, सुरेंद्र पाण्डेय सहित कई लोग शामिल थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पंचायत कमेंटी को लेकर की बैठक



**हजारीबाग:** बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा नयाटांड़ पंचायत में पंचायत कमेटी गठन को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुंद्रिका सिंह एवं संचालन अरविंद कुमार महतो ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। श्री बेदिया के द्वारा पंचायत कमेटी का घोषणा किया गया। अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश राम, बाबूलाल यादव, संजीत सोनी, सचिव अरविंद कुमार महतो, संयुक्त सचिव अशोक महतो, जगदेव प्रजापति, राजेंद्र महतो, संगठन सचिव सरजू भुईयां, कोषाध्यक्ष संजय प्रजापति, कार्यकारिणी सदस्य उर्मिला देवी, नीतू देवी, रूपा देवी, अशोक राम, लोकेश्वर महतो, कृष्णा राम, को बनाया गया। सभी नवनिर्वाचित प्राधिकारियों को संजीव बेदिया, प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया वहां उपस्थित वरिष्ठ कार्यकताओं के हाथों माला पहनाकर और झारखंड मुक्ति मोर्चा पट्टी देकर सम्मानित किया गया। श्री बेदिया ने कहा कि हेमंत सरकार सभी योजनाओं को धरातल पर लाकर विकास कर रही है पूरे भारत में झारखंड विकास के मामले में पांचवा स्थान प्राप्त किया है यह झारखंड के लिए गर्व की बात है। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, मुख्य संयोजक संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, वीरेंद्र राणा, मुकेश रावत, राजा खान, मूर्ति देवी, रूबी देवी, सुरती देवी, सीता देवी, रूपा देवी, मालती देवी भारी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गरीब किसान की बेटी बनी शिक्षिका लोगों ने दी बधाई



**हजारीबाग:** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र ग्राम खैरातरी के गरीब किसान गणपति महतो की बेटी प्रियंका कुमारी बनी शिक्षिका। इनका नियुक्ति बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले मे हुई है। प्रियंका कुमारी ने पहली प्रयास में ही सफलता हासिल की है। गणपति महतो तीन भाई होते हैं और तीनों भाई एक साथ रहकर अपने-अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रहे हैं। जिसमें इसी वर्ष किसुन महतो के पुत्र मोहन कुमार का भी स्वास्थ्य विभाग में सीएचओ कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर के पद पर चतरा जिला में नव नियुक्त है। साथ गणपति महतो के दो पुत्र हैं इसमें एक डी फार्मा का कोर्स कर चुका है और एक कर रहा हैं। इस परिवार की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस घर में भले एक शाम का खाना बंद हो जाए लेकिन पढ़ाई एक भी बच्चा का बंद नहीं होता है। चाहे बच्चों की जरूरत के लिए कर्ज ही क्यू ना लेना पड़े। और इसी का परिणाम है कि अभी तक एक ही वर्ष में दो सदस्यों का सरकारी नौकरी में चयन हुआ है। इस संबंध में गणपति महतो ने बताया कि हम लोग अपने बच्चों को पूरी आजादी के साथ पढ़ाई करने का छूट देते हैं। और यह बच्चों का मेहनत का नतीजा है कि आज वह सभी सरकारी नौकरी में उनका चयन हो रहा है। इस अवसर पर परिवार को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, कुर्मी विकास मोर्चा के जिला अध्यक्ष कामेश्वर महतो, दादा जयनाथ महतो, आजसू पार्टी के जिला सचिव दिनेश्वर महतो, ग्राम अध्यक्ष बालेश्वर महतो, रामचंद्र महतो, रूद्रनारायण महतो, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, रामेश्वर महतो, योगेश्वर महतो, केदार महतो, बैजनाथ महतो, नरेश महतो, प्रेम कुमार, लालदेव महतो ,हरदयाल महतो, दीपक कुमार, दीपू कुमार, वीरू कुमार, बसंत कुमार, मुकेश कुमार, प्यारी महतो, शिक्षक भुवनेश्वर प्रसाद, कुलेश्वर महतो संतोष महतो, सालखो देवी, कुंती देवी सहित अन्य लोग शामिल है।

### आयुक्त कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



**हजारीबाग:** हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन कर उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग अतिरिक्त प्रभार आयुक्त के सचिव रवि राज शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। इस समारोह में आयुक्त महोदया के द्वारा श्री शर्मा को पुष्पगुच्छ देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। आपको बता दे की झारखंड सरकार की अधिसूचना के तहत आयुक्त के सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग को स्थानांतरित करते हुए नगर आयुक्त, धनबाद नगर निगम का पदभार सौपा गया है। श्री शर्मा का हस्तांतरण हो जाने के फलस्वरुप तत्कालीन व्यवस्था के तहत श्री वासुदेव प्रसाद को अगले आदेश तक आयुक्त के सचिव सह उपनिदेशक कल्याण, उपनिदेशक पंचायत राज, उपनिदेशक खाद्य एवं उपनिदेशक सांख्यिकी उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग का प्रभार सौपा गया है। शुक्रवार को विदाई समारोह के दौरान रविराज शर्मा ने आयुक्त की उपस्थिति में आयुक्त के सचिव पद से भार मुक्त हुए एवं झारखंड प्रशासनिक सेवा के बासुदेव प्रसाद ने आयुक्त के सचिव का भार ग्रहण किया। विदाई समारोह के कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल कार्यालय के अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित रहे।

## प्रदेश >> अपडेट

### दुर्गा पूजा में बंद रहेगी मांस-मदिरा की दुकानें

**हरिहरगंज:** शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा के मद्देनजर मीट,मुर्गा,मांस,मदिरा की सभी दुकानें 23 अक्टूबर तक बंद रहेगी। इस आशय की जानकारी शुक्रवार को हरिहरगंज नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त तिथि तक नगर पंचायत क्षेत्र के किसी भी दुकानदार द्वारा मीट,मुर्गा,मांस,मदिरा की दुकानें खोलते हुए पकड़े गए तो नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### अंकित लकरा को सोलो ड्रामा के लिए मिला प्रथम पुरस्कार

**गुमला:** 03 अक्टूबर से 6 अक्टूबर के बीच देहरादून में आयोजित चौथा एटफर (एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल) नेशनल कल्चरल फेस्ट 2023 में गुमला जिले के बसिया प्रखंड में स्थित एकलव्य विद्यालय के 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें से बसिया एकलव्य विद्यालय के कक्षा 10वी के विद्यार्थी अंकित लकरा ने उक्त प्रतियोगिता में सोलो ड्रामा के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा 12वी के देवनाथ लोहरा एवं बिनोद लोहरा ने इंस्ट्रुमेंटल में भाग लिया तथा अनिल लोमगा ने सोलो सॉन्ग में भाग लिया इसी प्रकार कक्षा 11वी के कुवर्धन कुजूर ने सोलो डांस, कक्षा 10वी के अंकित उरांव ने इंस्ट्रुमेंटल, कक्षा 9वी के रोहन कुमार एवं कक्षा 8वी के रितेश उराव ने इंस्ट्रुमेंटल प्रतियोगता में भाग लिया था ।इस दौरान शिक्षक श्रेणी में एकलव्य विद्यालय के म्यूजिक टीचर सूरज कुमार ने गायिकी में 3 परफॉर्मेंस दिया था। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को समाहरणालय सभागार में प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया । उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों को इसी प्रकार आने वाले सभी प्रतियोगिता में भाग लेते रहने की सलाह दी एवं उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत अल्बर्ट एक्का जारी थाना पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर प्राथमिक अभियुक्त को लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो थाना स्थित चेरमा ग्राम निवासी 24 वर्षीय इकरामुल मियां ( पिता कमरुद्दीन मियां ) को उक्त चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार कर जारी थाना लाया गया , जहां उक्त प्राथमिक की अभियुक्त अकरामुल मियां ने अपने अपराध स्वीकार करते हुए बताया की उसने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर , जारी थाना स्थित परसा ग्राम निवासी राहत प्रवीण का बाइक सं० जे. एच. ओ . 8 एच .4472 का चोरी किया था , बाद में जारी थाना पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया है , इस छापामारी दल में जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार , पुअनि अंकु कुमार , सं.अ .नि किस्टो राम एवं अल्बर्ट एक्का जारी थाना के शस्त्र बल शामिल थे।

### सांसद ने कार्यपालक पदाधिकारी को बुके देकर किया स्वागत

**बेरमो :** फूसरो नगर परिषद क्षेत्र के सभी जन समस्याओं पुजा को देखते हुए साफ- सफाई एवं स्वच्छता पर अवगत कराते हुए निष्पादन करने पर विचार विमर्श हुआ एवं नवरात्र दुर्गा पूजा की भी बधाई दी । साथ मे सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रसाद महतो 20 सूत्री सांसद प्रतिनिधि नवीन कुमार पाण्डे, फुसरो नगर अध्यक्ष महेश देशमुख, राजेश गुप्ता, पंकज अग्रहरि आदि लोग उपस्थित थे।

राशि बकाया

## मोबाइल टॉवर कंपनियों का लेबर सेस राशि है बकाया

# उपकर की राशि जमा नहीं होने पर होगी निलामी : श्रम अधीक्षक

▶▶ निलामवाद दायर कर पैसा वसूलने की कार्रवाई की जायेगी

▶▶ पलामू जिला में कुल 407 मोबाइल टावर का उपकर राशि बकाया है

**राष्ट्रीय खबर**



**मेदिनीनगर:** पलामू जिलान्तर्गत मोबाइल टॉवर निर्माण करने वाले रिलाइंस जियो इंफराटेल, एटीसी, सुमीत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड,रिलायंस इन्फोकॉम,भारती इंफराटेल एवं इंडस कंपनी द्वारा कुल जिले में 407 मोबाईल टॉवर का निर्माण किया गया है।मोबाइल टॉवर निर्माण की सूचना इन कंपनियों द्वारा श्रम विभाग को नहीं दी गई साथ ही मोबाइल टॉवर का निर्माण की लागत का कुल 01 प्रतिशत राशि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 के अन्तर्गत विभाग के खाते में जमा की जानी चाहिए। इसकी सूचना स्थानीय श्रम कार्यालय को दी जानी चाहिए थी। परंतु ना तो इन कंपनियों के द्वारा मोबाइल टॉवर के निर्माण की सूचना और ना ही उपकर की राशि जमा करने की सूचना कार्यालय को दी गई है।

इस संबंध में सहायक श्रमायुक्त का कार्यलय, पलामू द्वारा सभी मोबाइल कंपनियों का नाटिस जारी की गई थी, परंतु किसी भी कंपनी ने उपकर राशि विभाग के खाते में जमा करने की सूचना नहीं दी है, जिस कारण सभी कंपनियों पर निर्माण लागत का 1% राशि विभाग के खाते में जमा करने हेतु आदेश पारित किया गया है। ज्ञात हो कि पलामू जिला में कुल 407 मोबाइल टावर का उपकर राशि बकाया है। मोबाइल टावरों पर कुल 1 करोड़ 42 लाख 45 हजार रुपया जमा करना है। कंपनी की ओर से यदि एक माह के अंदर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर की राशि बोर्ड के खाते में जमा नहीं की जाती है तो निलामवाद दायर कर पैसा वसूलने की कार्रवाई की जायेगी। जिले के श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने बताया कि जिलान्तर्गत कोई भी निर्माण कार्य किया जाता है तो निर्माण लागत का 1% राशि विभाग के खाते में जमा कर इसकी सूचना श्रम विभाग को दी जानी चाहिए अन्यथा 2% ब्याज के साथ वसूली की कार्रवाई की जा सकती है।

नॉमिना प्रार्थना के साथ ही शुरू हुआ

## जारंगडीह ढोरी माता तीर्थालय का नौ दिवसीय वार्षिक महोत्सव

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /जारंगडीह /कथारा :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईसाई समुदाय का ढोरी माता महोत्सव शुक्रवार से नॉमिना प्रार्थना तथा झंडोत्तोलन के साथ शुरू हो गया। मिली जानकारी के अनुसार यह महोत्सव नौ दिनों तक चलने वाला धार्मिक महोत्सव है। इसमे स्थानीय श्रृद्धालुगणो के अलावे राज्य के विभिन्न जिलों, परांतो के अलावे विदेशों से श्रृद्धालुगण यहां पहुच पुजा प्रार्थना मे शामिल होते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत जारंगडीह के पुराने चर्च से हुई। यहां से सभी श्रृद्धालुगण पद यात्रा करते व प्रार्थना करते हुए जारंगडीह ढोरी माता तीर्थालय पहुचे जहां धार्मिक झंडोत्तोलन कर तथा कैंडिल जला तथा प्रभू ईशू व माता मरियम को याद कर क्षेत्र, राज्य, देश में अमन चैन, भाईचारे के लिए प्रार्थना की गई। ज्ञात हो कि यह धार्मिक महोत्सव अक्टूबर माह के तीसरे सप्ताह यानी 20 अक्टूबर से नौ दिनों तक चलता है। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के धर्माप्रांत विश्व स्वामी आनंद जोजो मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिन्होंने इस धार्मिक कार्यक्रम का नेतृत्व करने के साथ साथ मुख्य प्रार्थना का दायित्व का निर्वाहन किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ढोरी माता तीर्थालय के सचिव मायकेल लकड़ा फादर विनोद ,फादर विनय एवं तमाम ईसाई धर्मावलंबी शामिल थे।

## लोगों को लुभा रही बंगाली अल्पोना आर्ट



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** पलामू जिले में दुर्गा बाड़ी द्वारा 109 साल से दुर्गा पूजा आयोजित होते आ रहा है। जिसमें अल्पोना आर्ट का बढ़ा महत्व है।मेदिनीनगर के कोयल तट पर स्थित दुर्गा बाड़ी में युवा आर्टिस्ट मिलकर अल्पोना आर्ट बना रहे है। जिसे पूजा के लिए भी महत्व माना जाता है।आर्टिस्ट विपुल दत्ता ने बताया की अल्पोना आर्टबंगाली संस्कृति में बड़ा महत्व रखा है। हर दुर्गा पूजा में यहां अल्पोना आर्ट बनाया जाता है। जिसमें बंगाली परंपरा को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। जिस प्रकार दुर्गा पूजा में पुरुष ढाक बजाते है और महिलाएं हाथों में धुनूची लेकर नृत्य करती है। उसी परंपरा को पलामू जिले में दुर्गा बाड़ी में दिखाया जाता है।यह पिछले 109 साल से बनता आ रहा है।और ये परंपरा हम आगे भी जारी रखेंगे। उन्होंने बताया की उनका पेंटिंग में बचपन से रुचि रहा है।और वर्ष 2020 से यहां अल्पोना आर्ट बना रहे है।उन्होंने बताया की दुर्गा बाड़ी प्रसाल में करीब 20 फिट लंबा और 15 फिट चौड़ा यह रंगोली पेंट से बनाया जाता है। जिसे पूरा करने में 10 से 12 दिन का समय लगता है। इसे बनाने के लिए 6 से 7 कलाकार काम करते है।इस बार अल्पोना बनाने वाले कलाकार ज्योत्षना पाल, प्रिया पाल, रिमी शाहा, बाबली देवनाथ, परिणीता पाल, दीप शाह और विपुल दत्ता ने मिलकर बनाया है।ये हमारी पारंपरिक नृत्य और आस्था को प्रदर्शित करता है।जिसमें पुरुष के द्वारा ढाक बजाते हुए दिखाया गया है।और महिलाओं के द्वारा हाथो में धुनुची लेकर नृत्य करते दिखाया गया है।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया।पुलिस ने भूसही गांव में छापेमारी अभियान चला कर भारी मात्रा में अवैध जावा महुआ और महुआ शराब को जब्त कर उसे नष्ट कर दिया।छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस को देखकर शराब बिक्रेता भागने में सफल रहे।वही पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुआ, मटपुरही समेत कई जगहों पर अवैध महुआ और जावा शराब को नष्ट किया। मौके पर उपस्थित सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान नशा करने वाले व अवैध शराब की बिक्री करने वाले व्यक्ति बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री किसी भी हालत में नहीं करें। यदि कोई भी व्यक्ति अवैध महुआ शराब बनाते या बेचते पकड़े जाएंगे तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगा। अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा के दौरान लोग देसी व विदेशी शराब का भी लोग सेवन नहीं करें। यदि सार्वजनिक जगह पर शराब पीते पकड़े गए तो गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर सदर थाना पुलिस की क्षेत्र में पैनी नजर है। पुलिस लगातार गश्त कर क्षेत्रों का मुआयना करेगी। असमाजिक तत्व पकड़े गये तो उन्हें जेल भेज दिया जायेगा।

उपायुक्त की अध्यक्षता में

## अस्पताल प्रबंधन कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** आज शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से कैटल ट्रेप को हटाकर समतलीकरण करने,कुपोषण उपचार केन्द्र के शौचालय से पानी का रिसाव की मरम्मती,नेत्र विभाग के छत मरम्मति का प्राक्कलन का अनुमोदन करने, मॉडलर ओ० टी० विकसित करने,पोस्टमार्टम भवन का जीर्णोद्धार करने,सदर अस्पताल के छत में द्वितीय तल का निर्माण करने, अस्पताल परिसर में कैफेटेरिया चालु करने आदि के संबंध में परिचर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने नए खरीदे गए मशीनों के समुचित उपयोग एवं पुराने पड़े मशीनों के मरम्मती उपरांत पुनः उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। बसिया एवं घाघरा प्रखंड में एक्स रे मशीन का अधिष्ठापन करने को कहा गया। इस दौरान उपायुक्त ने एंबुलेंस संचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने , आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों की मरम्मती करते हुए भवनों का सदुपयोग करने जैसे कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर एसडीओ सदर, स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन, एसीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं डॉक्टर्स मौजूद रहें।

नई पहल

## बच्चों के स्वास्थ्य को मॉनिटर करने की दिशा में जिला प्रशासन की नई पहल

# स्कूली विद्यार्थियों का बनाया जा रहा है हेल्थ कार्ड

▶▶ सरकारी विद्यालयों के बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा

▶▶ 5000 से अधिक विद्यार्थियों के बीच हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया

**राष्ट्रीय खबर**



**गुमला:** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से जिले के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नई पहल 'शिक्षा कर भेंट' गतिविधि का प्रारंभ कर विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने की पहल की जा रही है वहीं विद्यार्थियों के स्वस्थ स्वास्थ्य हेतु भी उपायुक्त केर निदेर्शानुसार जिले के सभी आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते हुए सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया। इसी कड़ी में उपायुक्त द्वारा एक और नई पहल की शुरूआत की गई जिसके तहत जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के बच्चों का 1 साल का हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है। आज जिले के 12 कस्तूरबागांधी आवासीय विद्यालय एवं सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के 5000 से अधिक विद्यार्थियों के बीच हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया।

जिला शिक्षा अधीक्षक मोहम्मद वसीम अहमद ने जानकारी दी कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार पहले चरण में जिले के सभी आवासीय विद्यालयों में हेल्थ कार्ड का वितरण किया जाएगा एवं दूसरे चरण में अन्य सरकारी विद्यालयों के बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा। इस हेल्थ कार्ड वितरण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखना है ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में बच्चों के स्वास्थ्य चेकअप एवं चिकित्सा हेतु डॉक्टर्स को पिछले स्वास्थ्य रिकॉर्ड की जानकारी रहेगी एवं बच्चों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों का 1 वर्ष का हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा जिसमें विद्यार्थियों के किए जाने वाले नियमित चेकअप रिपोर्ट डॉक्टर्स के द्वारा उस कार्ड में लिखे जाएंगे। 1 वर्ष के बाद पुनः विद्यार्थियों का हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा। बच्चे स्वयं भी यदि अपने चिकित्सा हेतु किसी डॉक्टर के पास जाएंगे तो वे अपना हेल्थ कार्ड डॉक्टर को दिखा सकेंगे। इस हाथ कार्ड में एनीमिया जांच,हिमोग्लोबिन रिपोर्ट, बीपी, हाइट , वेट जैसे मुख्य जांच रिपोर्ट का डाटा लिखा जाएगा। हेल्थ कार्ड में बच्चों के जांच रिपोर्ट के साथ साथ बच्चों को स्वास्थ्य रहने के लिए आवश्यक जानकारी भी लिखे गए है ताकि बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके।

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार



**पलामू:** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### रेस्टोरेंट का पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन



**मेदिनीनगर:** होटल सुमति टावर एंड रेसिडीसी एंड बराबी क्यू स्टेशन रेस्टोरेंट का उदघाटन शुक्रवार को पूर्व सासंद मनोज कुमार व पूर्व नगर पर्षद उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व सासंद ने कहा कि इस तरह का संस्थान खुलना किसी भी इलाके के प्रगति का द्योतक होता है।इसे इलाके के विकास का शुभ संकेत माना जाना चाहिए।पूर्व उपाध्याक्ष सिंह ने कहा कि इस तरह के संस्थान को खुलना ,एकमात्र संस्थान का खुलना नही होता है,बल्कि इससे इलाके की छवि निखरती है।इसलिए कहा जाता है किसी भी शहर को आगे ले जाने में शासन प्रशासन के साथ उद्यमियों का बडा योगदान होता है।इसलिए रह जरूरी है इस तरह के उद्यमियों को प्रोत्साहित करे ,ताकि दूसरे लोग भी इससे प्रेरित हो कर आगे आये। उन्होने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से आम जनों को काफी राहत मिलती है।साथ ही बेहतर वातावरण तैयार होता है। उन्होने प्रतिष्ठान के संचालक को शुभकामना दी।मौके पर पूर्व पाटन प्रमुख शोभा देबी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक,नरेंद्र सिंह, जनता शिवरात्रि कालेज के पूर्व प्राचार्य राणा प्रताप सिंह,विनोद उदयपुरी केसरी सिंह राकेश शुक्ल उपेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुपोषण एवं एनीमिया के निवारण के लिए 1000 दिवसीय 'समर अभियान' का हुआ शुभारंभ



**गुमला:** आज शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिले में कुपोषण एवं एनीमिया के निवारण हेतु 1000 दिवसीय 'समर अभियान₹' का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीओ सदर,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन, एसीएमओ एवं अन्य डॉक्टर्स उपस्थित रहें। समर अभियान से जुड़े मुख्य बिंदुओं की जानकारी देते हुए स्टेट कॉर्डिनेटर अजय वर्मा ने इस अभियान के सफल संचालन से सबंधित जानकारियों को उपस्थिति अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच साझा किया उन्होंने बताया कि समर अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम जेएसएलपीएस की सक्रिय महिलाएं, सभी महिला पर्यवेक्षिका व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस 1000 दिवसीय अभियान के अन्तर्गत अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चों, गंभीर एनीमिया से पीड़ित बच्चे, किशोरियों, युवतियां, धात्री माता व गर्भवती महिलाओं की पहचान की जायेगी। इन चिन्हित लोगो को उनके निकटमत आंगनबाड़ी केन्द्रो पर जांच की जायेगी और फिर आखिरकार कुपोषण से ग्रसित बच्चों, गंभीर अनीमिया से पीड़ित बच्चे, किशोरियों, युवतियां, धात्री माता व गर्भवती महिलाओं का उपचार करवाया जायेगा। यह स्क्रीनिंग की प्रक्रिया प्रत्येक तीन माह पर दोहरायी जायेगी। इस दौरान उपायुक्त द्वारा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक समन्वय के साथ कार्य करने का निदेश दिया गया। ऐसे सभी घर जहां पर कुपोषण व अनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियां, धात्री माता व गर्भवती महिलाएं होती है, उन्हें सरकार के विभिन्न विभागों के ऐसे कार्यक्रमों से जोड़ा जायेगा। जिनका कुपोषण निवारण पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव होता है। जिला को कुपोषण व एनीमिया मुक्त करने की दिशा में कार्य करना है। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन माप कराने व कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चों को एमटीसी में भर्ती सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया।

### पर्यावरणविद ने वन प्राणियों को कराया भोजन



**पलामू:** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने लातेहार के पतकी वन क्षेत्र में वन प्राणियों को फलहार भोजन कराया।उन्होंने कहा है कि नवरात्र के छठे दिन पर्यावरण धर्म के छठा मूल मंत्र के तहत छह दिनों से चल रहा प्रकृति कलश यात्रा के तहत वन प्राणियों को फलहार भोजन करा कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा है कि मानवीय भुलो के कारण वन प्राणियों के जहां बसेरा था वहां आज मानव का बसेरा हो गया है। जिससे भगवान के स्वरूप वन प्राणी आज सड़क पर भुख के आतूर में भिखारी की तरह भूख बुझाने के लिए भीख मांगने पर विवश हो गए हैं। उन्होनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष लोग नवरात्र में घर - परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी भी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी तथा समाज में भी अमन चैन व शांति कायम रहेगी। इस अवसर पर सत्य सिंह एवं संतोष प्रजापति आदि उपस्थित थे।

शहर >> अपडेट

## मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा:** कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई के पास मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान किशोर मिश्रा (45 वर्ष, पिता गंगाधर मिश्रा, ग्राम बेंगाबाद, गिरिडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति लोकाई में किसी के यहां काम करता था। गुरुवार रात सामान लाने रोड पार करने के दौरान अचानक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद ग्रामीण कोडरमा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शुक्रवार की सुबह शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

सिटी अपडेट्स >>

## चुनावी पाठशाला का आयोजन

**पेटरवार :** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह पेटरवार के अंचल अधिकारी अशोक राम के निर्देश पर प्रखंड के ओरदाना पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। चुनावी पाठशाला के दौरान प्रशिक्षक भरत लाल साव और राहुल कुमार ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत पड़ने वाले पेटरवार प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 213 से 219 तक के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। चुनावी पाठशाला के दौरान मतदाताओं के बीच रंगोली बनाकर व लूडो खेल के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाताओं को जागरूक करने के पीछे एक ही उद्देश्य है कि आने वाले लोक सभा चुनाव में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हो सके।इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गुलाबचंद मांझी, विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं और ग्रामीण मौजूद थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण

**कोडरमा:** सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभागार में सिविल सर्जन कोडरमा डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम (एनआरसीपी) से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सिविल सर्जन ने बताया कि केंद्र सरकार ने रेबीज की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम (एनआरसीपी) चलया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मुक्त दवा पहल के माध्यम से रेबीज वैक्सीन और रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन का प्रावधान शामिल है। रेबीज 100 प्रतिशत घातक है तथा टीके के माध्यम से इसका 100 प्रतिशत रोकथाम किया जा सकता है। वहीं प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित डॉ बिपीन कुमार ने प्रशिक्षण में उपस्थित एएनएम सीएचओ और फार्मासिस्ट को रेबीज वायरस बीमारी के प्रभावों और इसे रोकने के तरीकों के बारे में विस्तार रूप से बताया। वहीं उन्होंने बताया कि रेबीज एक वायरल बीमारी है, यह वायरस रेबीज से पीड़ित जानवरों जैसे कुत्ता, बिल्ली, बंदर आदि की लार में मौजूद होता है। यह रेबडोविरिडे फैमिली के लिसावायरस जीनस के रेबीज वायरस के कारण होता है, यह एक आरएनए वायरस है, इसे रोकने के तरीकों और एंटी-रेबीज टीकाकरण पर विवरण प्रस्तुत किया। मौके पर डीएस डॉ मनोज कुमार, इपीडेमियोलॉजिस्ट डॉ विकास चैधरी, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

जनसभा > 8 नवंबर 2023 को रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा आयोजित

# भारत देश में लगभग 15 करोड़ आदिवासी :देवनारायण मुर्मू

▶▶ आदिवासी प्रकृति पूजक ना की हीन्दु, मुस्लिम ,सिख,ईसाई

राष्ट्रीय खबर




**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत लुकैया गांव में आदिवासी सेंगेल अभियान की एक बैठक गांव के मांझी हड़ाम बालदेव सोरेन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि हम भारत देश में लगभग 15 करोड़ आदिवासी हैं।जो अधिकांश आदिवासी हिन्दू, मुस्लिम, सिख ईसाई आदि नहीं है।हम प्रकृति पूजक हैं। लेकिन अभी तक हमें स्वतंत्र धार्मिक मान्यता यानी सरना धर्म कोड नही मिला है।जिस के कारण हमें जबरदस्ती हिन्दू,मुस्लिम,सिख,ईसाई आदि बनाया जाता है।इसके लिए केंद्र की बीजेपी और कांग्रेस दोनों सरकारें जिम्मेदार है। आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में आगामी 8 नवंबर 2023 को रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा आयोजित है। जिसमे बिहार, बंगाल, असम, उड़ीसा, झारखंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश सहित नेपाल, भूटान और बंगला देश से भी आदिवासी शिरकत करेंगे। इसमें सरना धर्म समर्थक विभिन्न संगठनों से भी अपील है कि आप शामिल हो, सब का स्वागत है। मुर्मू ने लोग से आह्वान किया की आप सभी अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो कर जनसभा को सफल बनाएं। बैठक को आदिवासी सेंगेल अभियान के बोकारो जोनल युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय टुडू, बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन ने भी संबोधित किया। बैठक में सेंगेल टीम का भी गठन किया गया। जिसमे आतु सेंगेल टावर कृष्ण सोरेन, अर्जून सोरेन महिला मोर्चा संयोजक देवन्ती सोरेन, सुमन सोरेन,चितमुनी सोरेन छात्रा मोर्चा संयोजक कोमल हेम्ब्रम, ज्योति सोरेन आदि को बनाया गया। बैठक में वार्ड सदस्य बिनोद सोरेन, मुकेश सोरेन, कार्तिक सोरेन, रामप्रसाद सोरेन,एतवा सोरेन बसंती सोरेन सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

डीभीसी से लोड शेडिंग नही करने की अपील

## सुरक्षा के मदेनजर पूजा पंडाल में अस्थाई विद्युत कनेक्शन लें: महाप्रबंधक



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड हजारीबाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने झुमरीतिलैया विद्युत कार्यालय में विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने राजस्व वसूली के संबंध में कहा कि सितम्बर माह से अक्टूबर माह में लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक करना है। वहीं पर्व त्यहार को देखते हुए सड़कों के किनारे लगे तारों को ठीक करने लकड़ी का सपोर्ट देने का निर्देश दिया। वहीं पूजा को देखते हुए डीभीसी से लोड शेडिंग नही करने की अपील की गई है। विभिन्न पूजा पंडालों की कमेटियों से अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेने की सुरक्षा की दृष्टि से अपील की है। वहीं 20 से 25 अक्टूबर तक कंट्रोल रूम खोलने का आदेश विभागीय अधिकारियों को दिया। मौके पर अधीक्षण अभियंता सुधांशु, कार्यपालक अभियंता सुबर्तो बनर्जी, एमआरटी के ईई सरताज कुरैसी, कोडरमा के एसडीई संदीप कुमार, झुमरीतिलैया के एसडीई गजेंद्र टोप्पो, बिलिंग एजेंसी के गणेश दास, विभाग के जेई उपस्थित थे।

बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया

## दुगार्पूजा में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन



राष्ट्रईय खबर

**झुमरीतिलैया:** दुगार्पूजा को लेकर सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। अलग-अलग देवी-देवताओं के वेश में पहुंचे बच्चे आकर्षण का विशेष केंद्र बने थे। नर्सरी से क्लास 3 तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और वर्ग 4-5 के बच्चों के बीच श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तनिष्का, अनुप्रिया, हर्षित, दिव्यांक, अपराजिता, श्रेयांश, सृष्टि, रागिनी, शिवांशिका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। जबकि वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच आयोजित अलग-अलग प्रतियोगिताओं में बेस्ट ड्रामेबाज का किताब सौरव रंजन, बेस्ट स्क्रिप्ट एंड डायलॉग का किताब सिमरन कुमारी, बेस्ट कॉस्टयूम के लिए नंदनी कुमारी को चुना गया। वहीं ओवरऑल आकाश हाउस विजेता बना। यहां शिक्षिका रजनीबाला और अभिभावक रंजीता कुमारी ने संयुक्त रूप से निर्णायक की निभाई। कार्यक्रम सीसीए इंचार्ज हंसपाल राज की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में सौरव रंजन, कुणाल पांडेय, विकास कुमार, शुभम कुमार, साक्षी राज, वैष्णवी कुमारी, श्रुति कुमारी, आराध्या सिंह, एंजेल भारती, साक्षी कुमारी का शानदार प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम का संचालन निशा कुमारी, खुशी कुमारी, आराध्या जायसवाल, ऋषिका कुमारी और बबली कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों के प्रस्तुतियों को सराहा और उन्होंने लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक विनोद कुमार, शालू अरोड़ा, शशि राज, आशुतोष गौतम, जूनियर में कामिनी सहाय, सीमा जैन, अलका सिंह, दीक्षा सिंह, रंजीता कुमारी, स्वीटी सिन्हा, सपना शर्मा, सरोज पांडेय के अलावा अन्य शिक्षक और कर्मी मौजूद थे।

## पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि 11वीं और 12वीं के बच्चों का प्री फार्म -06 भरवाना सुनिश्चित करेंगे। जिले के पोस्ट ऑफिस के प्रतिनिधियों को इपिक कार्ड वितरण करने को कहा गया। उपायुक्त द्वारा नये मतदान केंद्र में बीएलओ की नियुक्ति, फार्म 6, 7 और 8, 100 सौ वर्ष ऊपर मतदाता, ब्लैक एण्ड वाइट फोटो, बिना फोटो एवं खराब गुणवत्ता वाली फोटो का अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो से प्रतिस्थापन को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। फार्म 07 से संबंधित कार्यों को के निस्तारण में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल करें। साथ ही फार्म 07 को डिलिशन के कार्यों के लिए बीएलओ को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। दिनांक 27 अक्टूबर को प्राउड टू बी आवर बीएलओ कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी को तैयारी करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार, सभी सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** कुडू प्रखंड के पंडरा पंचायत के बालिका स्कूल पंडरा के खेल मैदान में नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पंचायत से संग्रहित अमृत कलश को केंद्र भेजने हेतु एकत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में ,बीडीओ प्रवेश कुमार साव, अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह मुख्य रूप से अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।इस मौके पर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर केंद्र सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का सुभारभ किए। जिसके तहत पूरे भारत वर्ष के हर एक पंचायत में इन सभी स्थानों पर स्वदेशी प्रजातियों के 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई गई। ताकि धरती मां को फिर से हरा भरा बनाया जा सके।

आस्था > कात्यायनी की पूजा करने से इंद्रियों को वश में करने की शक्ति प्राप्त होती है

# छठा दिन मां श्री दुर्गा के छट्ठे स्वरूप देवी कात्यानी को समर्पित

▶▶ दुर्गा के नौ रूपों में छठा रूप माता कात्यायनी देवी का

राष्ट्रीय खबर



**मरकच्चो:** शुक्रवार को शारदीय नवरात्र का छठा दिन मां श्री दुर्गा के छट्ठे स्वरूप देवी कात्यानी को समर्पित रहा। इस पर विस्तार से बताते हुए मरकच्चो दुर्गा मंदिर में देवघर से आए पुजारी आचार्य आशुतोष पांडे जी ने बताया कि मां दुर्गा के नौ रूपों में छठा रूप माता कात्यायनी देवी का है, यजुर्वेद में प्रथम बार ह्यकात्यायनीह्व नाम का उल्लेख मिलता है। माना जाता है कि देवताओं का कार्य सिद्ध करने के लिए आदि शक्ति देवी के रूप में महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई थीं। महर्षि ने देवी को अपनी कन्या माना था, तभी से उनका नाम ह्यकात्यायनीह्व पड़ गया। कात्यायनी की पूजा करने से व्यक्ति को अपनी सभी इंद्रियों को वश में करने की शक्ति प्राप्त होती है। कात्यायनी माता को दानवों, असुरों और पापियों का नाश करने वाली देवी कहा गया है। मां कात्यायनी की चार भुजाएं हैं और इनकी सवारी सिंह है। महिषासुर नामक असुर का वध करने वाली माता भी यही हैं। उन्होंने पूजा की विधि को बताते हुवे कहा कि भक्तों को सूर्योदय से पहले उठकर नित्य क्रिया से निवृत होकर स्नान कर स्वच्छ कपड़े पहनने चाहिए। फिर लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां कात्यायनी की मूर्ति स्थापित करें। मां को रोली और सिंदूर का तिलक लगाएं। फिर मंत्रों का जाप करते हुए कात्यायनी देवी को फूल अर्पित करें और शहद का भोग लगाएं। घी का दीपक जलाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। बाद में दुर्गा चालीसा का पाठ कर, आरती करें। इधर मरकच्चो में दुर्गा पूजा को लेकर पंडालों का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है।

>>>> न्यूज फटाफट

## होल्डिंग टैक्स के लिए धमकी देकर दबाव बनाने का विरोध

**कोडरमाः** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने सुविधा विहीन नगर पंचायत में होल्डिंग टैक्स लेने हेतु टीम के साथ दवाब बनाने एवं सीज कर लेने की धमकी के साथ ही नोटिस भेजने पर रोष प्रकट किया है। इस नगर पंचायत में रोजगार का साधन न होने से कमाई के सारे रास्ते बंद हैं। नगर पंचायत बनने उपरांत योजना मद की राशि का सिर्फ दुरूपयोग हुआ है एवं अनुपयोगी कार्य कर लूट मचाई गई। लगातार आवाज उठाने एवं चुप्पी साधने पर लोकायुक्त के न्यायालय में वाद दर्ज करने उपरांत कार्य की सूची मांगने एवं इसकी सत्यता हेतु टिप्पणी की मांग पर स्थल निरीक्षण उपरांत जो सच्चाई सामने आई वह हैरतअंगेज है और इसमें कई घोटाले सामने आए जिसमें बिना कार्य कराये ही राशि का गबन कर दिया गया। अनुपयोगी कार्य एवं सुविधा विहीनता की झलक निम्न है। 1. कोडरमा बाजार में गंदगी, पेवर ब्लॉक बेतरतीव लगना एवं पानी का निकास नहीं। उन्होंने कहा कि 25-25 लाख से बने शौचालय जिसमें दो निर्जन स्थान पर एवं एक शौचालय के ठीक सामने और सारे में ताला बंद है। गांधी चौक एवं राजेंद्र चौक पर लगा वाटर एटीएम बरसों से खराब है। 4. 92 लाख से अरघौती नदी एवं 95 लाख से राजा तालाब की स्थिति बदहाल है। अरघौती नदी निकट श्मशान घाट में बैठने की छत गायब एवं लाइट तक नहीं है। श्री बसंत ने इन सारी कमियों से प्रशासक, नगर पंचायत को अवगत कराते हुए कहा की सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं, साथ ही होल्डिंग टैक्स लेने पर रोक लगाने की मांग की अन्यथा न्यायालय की शरण में जाने की मजबूरी बताई।

## विधायक ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन



**हरिहरगंज :** एनएच 98 दुबटिया मोड़ के समीप शुक्रवार को स्वाति ऑटोमोबाइल्स पेट्रोल पंप का क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया । मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि इस पेट्रोल पंप के चालू होने से हरिहरगंज,पिपरा क्षेत्र सहित मेदिनीनगर-औरंगाबाद की ओर गुजरने वाले वाहनों को ईंधन लेने में काफी सहूलियत होगी।प्रोपराइटर सुशील कुमार सिंह ने कहा कि सही मानक व गुणवत्ता के साथ ग्राहकों को बेहतर सेवा देना हमारी प्राथमिकता होगी।इस अवसर पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह,संदीप पासवान,एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता,हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह,जिला सचिव अजय सिंह,मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, पूर्व प्रमुख प्रदीप सिंह,लालबाबू सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, उमेश साव, स्वामी सिंह, मैनेजर हरिवंश पांडेय, अरविंद सिंह, अरुण मेहता, राजन सिंह उर्फ भोलू, धनंजय सिंह, विजय कुमार, अखिलेश मेहता, गुड्डू सिंह, शशि गुप्ता, विनोद प्रसाद, श्रीकांत सिंह, संजय गुप्ता, रंजय सिंह, मनोज विश्वकर्मा, राजेश्वर सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, युगेश सिंह, गुप्तेश्वर विश्वकर्मा, ललन सिंह,अमित सिंह,हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, महादेव विश्वकर्मा, प्रो. दिलीप सिंह, डॉ० महेश वर्मा, महाराणा सिंह,जीतू सिंह,दिलू सिंह,मुन्ना जायसवाल, रामप्रसाद भुईयां, जनेश्वर भुईयां, उपदेश गिरी,भोला यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## मिठाई दुकानों में हुई सैम्पल जांच

**कोडरमा:** उपायुक्त एवं असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के संयुक्त निदेशानुसार शुक्रवार को अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा डा रंजीत कुमार एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, कोडरमा प्रकाश चन्द्र गुग्गी के ने दुगार्पूजा के अवसर पर खाद्य सुरक्षा के तहत राज स्वीट्स, कोडरमा, वरदान स्वीट्स, कोडरमा का दुध से निर्मित मिठाई, पनीर आदि का जाँच किया गया एवं सैम्पल संग्रह किया। जिसे जाँच हेतु भेजा जा रहा है। साथ ही दुकान मालिकों को खाद्य सुरक्षा मानक के तहत आवश्यक निर्देश भी दिया गया। जैसे उत्पादन की तिथि, समाप्ति की तिथि, खाद्य पदार्थ पर अंकित करना है तथा खुले में खाद्य पदार्थ को नही रखना है इत्यादि । सुधा स्वीट्स, कोडरमा, मिस्टर विन कैफे एण्ड रेस्त्रां एवं जंगली रेस्टोरेन्ट, गाँधी चौक, कोडरमा का भी औचक निरीक्षण भी किया गया एवं साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया ।

## दुर्गा पूजा को लेकर निकल गया फ्लैग मार्च



**सतगावां:** शुक्रवार को पुलिस ने दुर्गा पूजा शांति सौहार्द आपसी भाईचारगी साथ से मनाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव, एवं थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च बासोडीह गोहाल माधोपुर मोड़ से निकलते हुए बासोडीह, समलडीह, पचमौह कलीडीह होते हुए खुट्टा तक फ्लैग मार्च किया। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा पर्व को लेकर पुलिस हुड़दंगियों एवं अफवाह फैलाने वाले लोगों पर विशेष नजर रखेगी। वहीं सोशल मीडिया से लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग है। इस फ्लैग मार्च में शामिल ढाव थाना प्रभारी विनय कुमार, एसआई अशोक कुमार, एएसआई दिनेश मुर्मू, एएसआई त्रिवेणी बास्की, एएसआई नन्दकिसोर प्रसाद के साथ पुलिस के जवान शामिल थे।

## उद्घाटन मैच में फुलवरिया ने गोहाल को दिया शिकस्त



**जयनगर:** प्रखंड के मेसौंधा में मेंसौंधा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव उपस्थित थे। बताते चलें कि इस मैच में उद्घाटन मैच फुलवरिया और गोहाल के बीच खेला गया, जिसमें फुलवरिया ने 10 ओवर में आठ विकेट खोकर 132 रन बनाए। वहीं गोहाल 8.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 84 रन ही बना पाया और 48 रनों से मैच हार गया। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि खेल मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है इसे प्रतिस्पर्धा और अनुशासन के साथ खेलना चाहिए। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रत्येक जगह खेलकूद का महत्व समझते हुए मैच के आयोजन हो रहे हैं जिससे खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का मौका मिल रहा है। वहीं जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने कहा कि आज के दौर में खेलकूद में भी रोजगार के अच्छे अवसर मिल रहे हैं इसलिए हमें खेल के प्रति भी सजग होना चाहिए। मौके पर मुखिया राजकुमार यादव, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

**न्यूज फटाफट**

## महिला रग्बी मुकाबले में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 42-7 से हराया



**वेलिंगटन:** महिला रग्बी विश्व कप डब्ल्यूएक्सवी1 टूर्नामेंट में शुक्रवार को इंग्लैंड की टीम ने आस्ट्रेलिया को 42-7 से हराकर अपने विजयी रथ का आगाज किया। वर्तमान में इंग्लैंड की रेड रोज टीम विश्व रैंकिग में शीर्ष पर है और उसने हाफ टाइम से पहले एक बोनस अंक हासिल किया। इंग्लैंड की हन्ना बोटरमैन, एला वायरवास, कप्तान मार्ली पैकर और जेस ब्रीच ने पहले 40 मिनट में स्कोर किया। जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एशले मार्स्टर्स ने स्कोर किया। इंग्लैंड का अगला मुकाबला 27 अक्टूबर को कनाडा से होगा। जिसे उन्होंने हाल ही में घरेलू दो मैचों की श्रृंखला में हराया था।

## ब्रिस्बेन हीट महिला ने मेलबर्न रेनेगेड्स महिला को छह रन से हराया



**मेलबर्न :** वीमेंस बिग बैश लीग के शुक्रवार को खेले गये दूसरे मुकाबले में ब्रिस्बेन हीट महिला ने ग्रेस हैरिस के 49 और जॉर्जिया रेडमेन 49 रनों की पारी तथा सेरा ग्लेन, चार्ली नॉट की शानदार गेदबाजी की बदौलत मेलबर्न रेनेगेड्स महिला को छह रन से हरा दिया है। आज यहां मेलबर्न रेनेगेड्स महिला टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ब्रिस्बेन हीट महिला टीम की सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस 26 गेंदों में 49 रन और जॉर्जिया रेडमेन 39 गेंदों में 49 रन की शानदार पारी और चार्ली नॉट के 12 गेंदों में 23 रन, बेस हीथ के नौ गेंदों में 19, मिकायला हिंकली के आठ गेंदों में नाबाद 17 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 187 रन का स्कोर खड़ा किया। रेनेगेड्स महिला की ओर से हेली मैथ्यूज़ ने तीन विकेट, रेसा कॉइट ने दो विकेट लिये। वहीं जॉर्जिया प्रेस्टविज और जॉर्जिया वेयरहम को एक-एक विकेट मिला। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेलबर्न रेनेगेड्स महिला टीम के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने 16 गेंदों में सर्वाधिक 36 रन, सलामी बल्लेबाज टैमी बोमॉन्ट 18 गेंदों में 34 रन, हरमनप्रीत कौर ने 26 गेंदों में 31 रन, कप्तान हेली मैथ्यूज़ ने 16 गेंदों में 20 रन और जोसेफ़ीन डूली आठ गेंदों में 13 रन बनाये। जॉर्जिया प्रेस्टविज ने 11 गेंदों मे नाबाद 14 रन, सेरा कॉइट दो गेंदों में सात रन बनाकर नाबाद रही। हालांकि दोनों बल्लेबाज अंतिम ओवरों में निर्धारित रन बनाकर टीम को जीत नहीं दिला सके। टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 181 रन ही बना सकी। हीट महिला टीम की ओर से सेरा ग्लेन 23 रन देकर चार विकेट, चार्ली नॉट 33 रन देकर तीन विकेट लिये। वही जेसजॉनसन को एक विकेट मिला।

**आरोप**

### पूर्व भारतीय कप्तान की एक बार फिर मुश्किल बढ़ी

# मोहम्मद अजहरुद्दीन के खिलाफ एफ आई आर दर्ज

- अजहरुद्दीन समेत कई अधिकारियों पर एचसीए के पैसों के दुरुपयोग का आरोप है
- हैदराबाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही है

**एजेंसियां**



**नई दिल्ली:** पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, अजहरुद्दीन समेत हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के खिलाफ 3.85 करोड़ रुपये के कथित दुरुपयोग को लेकर भ्रष्टाचार के आरोपों में चार आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। जिसकी जांच की जा रही है, अजहरुद्दीन समेत कई अधिकारियों पर एचसीए के पैसों के दुरुपयोग का आरोप है। हैदराबाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि, ये पैसा कथित तौर पर क्रिकेट की गिल्लियां, फायर सेफ्टी उपकरण, जिम उपकरण और उप्पल स्थित राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में कुर्सियों की खरीद पर खर्च किया गया।

वहीं टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, एचसीए के पूर्व अध्यक्ष अजरुद्दीन के अलावा जिन अधिकारियों के नाम ऋक्रफ दर्ज है। इनमें एचसीए के पूर्व सचिव आर विजय आनंद और पूर्व ट्रेजरर सुरेंद्र अग्रवाल भी शामिल हैं। इस डील में शामिल रही कंपनियों-बॉडी ड्रेंच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फायर सेफ्टी इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, सारा स्पोर्ट्स और एक्सीलेंट इंटरप्राइजेज का नाम भी इस एफआईआर में शामिल है।

हैदराबाद पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपियों पर क्ढउ की धारा 406, 409, 420, 465, 467, 471 और 120 बी के तहत आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है।

**ऑडिट में खुली थी पोल**

बता दें कि, हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के सीईओ ने शिकायत में कहा है कि तेलंगाना हाई कोर्ट के समक्ष कई पक्षों द्वारा प्रस्तुत पहले की रिपोर्ट्स के मद्देनजर, धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म को एसोसिएशन के ऑडिट के लिए नियुक्त किया गया था। इस फर्म ने 1 मार्च 2020 से 28 फरवरी 2023 तक का फोरेंसिक ऑडिट पेश किया। जिसमें वित्तीय नुकसान की पहचान की गई। इसमें फंड का डायवर्जन और एचसीए से संबंधित संपत्तियों का दुरुपयोग शामिल है।

**अजहर ने एफआईआर पर क्या कहा?**

पूर्व भारतीय कप्तान ने अपने खिलाफ दर्ज शिकायतों पर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट में कहा कि, मैंने मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। जिसमें कहा गया है कि सीईओ, एचसीए की शिकायतों पर मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ये सभी झूठे और प्रेरित आरोप हैं। इन आरोपों से किसी तरह से जुड़ा नहीं हूं। मैं सही समय आने पर जवाब दूंगा। ये मेरी प्रतिष्ठा को बर्बाद करने के लिए मेरे प्रतिद्वंद्वियों द्वारा किया गया एक स्टंट है। हम मजबूत रहेंगे और जोरदार लडाई लडेंगे।

**खेल जगत अपडेट्स**

## दिल्ली में आयोजित होगी राष्ट्रीय खेलों के गोल्फ स्पर्धा



**नई दिल्ली:** इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) और दिल्ली गोल्फ क्लब (डीजीसी) संयुक्त रूप से राष्ट्रीय खेलों के तहत खेले जाने वाले गोल्फ स्पर्धा का आयोजन पांच से नौ नवंबर के बीच नयी दिल्ली में करेगे।राष्ट्रीय खेलों का आयोजन गोवा में होगा लेकिन गोल्फ स्पर्धा की दिल्ली में मेजबानी को लेकर डीजीसी के अध्यक्ष के के बजोरिया ने कहा, ह्यह्यआईजीयू के साथ मिलकर हम लोग राष्ट्रीय खेलों के गोल्फ स्पर्धा का आयोजन कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि खेल को बढ़ावा देने वाले सभी को साथ लेकर चलने का हैं। हम इस आयोजन के लिए आईजीयू से कोई फीस नहीं ले रहे है। इंडियन गोल्फ यूनियन भारत में गोल्फ की सबसे बड़ी संस्था है जो अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों में भेजे जाने वाली भारतीय टीमों का चयन करती है।

## रांची के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अजय झा को मलखंब प्रतियोगिता को सफल संचालन के लिए तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किये गये

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अजय झा को नेशनल गेम्स गोवा - 2023 के अंतर्गत मलखंब प्रतियोगिता को सफल संचालन हेतु झारखंड से एकमात्र तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।



श्री झा झारखंड राज्य के सभी कोटि के विधालय में वरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं जो नियमित रूप से बत्तीस वर्षो से विधालय में शिक्षण कार्य के अलावा मलखंब ,खो-खो, कबड्डी, आत्या-पात्या ,योग, स्क्वाश, क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स , बैडमिंटन खेल में व्यक्तिगत निःशुल्क प्रशिक्षण देकर हजारों खिलाड़ी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए हैं।नेशनल गेम्स गोवा में मलखंब प्रतियोगिता 26 से 28 अक्टूबर 2023 तक कैम्पल खेल गांव, पणजी, गोवा में आयोजित की जाएगी, श्री झा को 24 अक्टूबर को रिपोर्ट करना है। श्री झा झारखंड के पहले तकनीकी अधिकारी हैं जिन्हें लगातार दो बार खेलों इंडिया यूथ गेम्स (पंचकूला, हरियाणा / उज्जैन , मध्यप्रदेश , नेशनल गेम्स (अहमदाबाद, गुजरात ) , विश्व मलखंब चैम्पियनशिप (भूटान) में अहम भूमिका निभा चुके हैं एवं वर्तमान में गोवा नेशनल गेम्स में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए 23 अक्टूबर को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से शाम छह बजे गोवा के लिए प्रस्थान करेंगे।श्री झा झारखंड में मलखंब खेल के संस्थापक, पूर्व महासचिव, मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं वर्तमान में झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव के रूप में दायित्व निर्वाह कर रहे हैं। श्री झा झारखंड राज्य के सभी जिलों में ग्रामीण, प्रखंड, जिला स्तर पर लगातार मलखंब खेल के तहत पोल मलखंब,रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब, पिरामिड पर खिलाड़ी अपना अदभुत प्रदर्शन कर राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त कर लगातार क्वालीफाई कर रहे हैं।

### प्रदर्शन को लेकर उत्साहित हैं सलीमा,संगीता,निक्की

**रांची :** भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और संगीता कुमारी 27 अक्टूबर से शुरु होने वाली झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में घरेलू दर्शकों के सामने प्रदर्शन को लेकर खासी उत्साहित हैं। पांच नवंबर तक चलने वाली चैंपियनशिप में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमे हिस्सा लेंगी। सविता के नेतृत्व में भारतीय टीम उदघाटन मैच में थाईलैंड का सामना करेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड संगीता ने कहा '' मैंने अपना पहला टूर्नामेंट रांची में तब खेला था जब मैं अंडर-14 टीम में थी और हमने हॉकी झारखंड के लिए कांस्य पदक जीता था। मैंने यहां सब जूनियर स्तर पर भी खेला।

## पीसीबी के केंद्रीय करार में समीक्षा के बाद सरफराज की पदोन्नति



**एजेंसियां**

**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने विश्व कप से पहले घोषित खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करने के बाद पूर्व कप्तान सरफराज अहमद को 'श्रेणी डी' से 'श्रेणी बी' में पदोन्नति दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज को अनुबंध सूची की गहन समीक्षा के बाद 'श्रेणी बी' में पदोन्नत किया गया है।इस अनुबंध को कप्तान बाबर आजम, मुख्य चयनकर्ता इंजमाम-उल-हक और मुख्य कोच मिकी आर्थर द्वारा अंतिम रूप दिया गया था। बोर्ड अध्यक्ष जका अशरफ ने इसे मंजूरी दी थी। पीसीबी ने पुरुषों की केंद्रीय अनुबंध सूची में पांच अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी जोड़ा, जिससे अनुबंध की पेशकश हासिल करने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 30 हो गई। बोर्ड ने पिछले महीने तीन साल के करार की घोषणा की थी जो एक जुलाई 2023 से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा।

**पीसीबी की समीक्षा के बाद की अनुबंध सूची इस प्रकार है:**

**श्रेणी ए:** बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी

**श्रेणी बी:** फखर जमां, हारिस राऊफ, इमाम-उल-हक, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, सरफराज अहमद और शादाब खान

**श्रेणी सी:** अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, इमाद वसीम और नोमान अली

**श्रेणी डी:** आमिर जमाल, अरशद इकबाल, फहीम अशरफ, हसन अली, इफ्तिखार अहमद, एहसानुल्लाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम जूनियर, सईम अयूब, सलमान अली आगा, सऊद शकील, शाहनवाज दहानी, शान मसूद, तैयब ताहिर, उस्मान मीर और जमां खान।

## आमिर खान के साथ फिर जोड़ी जमायेगी फातिमा सना शेख!



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख एक बार फिर से आमिर खान के साथ सिल्वर स्क्रीन पर नजर आ सकती है। आमिर खान ने अपने प्रोडक्शन में बनने वाली पांच फिल्मों का जिक्र पिछले दिनों किया था। चर्चा है कि आमिर ने अपने प्रोडक्शन में बनने वाली एक और फिल्म के लिए फातिमा सना शेख को बतौर मुख्य कलाकार चुन लिया है। बताया जा रहा है कि यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म होगी। फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है।अद्वैत चंदन इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। अद्वैत चंदन फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल की पहली तिमाही से शुरू होगी। इससे पहले आमिर ने फातिमा को मलयालम फिल्म जय जय जय जय हे की हिंदी रीमेक के लिए साइन किया था, लेकिन वह फिल्म नहीं बन पाई।

## सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 के गाना लेके प्रभु का नाम का टीजर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की आने वाली फिल्म 'टाइगर 3' के पहले गाना लेके प्रभु का नाम का टीजर रिलीज हो गया है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म टाइगर 3 के लेके प्रभु का नाम का टीजर रिलीज हो गया है। सलमान खान ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर फिल्म 'टाइगर 3' के पहले गाने लेके प्रभु का नाम का टीजर साझा किया और लिखा, टाइगर और जोया पार्टी के लिए तैयार हैं। 'लेके प्रभु का नाम' 23 अक्टूबर को धूम मचाएगा। देखो एक छोटी सी झलक।' 'लेके प्रभु का नाम' को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी है। ह्य टाइगर 3 से पहले इस फ्रेंचाइजी के दो पार्ट एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) रिलीज हो चुके हैं।फिल्म टाइगर 3 का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। टाइगर 3 में सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी की मुख्य भूमिका है। टाइगर 3 इस साल दीवाली के मौके पर हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होगी।

### मन्नारा पर मंडराया घर से बेघर होने का खतरा

मुंबई : अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' में हिस्सा लेती नजर आ रही हैं। मन्नारा शो में एंट्री लेने वाली पहली प्रतियोगी थी। पहले दिन से वह अपने गेम को लेकर सुर्खियों में हैं। हालाँकि, फिलहाल अभिनेत्री पर घर से बेघर होने खतरा मंडराया हुआ है। दरअसल, मन्नारा इस हफ्ते नॉमिनेट होने वाले सदस्यों में शामिल हैं। नॉमिनेशन के खतरे के बीच मन्नारा को किसी खास का समर्थन मिला है। ये खास कोई और नहीं बल्कि उनकी कजिन बहन प्रियंका चोपड़ा है।

## खुशाली कुमार की फिल्म स्टारफिश का फर्स्ट लुक रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबईः** अभिनेत्री खुशाली कुमार की आने वाली फिल्म स्टारफिश का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म स्टारफिश अखिलेश जयसवाल द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और ऑलमाइटी मोशन पिक्चर द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में मिलिंद सोमन,एहान भट्ट ,तुषार खन्ना के साथ खुशाली कुमार मुख्य भूमिका में हैं। खुशाली इस फिल्म में तारा की भूमिका निभा रही हैं। मिलिंद सोमन ने अर्लो का किरदार निभाया है जो स्पिरिचुअल गुरु हैं।यह फिल्म 24 नवंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## प्रदेश >> अपडेट

### अमरोहा में डूबे तीन युवकों के शव मिले

**अमरोहा** : उत्तर प्रदेश के अमरोहा से गुज़रने वाली मध्य गंगा नहर में गुरुवार को नहाते समय डूबे एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव 24 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शुक्रवार सुबह को बरामद हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमरोहा के थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव जीहल निवासी उस्मान (20),नवाज़िश (18), सारिक़ (19) तथा नदीम(18) समेत चार युवक, गांव के नज़दीक से गुज़र रही मध्य गंगा नहर में वीरवार को नहाने गए थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सरकार,भाजपा के प्रचार में सेना का इस्तेमाल गलत : कर्नल चौधरी

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस नेता कर्नल (अवकाश प्राप्त) रोहित चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाने में सेना के जवानों का इस्तेमाल कर रही है जो अनुचित और पूरी तरह से गलत है। कर्नल चौधरी ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेना का काम देश की सेवा करना है और किसी भी सरकार को अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सेना का काम सरकार और भाजपा का प्रचार करना नहीं है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए सेना के हाथ सरकारी योजनाओं के पोस्टर थमा दिए हैं। डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस ने एक सर्कुलर जारी किया है जिसके तहत देश में मोदी सरकार की योजनाओं से जुड़े 822 सेल्फी पॉइंट्स बनेंगे। इन्हें बनाने के लिए देश की सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं। यह पूरी तरह से गलत और सत्ता का दुरुपयोग है। कांग्रेस नेता ने कहा, क्या हमारे देश के सैनिक अब भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार करेंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनावी मैदान में हैं कांग्रेस प्रत्याशी : कमलनाथ

**भोपाल** : मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी प्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने चुनाव के लिए अपने 88 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी के प्रत्याशी सिर्फ विधायक बनने के लिए खड़े नहीं हो रहे हैं, बल्कि मध्यप्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनाव के मैदान में उतरे हैं। उन्होंने प्रत्याशियों का आह्वान किया कि सभी प्राणपण से अपने कर्तव्य में जुट जाएं और प्रदेश से 18 साल के कुशासन का अंत करने के लिए कमर कस लें। प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाएं।

### कांग्रेस चुनाव जीतने वाले को उम्मीदवार बनायेगी: हुड्डा

**अजमेर** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी सदस्य (सी.डब्ल्यू.सी.) एवं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस जल्दबाजी एवं हड़बड़ाहट में फैसला नहीं लेती , सर्वे के आधार पर ही चुनाव जीतने वाले को उम्मीदवार बनाया जायेगा। श्री हुड्डा आज राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर आये। उन्होंने जाट विश्राम स्थली पर स्व. नाथूराम मिर्धा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि केन्द्रीय चुनाव समिति सुझबूझ के साथ उम्मीदवारों का चयन का काम कर रही है। राजस्थान के लिये सूची जल्द जारी होगी। उन्होंने कहा कि जो लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बौखलाहट को कांग्रेस से तौल रहे हैं, उनके मुंह बंद हो जायेंगे।

**आशंका** > अमेरिकी रिपोर्ट में अनुमान से अधिक ऐसे हथियार शस्त्रागारों का अंदेशा

# चीन गुपचुप तरीके से परमाणु हथियारों का भंडार बढ़ा रहा

- हथियारों की संख्या को लगभग चार गुना बढ़ाकर 1,500 करने की राह पर है
- बीजिंग 1,000 से अधिक परमाणु हथियार तैनात करने की ओर अग्रसर है

**राष्ट्रीय खबर**



**वाशिंगटन:** चीन की सैन्य शक्ति पर पेंटागन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बीजिंग पिछले अनुमानों को पार कर रहा है कि वह कितनी तेजी से अपने परमाणु हथियार शस्त्रागार का निर्माण कर रहा है और यूक्रेन में रूस के युद्ध से लगभग निश्चित रूप से सबक सीख रहा है कि ताइवान पर संघर्ष का क्या रूप हो सकता है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि चीन पारंपरिक हथियारों का उपयोग करके एक नई अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल प्रणाली का प्रयास कर सकता है, जिसे यदि तैनात किया जाता है, तो बीजिंग को महाद्वीपीय संयुक्त राज्य अमेरिका, हवाई और अलास्का में लक्ष्यों के खिलाफ पारंपरिक हमलों की धमकी देने की अनुमति मिल जाएगी। कांग्रेस द्वारा अपेक्षित वार्षिक रिपोर्ट, पेंटागन द्वारा चीन की बढ़ती सैन्य क्षमताओं को मापने का एक तरीका है, जिसे अमेरिकी सरकार क्षेत्र में अपने प्रमुख खतरे और अमेरिका की प्राथमिक दीर्घकालिक सुरक्षा चुनौती के रूप में देखती है।

7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमलों के बाद, अमेरिका को चीन के विकास का मुकाबला करने के लिए प्रशांत क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रचारित धुरी के बजाय, मध्य पूर्व पर ध्यान केंद्रित करने के लिए फिर से मजबूर होना पड़ा है। रूस के आक्रमण को विफल करने के लिए यूक्रेन के 20 महीने के संघर्ष में अमेरिका इजरायल को हथियार भेज रहा है और यूक्रेन को समर्थन और युद्ध सामग्री पहुंचा रहा है। फिर भी, पेंटागन की राष्ट्रीय रक्षा रणनीति अमेरिका के लिए सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती चीन के इर्द-गिर्द बनाई गई है, और बीजिंग का खतरा यह निर्धारित करेगा कि अमेरिकी सेना भविष्य के लिए कैसे सुसज्जित और आकार में है।

पेंटागन की रिपोर्ट पिछले साल सेना की उस चेतावनी पर आधारित है कि चीन अमेरिकी अधिकारियों की भविष्यवाणी की तुलना में बहुत तेजी से अपनी परमाणु शक्ति का विस्तार कर रहा है, जो बीजिंग को मध्य शताब्दी तक अमेरिकी वैश्विक शक्ति से मेल खाने या उससे आगे निकलने में सक्षम बनाने के लिए तैयार की गई सैन्य ताकत के व्यापक और त्वरित निर्माण को उजागर करती है। पिछले साल की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई थी कि बीजिंग तेजी से अपने परमाणु बल का आधुनिकीकरण कर रहा है और 2035 तक अपने पास मौजूद हथियारों की संख्या को लगभग चार गुना बढ़ाकर 1,500 करने की राह पर है। संयुक्त राज्य अमेरिका के पास 3,750 सक्रिय परमाणु हथियार हैं। 2023 की रिपोर्ट में पाया गया है कि बीजिंग 2030 तक 1,000 से अधिक परमाणु हथियार तैनात करने की ओर अग्रसर है, जिससे 2049 तक शी के विश्व स्तरीय सेना के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से तेजी से आधुनिकीकरण जारी है।

## टीजेएस ने तेलंगाना विस चुनाव के लिए की कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा

**एजेंसियां**



**हैदराबाद:** तेलंगाना जन समिति (टीजेएस) ने आधिकारिक तौर पर 30 नवंबर को होने वाले आगामी तेलंगाना राज्य विधान सभा (टीएसएलए) चुनावों में कांग्रेस पार्टी के साथ सहयोग की घोषणा की है। टीजेएस अध्यक्ष प्रोफेसर कोदंडराम ने शुक्रवार को करीमनगर के वी पार्क में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की और लोकतांत्रिक तेलंगाना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रदर्शन के रूप में कांग्रेस के साथ मिलकर टीजेएस चुनाव लड़ने का इरादा व्यक्त किया। इस मुलाकात के दौरान सर्व कोदंडराम और राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी को सत्ता से हटाने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण पर चर्चा की। उन्होंने सीट आवंटन को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ एक और बैठक की योजना भी बनाई है। राज्य कांग्रेस नेतृत्व के साथ चर्चा के बाद अधिक विवरण सामने आने की उम्मीद है। प्रोफेसर कोदंडराम ने राज्य के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को हराने के अपने प्राथमिक लक्ष्य पर भी चर्चा की। प्रो. कोदंडराम ने टीजेएस की स्थापना बीआरएस के सत्तावादी शासन को खत्म करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ की थी।

मणिपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

## राज्य पुलिस को नया मामला दर्ज नहीं करने का निर्देश दिया

- मणिपुर सरकार विस्थापितों को घरों के पुनर्निर्माण के लिए धन देगी,

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी** : सुप्रीम कोर्ट ने एक ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी, जिसे समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण कोष के कथित दुरुपयोग के संबंध में उसके द्वारा किए गए सोशल मीडिया पोस्ट पर समन जारी किया गया था। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मणिपुर पुलिस को निर्देश दिया कि इस तरह के पोस्ट के आधार पर ट्रांसजेंडर महिला सांथा खुरई के खिलाफ कोई नया मामला दर्ज नहीं किया जाए।यह अंतरिम आदेश खुरई द्वारा दायर एक रिट याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें मणिपुर पुलिस की कार्रवाई से सुरक्षा और उन्हें जारी पुलिस समन को रद्द करने की मांग की गई थी।दूसरी ओर, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनके कैबिनेट मंत्रियों का मणिपुर के उखरुल में गर्मजोशी से स्वागत किया गया, क्योंकि उन्होंने 18 अक्टूबर को एक महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक बुलाई थी। बैठक सुबह जिला कलेक्टर कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई थी, जिसके बाद वे उखरुल में मिनी सचिवालय परिसर में एक सार्वजनिक समारोह में शामिल हुए।इस यात्रा के दौरान, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उखरूल और कामजोंग जिलों की जनता को 64.38 करोड़ रुपये की परियोजनाएं सौंपी गईं, जो क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण निवेश को चिह्नित करती हैं। उखरुल में मिनी सचिवालय में एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने घोषणा की कि सरकार उखरुल को 'ग्रीष्मकालीन शहरह्व में विकसित करने को प्राथमिकता देगी।

## इजरायल-यूक्रेन का समर्थन करना अमेरिका के हित में है: बाइडेन



**एजेंसियां**

**वाशिंगटन:** अमेरिका राष्ट्रपति जो बाडेन ने कहा है कि रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और फिलिस्तीन के बीज जारी संघर्ष के दौरान अमेरिका इजरायल और यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए। बाइडेन ने व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमास के साथ संघर्ष में इज़रायल की सफलता और रूस के साथ संघर्ष में यूक्रेन की जीत सुनिश्चित करना अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह शुक्रवार को कांग्रेस (संसद) को 'तत्काल बजट अनुरोध' भेजेंगे ताकि इजरायल और यूक्रेन सहित हमारे महत्वपूर्ण भागीदारों का समर्थन करने के लिए अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरतों को पूरा किया जा सके। इस मामले से परिचित लोगों का कहना है कि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोधित पूरक व्यय पैकेज की राशि 100 अरब अमेरिकी डॉलर है, जिसमें इज़रायल को आपातकालीन सहायता के लिए 10 अरब डॉलर और यूक्रेन को रूस के खिलाफ लड़ाई के लिए 60 अरब डॉलर की सहायता शामिल हैं। बाइडेन ने ये बातें अमेरिकी समर्थन दिखाने के लिए इज़रायल के अपने दौरे के एक दिन बाद कही। इज़रायल और हमास के बीच मौजूदा संघर्ष के बीच अमेरिका ने बार-बार इज़रायल के साथ अपनी 'दृढ़' एकजुटता दोहराई है। अमेरिका ने कहा है कि हमास के खिलाफ लड़ाई में इजरायल को जो कुछ भी चाहिए, उसे अमेरिका प्रदान करेगा।

## घमंडिया गठबंधन की दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती : शिवराज

**एजेंसियां**



**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया को निशाने पर लेते हुए आज कहा कि ये ऐसा अजीब गठबंधन है, जिसकी दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती चल रही है। चौहान ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि जिस दिन इंडी गठबंधन बना था हमने कह दिया था यह बेमेल गठबंधन है।गठबंधन में न लोगों के विचार एक हैं और न ही दिल एक है। केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से घबराकर ये बेमेल गठबंधन बना था, जो बनने से पहले ही टूट रहा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन ने मध्यप्रदेश में रैली तय की थी, लेकिन कमलनाथ ने उसे भी निरस्त करवा दिया। गठबंधन को प्रदेश में घुसने से भी मना कर दिया। यह अजीब गठबंधन है, जिसकी दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती चल रही है, ऐसा कहीं होता है क्या। चौहान ने कहा कि कल समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें और सपा को एक साल तक धोखे में रखा। बातें करते रहे और बाद में धोखा दे दिया। कांग्रेस आपस में भी धोखा दे रही है।

**फैसला** > नेस्ले ने अपने चीनी शिशु फामूर्ला कारखाना बंद करने का फैसला लिया

# जन्मदर में अत्यंत गिरावट की वजह से फैसला

- शिशुओं की संख्या 18 मिलियन प्रति वर्ष से तेजी से घटकर कम हो गई है
- नियोजित बंदी से 542 नौकरियाँ खतरे में हैं
- आयातित शिशु फामूर्ला उत्पादों पर निर्भर था

**राष्ट्रीय खबर**



**लंदन:** चीन की जन्म दर में गिरावट के कारण नेस्ले एक शिशु फामूर्ला फैक्ट्री बंद कर रही है। नेस्ले ने देश के जनसांख्यिकीय संकट के दूरगामी प्रभावों के एक ताजा उदाहरण में, चीन की जन्म दर में भारी गिरावट का हवाला देते हुए शिशु फामूर्ला बनाने वाले अपने एक संयंत्र को बंद करने की योजना बनाई है। दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य कंपनी ने बुधवार को कहा कि वह 2026 की पहली तिमाही तक आयरलैंड के एक शहर आस्कटन में अपनी वायथ न्यूट्रिशन शिशु फामूर्ला फैक्ट्री को बंद कर देगी, जब तक कि कोई खरीदार नहीं मिल जाता। संयंत्र विशेष रूप से एशिया के बाजारों में निर्यात के लिए शिशु फामूर्ला उत्पाद बनाता है। यह घोषणा इस बात की नई जानकारी प्रदान करती है कि चीन की जनसंख्या में गिरावट देश में सामान और सेवाएँ बेचने वाली पश्चिमी कंपनियों को कैसे प्रभावित कर सकती है। बढ़ती उम्र की आबादी पहले से ही चीन की आर्थिक वृद्धि पर असर डाल रही है, और नीति निमार्ताओं को चिंता है कि सिकुड़ती कार्यबल लंबी अवधि में आर्थिक और सामाजिक स्थिरता को खतरे में डाल सकती है। चीन में नवजात शिशुओं की संख्या 2016 में लगभग 18 मिलियन प्रति वर्ष से तेजी से घटकर कम हो गई है। नेस्ले ने एक बयान में कहा, 2023 में 9 मिलियन से अधिक का अनुमान लगाया गया है। बाजार, जो पहले आयातित शिशु फामूर्ला उत्पादों पर निर्भर था, स्थानीय स्तर पर उत्पादित उत्पादों में भी तेजी से वृद्धि देख रहा है। संयंत्र में नेस्ले अनुसंधान और विकास केंद्र एक साल पहले ही बंद कर दिया जाएगा।

दोनों सुविधाओं का काम चीन और स्विट्जरलैंड में मौजूदा कारखानों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। नियोजित बंदी से 542 नौकरियाँ खतरे में हैं और नेस्ले ने कहा कि वह कर्मचारियों के साथ परामर्श प्रक्रिया शुरू करेगी। कंपनी ने कहा, समानांतर रूप से, इस परामर्श के दौरान हम एक विश्वसनीय खरीदार से संपर्क के लिए खुले रहेंगे। नेस्ले की दुनिया भर में बिक्री इस साल उसके उत्पादों की बढ़ती कीमतों के कारण प्रभावित हुई है, जिसमें नेस्कैफे कॉफी और किटकैट चॉकलेट बार शामिल हैं। कंपनी द्वारा गुरुवार को रिपोर्ट की गई साल के पहले नौ महीनों में बिक्री वृद्धि विश्लेषकों की उम्मीदों से चूक गई, जिससे इसके शेयरों में 2 फीसद से अधिक की गिरावट आई।

समान या जैविक आधार पर बिक्री एक साल पहले की तुलना में 7.8 प्रतिशत बढ़ी, जो अधिग्रहण, विनिमय दर आंदोलनों और अन्य परिवर्तनों के प्रभाव को हटा देती है जबकि कीमतें 8.4 प्रतिशत बढ़ीं। सीईओ मार्क श्नाइडर ने एक बयान में कहा, बिक्र, वृद्धि मूल्य निर्धारण से प्रेरित थी क्योंकि हमने ऐतिहासिक मुद्रास्फीति स्तरों को पार करना जारी रखा। अलग से, नेस्ले ने कहा कि उसने एहतियात के तौर पर इजराइल में एक फैक्ट्री को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था, लेकिन प्लांट अब फिर से काम कर रहा है।

## न्यूज फटाफट

### वेस्ट बैंक में इजरायली हमले में हमास प्रवक्ता गिरफ्तार

**हमास:** वेस्ट बैंक में इजरायली हमले के दौरान गुरुवार को हमास के प्रवक्ता हसन यूसुफ गिरफ्तार कर लिया गया। इजरायली सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने सीएनएन को बताया, हमास की ओर से काम करने के संदेह में यूसुफ को गिरफ्तार किया गया। यूसुफ वेस्ट बैंक में हमास आंदोलन के आधिकारिक प्रवक्ता और फिलिस्तीनी विधान परिषद का सदस्य है।

### चीन में इमारत ढहने से तीन की मौत, आठ घायल

**होहोट:** उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में एक फैक्ट्री की इमारत ढह जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ऑर्डोस सिटी के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने बताया कि हादसा इजिन होरो बैनर क्षेत्र के ज़साक टाउनशिप स्थित मताइहाओ कोयला खदान में गुरुवार को अपराह्न करीब तीन बजे हुआ। ब्यूरो के मुताबिक इमारत ढहने के बाद 11 मलबे में दब गए। ब्यूरो ने बताया कि शुक्रवार सुबह 3 :55 बजे तक सभी फंसे हुए लोगों को निकाल लिया गया और उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया। ब्यूरो के मुताबिक इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गयी।

### लंका में बस दुर्घटना में एक की मौत, 30 घायल

**कोलंबो** : लंका के बादुल्ला जिले में शुक्रवार को एक यात्री बस के सड़क से उतरकर खाई में गिर जाने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई और कम से कम 30 घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि सरकारी बस के सड़क से फिसलकर 10-15 फुट गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी और अन्य 30 घायल हो गए। घायलों को पास के स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। लंका में बारिश के मौसम में सड़क दुर्घटनाएं आम बात है। गौरतलब है कि देश के उत्तर पश्चिमी प्रांत में गुरुवार को एक बस सड़क से फिसलकर खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 18 घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि बारिश के मौसम के इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस के अनुसार, पिछले साल लंका में लगभग 19,740 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 2,485 लोग काल के गाल में समा गए थे।

### गुआम में भूकंप के तेज झटके

**हगात्ना:** गुआम में शुक्रवार को रिक्टर स्केल पर 5.9 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक शुक्रवार को तड़के 0.04 बजे महसूस किए गए भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में 12.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 143.41 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

### चीन में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग:** चीन के दक्षिणी हिस्सों में शुक्रवार को भारी बारिश के आसार है और इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया किया गया है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को अपराह्न दो बजे से शनिवार अपराह्न दो बजे तक गुआंग्शी और गुआंगडोंग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान हैं। इन क्षेत्रों में इस अधिकतम 80 मिलीमीटर प्रति घंटा बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने स्थानीय सरकारों को प्राकृतिक आपदा आने से पूर्व तैयारी कर लेने और यातायात प्रबंधन अधिकारियों को भारी बारिश से प्रभावित सड़कों पर उचित यातायात नियंत्रण उपाय लागू करने की सलाह दी है। इसके अलावा, जोखिम वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को काटने और संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने का भी सुझाव दिया गया है।

### वेस्ट बैंक में शरणार्थी शिविर में झड़प, 12 फिलिस्तीनियों, एक इजरायली अधिकारी की मौत

**रामल्लाह:** वेस्ट बैंक के शहर तुल्कार्म के पूर्व में एक शरणार्थी शिविर में गुरुवार को हुई झड़प में कम से कम 12 फिलिस्तीनी और एक इजरायली अधिकारी की मौत हो गई। फिलिस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी। उधर, फ़िलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नूर शम्स शरणार्थी शिविर में हुए हमले में 12 फ़िलिस्तीनी मारे गए। इनमें से सात लोगों की मौत शहर के तुल्कर्म सरकारी अस्पताल इलाज के दौरान हुयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक झड़पें तब हुई, जब इजरायली सेना वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी संदिग्धों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी अभियान चला रही थी।

## आज का इतिहास

- 1296 : अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली थी।
- 1555 : इंग्लैंड के संसद ने फिलिप को स्पेन के राजा मानने से इनकार किया।
- 1577 : गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
- 1727 : रूस और चीन ने सीमाओं को सही करने के लिए समझौते किये।
- 1797 : अमेरिकी नौसेना के लिए बनाए गए पहले मालवाहक जहाजों में से एक द कंस्टीच्यूशंस का बोस्टन में जलावतरण किया गया।
- 1805 : स्पेन के तट पर ट्राफलगर की लड़ाई में फ्रांस और स्पेन की 33 पोत के बेड़े वाली संयुक्त नौसेना को ब्रिटेन की 27 पोत के बेड़े वाली नौसेना ने पराजित किया।
- 1833 : स्वीडन के स्टॉकहोम में अल्फ्रेड नोबेल का जन्म हुआ जिन्हें डायनामाइट के खोजकर्ता के तौर पर जाना जाता है। उनके नाम पर कुल 355 पेटेंट हैं। नोबेल पुरस्कार के नाम से दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान स्थापित करने का श्रेय उन्हें जाता है।
- 1934 : जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की।
- 1943 : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतंत्र भारत की प्रांतीय सरकार बनाई।
- 1950 : चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी तिब्बत में दाखिल हुई और कुनलुन तथा हिमालय की विशाल पर्वत श्रृंखलाओं के बीच 16000 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस आध्यात्मिक और शांतिप्रिय देश पर कब्जा कर लिया।
- 1951 : भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई।
- 1954 : भारत और फ्रांस ने पुडुचेरी, कराइकल, और माहे को भारतीय गणतंत्र में शामिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता 1 नवम्बर से लागू हुआ।
- 1970 : नारमन इ बारलॉग को नोबेल का शांति पुरस्कार दिया गया।
- 1990 : दूरदर्शन ने दोपहर की हिंदी तथा अंग्रेजी समाचार ब्लूटेन सेवाएं आरंभ कीं।
- 1999 : फिल्म निर्माता बी.आर चोपड़ा को 1999 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार।
- 2001 : दुनियाभर में खौफ का कारण बने एंथ्रेक्स ने अमेरिका में तीसरे व्यक्ति को अपना शिकार बनाया। डाक घर के एक कर्मचारी में इस जानलेवा बीमारी का संक्रमण पाया गया।
- 2003 : चीन और पाकिस्तान का नौसैनिक अभ्यास प्रारम्भ। चीन ने 4-बी कैरियर राकेट से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण किया।
- 2005 : सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पाकिस्तान की मुख्तारन माई को वूमेन ऑफ द ईयर चुना गया।
- 2012 : सायना नेहवाल ने डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज ख़िताब अपने नाम कर लिया।
- 2013 : कनाडा की संसद ने मलाला युसुफजई को कनाडा की नागरिकता प्रदान की।
- 2014 : प्रसिद्ध पैरालम्पिक रनर ऑस्कर पिस्टोरियोस को प्रेमिका रीवा स्टीनकेंप की हत्या के लिए पांच साल की सजा।

## बिल्डर से रंगदारी मांगने का आरोपी छोटन गिरफ्तार

नामकुमः नामकुम थाना क्षेत्र के बिल्डर शलीम खान से दो करोड़ रंगदारी मांगनेवाला मुख्य पुनदाग निवासी आरोपी छोटन उर्फ इरफान पकड़ा गया। आरोपी छोटन खान विभिन्न थाना में दर्जनों मामला में आरोपी है।आरोपी के पास से एक देशी कट्टा दो जिंदा गोली बरामद किया गया। उक्त जानकारी नामकुम थाना परिसर में बुधवार को ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी छोटन खान मौलाना आजाद कॉलोनी लोवाडीह स्थित बिल्डर शलीम खान के घर पर छोटन व रिजु 10 अक्टूबर को पहुंचकर हथियार का भय दिखाते हुए दो करोड़ रुपए की मांग की कर दो करोड़ रुपए की मांग किया ।

अपराध

### राजधानी में चोरों का उत्पात लगातार जारी

# 20 लाख के गहने सहित उड़ा ले गए लाखों

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** रांची के कांके स्थित बिरसा एग्रीकल्चर कॉलेज के वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद के घर पर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। योगेंद्र प्रसाद अपने पूरे परिवार के साथ बनारस गए हुए थे इसी दौरान चोरों के द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया है। वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद के घर के तीन लेयर की सुरक्षा घेरे को तोड़कर चोरों ने 20 लख रुपए के गहने और 3 लाख रुपए नगद गायब कर दिए। घर में चोरी की वारदात की सूचना मिलने के बाद वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद शुक्रवार को बनारस से रांची पहुंचे।वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद कांके थाना क्षेत्र के चौड़ी में नाग परिसर के अंदर रहते हैं। 18 अक्टूबर को योगेंद्र प्रसाद बनारस निकले थे। इसी बीच उनके भाई ने यह सूचना दी कि घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। बनारस से जब योगेंद्र प्रसाद अपने घर पहुंचे तो घर के हालात देखकर वह दंग रह गए।चोरों के द्वारा सबसे पहले बाहर के ग्रिल को काटा गया उसके बाद बेहद मजबूत माने दरवाजे के लॉक को भी तोड़ डाला गया था। कमरों के अंदर तो और भी भयावह स्थिति थी। कमरे के अंदर हर तरफ समान बिखरा पड़ा था। एक आलमीरा, कबर्ड, बक्शे सब के ताले टूटे पड़े थे। कपड़ा और दूसरे सामान बिखरे पड़े थे। कमरे को देख कर ऐसा लग रहा था जैसे चोर पांच से छह घंटे तक घर में मौजूद थे और घर का एक एल समान चेक कर सभी कीमती गहने और नगद पैसे उड़ा ले गए।तीन लाख नगद, 12 सोने का कंगन, 06 सोने की हार, 25 कान की बाली, 02 सेट डायमंड के गहने, 02 डायमंड की नोज पिन, 20 सोने की अंगूठी, 13 सोने का चेन, 19 चांदी पायल, मंगलसूत्र, चांदी का सिक्का, मांग टिका, चांदी की हासुली। मामले की जानकारी मिलने के बाद कांके पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी को अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को बुलाकर जांच भी करवाई गई है। हालांकि अभी तक पुलिस को इस कांड में कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। कांके थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया है कि सीसीटीवी में छह से सात लोग इलाके में घूमते देखे गए हैं। आशंका है कि उन्हीं के द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

## पुलिस ने थाना में बुलाकर आदिवासी युवक को मार कर हाथ तोड़ा

राष्ट्रीय खबर



**गोलाः** गोला थाना क्षेत्र के सोटई गांव निवासी तुलसी करमाली को थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक विक्रम शील ने गुरुवार शाम को थाना में बुलाकर पिटाई कर दी। जिससे तुलसी करमाली का हाथ टूट गया। उक्त आरोप भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेन्द्र पाठक , प्रखण्ड सचिव घनेनाथ चौधरी, राज्य परिषद् सदस्य नेमन यादव ने संयुक्त रूप से प्रेस ब्यान जारी कर लगाया है।

कहा है कि गोला थाना के सब इन्सपेक्टर विक्रम सील के द्वारा भाकपा नेता सह आदिवासी महासभा के जिला उपाध्यक्ष तुलसी करमाली के साथ मारपीट दुर्व्यवहार कर पचास हजार रुपए की राशि की मांग की गई। पाठक ने बताया कि भारत माला परियोजना में जमीन के बदले मुवाअजा तुलसी करमाली के भाई कारू करमाली को मिला है। भाई भाई में बंटवारा नहीं हुआ। लेकिन तुलसी करमाली की विधवा पुत्रवधु ने थाना में शिकायत कर आधे मुवाअजा राशि की माँग की । जिसपर विक्रम सील ने थाना बुलाकर मारपीट किया। जाति सूचक गाली भी दी और कहा कि मुवाअजा राशि से आधा राशि पुत्रवधु को दो और पचास हजार रुपए मुझे दो नहीं तो दुर्गा पूजा में ही जेल भेज देगें।इसके बाद मारकर उसका हाथ तोड़ दिया। जो सदर अस्पताल में ईलाजरत है । पाठक पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक रामगढ़ को पत्र प्रेषित कर मामले का संज्ञान लेते हुए विक्रम सील को मुक्तल करने और गोला थाना से हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आए दिन रामगढ़ जिले में जन प्रतिनिधियों के साथ पुलिस के द्वारा दुव्यर्वहार आम बात हो गई है। अगर उन पर कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी एवं आदिवासी महासभा आन्दोलन के लिए बाध्य होगी ।

### झारखंड की बसंती ने जीता 10000 मीटर का रजत पदक

**रांचीः** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं पश्चिम चंडीगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 20 से 22 अक्टूबर तक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड की अंतरराष्ट्रीय एथलीट बसंती कुमारी ने 10000 मीटर में 36:03.27 का समय लेते हुए रजत पदक जीता। जबकि प्रजक्ता महाराष्ट्र ने स्वर्ण, राजस्थान की चतुरु ने कांस्य पदक जीता। बता दें बसंती पश्चिम सिंहभूम की रहने वाली है। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, एसके पांडेय, डॉ प्रभात शंकर, बिनोद कुमार सिंह, आलोक मिश्रा, आशीष झा, सुखैर भगत, राकेश सिंह, बरुण कुमार, किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी, रविंद्र मुर्मू, बंधन टोप्पो, आशू भटिया, प्रभात रंजन तिवारी, सिकंदर महतो, अजीत साहू,अजय नायक, रनवीर सिंह, प्रभाकर वर्मा, अन्ना गोरेती मिंज, मुकुल टोप्पो, अरविंद कुमार, योगेश यादव, अशोक कुमार, शाशांक भूषण सिंह समेत संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## हाई कोर्ट जज के बॉडीगार्ड की गोली लगने से मौत, आत्महत्या की आशंका

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** हाई कोर्ट के जज जस्टिस एसएन पाठक के बॉडीगार्ड बलराम एक्का की गोली लगने से मौत हो गई है। बॉडीगार्ड ने आत्महत्या की है या फिर एक्सीडेंटल गोली चली है, इसकी जांच की जा रही है। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार गुमला के रहने वाले बलराम एक्का जस्टिस एसएन पाठक के बॉडीगार्ड के रूप में लंबे समय से कार्यरत थे। बलराम जस्टिस के आवास स्थित एक आउटहाउस में ही रहा करते थे। शुक्रवार की सुबह करीब 9।30 मिनट पर न्याय पथ स्थित जस्टिस के आवास से गोली चलने की आवाज आई। हाउस गार्ड जब मौके पर दौड़े दौड़े पहुंचे तो देखा कि बलराम एक्का अपने कमरे के बाथरूम में खून से लथपथ पड़े हुए हैं, उनका एके 47 राइफल भी पास में पड़ा हुआ था। आनन फानन में बलराम को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।रांची पुलिस के अनुसार बलराम के एके 47 से ही गोली चली है। गोली गले के कंठ से होते हुए सिर से बाहर निकल गई है। अंदेशा जताया जा रहा है कि बलराम के द्वारा खुद को गोली मारी गई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची एसएसपी, सिटी एसपी, हटिया डीएसपी सहित एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुची। रांची एसएसपी ने बताया कि मामला आत्महत्या का है या एक्सीडेंटल फायर का इसकी जांच की जा रही है। बॉडीगार्ड बलराम झारखंड के गुमला जिला के रहने वाले थे। उनके परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। विशेष जानकारी आगे की तफ्तीश के बाद दी जाएगी।

## दुर्गापूजा में सुरक्षा को लेकर डीसी व एसएसपी ने अल्बर्ट एक्का चौक से कर्बला चौक तक किया फ्लैग मार्च

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** दुगार्पूजा के दौरान शांत व सुरक्षा को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एसडीओ, सिटी एसपी, डीएसपी, रैप के जवनों एवं आईआरबी के जवानों के साथ अल्बर्ट एक्का चौक से डेली मार्केट होते हुए कर्बला चौक तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान एसएसपी ने रोड पर लगी दुकानों को हटाने के साथ कार्रवाई की हिदायत दी। डीसी ने कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। आम जनता को दुर्गा पूजा पंडाल घूमने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। एसएसपी ने कहा कि पुलिस के जवान रांची के सभी पंडालों की निगरानी कर रहे हैं। राजधानी में जगह-जगह सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग गाड़ी घूम रही है। सीसीटीवी की मदद से भी निगरानी की जा रही है। उपद्रवियों से पुलिस कड़ाई से पेश आयेगी।

## कर्बला चौक स्थित पूजा पंडाल समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देनेवाला

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राजधानी रांची के कर्बला चौक स्थित श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की तरफ से बनाया गया पंडाल समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देता है। अन्य पंडालों की तरह यहां भव्य पंडाल नहीं है। लेकिन छोटे पंडाल के भीतर हो रहे पूजा करने वाले लोगों का संदेश काफी बड़ा है। इस पंडाल में देवी दुर्गा की प्रतिमा सनातन धर्म के लोगों के साथ-साथ मुस्लिम कौम के लोगों की सहभागिता से स्थापित की जाती। पूजा पंडाल समिति के सदस्य अफरोज आलम बताते हैं कि इस मंदिर में कई दशकों से दुर्गा पूजा मनाई जाती है। जिसमें कर्बला चौक में रहने वाले हजारों मुसलमानों की उतनी ही सहभागिता होती है, जितनी हिंदुओं की होती है।पूजा शुरू होने से पहले मुस्लिम और हिंदू परिवार में उत्साह का माहौल होता है। दोनों धर्म के लोग दुर्गा पूजा के लिए चंदा काटते हैं और मंदिर में दिन-रात रहकर धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाते हैं। जैसा कि नाम से ही प्रतीत होता है कर्बला चौक मुस्लिम बहुल इलाका है। यहां पर कई बार हिंदू मुस्लिम के बीच तनातनी भी देखने को मिलती है। इसके बावजूद यहां के लोग दुर्गा पूजा के मौके पर एक साथ मिलकर आपसी भाईचारा का संदेश देते हुए नजर आते हैं।मंदिर में 24 घंटा सेवा देने वाले मोहम्मद नसीम कहते हैं कि मंदिर में ही रहना होता है और इसी के पास वह अपनी दुकान भी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें कभी भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि वह हिंदू धर्म से दूर हैं या फिर उनके साथ रहने वाले किसी भी हिंदू शख्स को यह महसूस नहीं होता कि वह मुसलमान धर्म से दूर हैं।

दुर्गा पूजा के मौके पर कर्बला चौक के लोग जाति धर्म को भूलकर धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाते हैं और यह संदेश देते हैं कि मजहब के नाम पर एक दूसरे का खून न बहाएं। मंदिर समिति के सदस्य रवि राम बताते हैं कि कर्बला चौक स्थित श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति यह बताना चाहता है कि धरती पर मौजूद लोग जाति और धर्म के नाम पर अपना नुकसान न करें, क्योंकि धरती पर मौजूद कोई भी शख्स पहले इंसान है और उसकी सिर्फ एक जाति है, जिसे हम इंसानियत के नाम से जानते हैं।पूजा समिति के लोगों ने कहा कि इंसानियत को बचाने के लिए जाति धर्म से ऊपर उठना होगा तभी समाज का पूर्ण विकास हो पाएगा। कर्बला चौक स्थित श्री श्री दुर्गा पूजा समिति इसी संदेश के साथ दशकों से शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मना रही है।

### चंद्रशेखर आजाद पूजा समिति ने किया चिकित्सकों को सम्मानित

रांची : चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने पूजा पंडाल प्रांगण में रांची के कई चिकित्सकों को सम्मानित किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को चुनरी ओढ़ा कर स्मृति चिह्न दिया। इस दौरान सीएस ने कहा कि शहर के सभी इलाके में दुर्गोत्सव का आयोजन किया जाता है, लेकिन चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की परंपरा अनूठी व सराहनीय है। वहीं रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ विकास कुमार ने कहा कि मरीजों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। मां भवानी की पूजा के बीच सम्मान मिलने से मनोबल ऊंचा होता है। मां दुर्गा हम लोगों को शक्ति दें, ताकि और अच्छे ढंग से मरीजों की सेवा कर सकें। वहीं डॉ अनुज ने कहा कि शहर के सभी इलाके में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है, लेकिन चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की यह परंपरा तारीफ के काबिल है।

## सर्वधर्म सदभावना के साथ संपन्न हो दुर्गा पूजा, छोटे-छोटे विवादों में नहीं पड़ें: डीसी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** जिले के डीसी राहुल कुमार के द्वारा सर्वधर्म सदभावना के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो इसको लेकर शांति समिति की बैठक की गई।जिसमे शांति समिति के सारे सदस्य और सभी सम्बंधित लोग शामिल हुए।इस मौके पर डीसी ने कहा कि सर्वधर्म सदभावना के साथ दुर्गा पूजा सम्पन्न हो, इसमें सभी धर्मो की सहभागिता जरुरी है। सभी धर्म के लोग एकजुटता का परिचय दे। ताकि सभी के सहयोग और सदभावना और भाईचारे के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो।

साथ ही शांति समिति के सदस्यों से कहा कि छोटे-छोटे विवादों में कोई नहीं पड़े। छोटे विवाद होने पर इसे तुरंत समाप्त करने में अपनी सहभागिता निभाये। किसी प्रकार का विवाद होने पर जिला प्रशासन को तुरंत इसकी सूचना दे। ताकि कानून का पालन कराया जा सकें।इस बैठक में विशेष रूप से कहा गया कि हमेशा जिला में बड़े आयोजनों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जान बुझ कर सोशल मिडिया में ऐसी खबरें प्रसारित की जाती है।जिससे शहर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में डीसी ने अपील करते हुए कहा कि सोशल मिडिया का प्रयोग सावधानी से करें। कोई भी संदेश जिससे तनाव उत्पन्न हो।ऐसी खबरें सोशल मिडिया में प्रसारित नही करें। ऐसा करने वालों पर जिला प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगा। जिला प्रशासन 24 घंटे ऐसी घटना पर नजर बनाए हुए है। साथ ही उन्होंने सभी से साफ सफाई पर अपनी सहभागिता निभाने की बात कही।वहीं शांति समिति की बैठक में आए सभी शांति समिति के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि माँ दुर्गा पूजा आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ सम्पन्न होगा। इसके लिए हमेशा तैयार है।

